* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

03 सितंबर, 2023
भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, चतुर्थी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
रविवार, वर्ष 08, अंक 314

प्राण प्रतिष्ठा के बाद रामलला के दर्शन का अभियान चलायेगा ट्रस्ट








## इसरो ने 125 दिन के सफर पर रवाना किया यान को

# 'सूर्य नमस्कार' के लिए निकला आदित्य एल-1

- पृथ्वी की कक्षा में पहुंचा, 16 दिन लगायेगा चक्कर
- 15 लाख किमी यात्रा कर 'एल-1' के पास होगा स्थापित

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेंगलुरु।** चंद्रयान-3 की चांद के दक्षिणी ध्रुव पर कामयाब लैंडिंग के 10वें दिन भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शनिवार को आदित्य एल-1 मिशन लांच कर दिया। आदित्य सूर्य की स्टडी करेगा। इसे सुबह 11.50 बजे पीएसएलवी-सी 57 के छह वर्जन रॉकेट के जरिये श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर से लांच किया गया। इसरो के अनुसार आदित्य एल-1 सूर्य का अध्ययन करने वाली पहली अंतरिक्ष-आधारित वेधशाला है। अंतरिक्ष यान 125 दिन में पृथ्वी से लगभग 15 लाख किलोमीटर की यात्रा करने के बाद लैग्रेंजियन बिंदु 'एल-1' के आसपास एक प्रभामंडल कक्षा में स्थापित होगा। यह वहीं से सूर्य पर होने वाली विभिन्न घटनाओं का अध्ययन करेगा।

**आज पहली ऑर्बिट रेजिंग :** प्राप्त जानकारी के अनुसार आदित्य एल-1 पृथ्वी की कक्षा में पहुंच गया है। पहली ऑर्बिट रेजिंग 3 सितंबर को सुबह 11:45 बजे की जायेगी। यह 16 दिनों तक पृथ्वी की परिक्रमा करेगा। इन 16 दिनों में आदित्य सूर्य की ओर बढ़ने के लिए पांच चरणों में तेजी लायेगा। उसके बाद यह 110 दिनों तक सूर्य की ओर यात्रा करेगा और एक निश्चित दूरी पर खड़े होकर तारे का निरीक्षण करेगा। इस लैग्रेंज बिंदु पर, सूर्य और पृथ्वी के आकर्षण और प्रतिकर्षण बल एक साथ परस्पर क्रिया करते हैं। परिणामस्वरूप, कृत्रिम उपग्रह इस क्षेत्र में पहुंचने के बाद स्थिर रह सकते हैं। आदित्य एल-1 अंतरिक्ष के वातावरण, मौसम, उस पर सूर्य के प्रभाव को जानने का प्रयास करेगा।

**क्या करेगा आदित्य एल-1 :** आदित्य एल-1 वाहन कुल सात पेलोड ले गया है। इन्हें सूर्य की विभिन्न परतों का विस्तार से निरीक्षण करने के लिए डिजाइन किया गया है। ये पेलोड प्रकाशमंडल से लेकर क्रोमोस्फीयर या कोरोना, जिसे सूर्य की सबसे बाहरी परत कहा जाता है, का निरीक्षण करेंगे। इसके अलावा इससे वैज्ञानिकों को सौर तापन, सौर का उत्सर्जन, सौर तूफान जैसी हेलियोसेंट्रिक घटनाओं को समझने में भी मदद मिलेगी। लैग्रेंज बिंदु पर पहुंचने के बाद वीइएलसी पेलोड प्रति दिन 1440 छवियां भेजेगा। इसलिए इस पेलोड को आदित्य एल-1 के सबसे महत्वपूर्ण पेलोड में से एक माना जाता है।



### चंद्रयान-3 अब सोने की तैयारी में

**बेंगलुरु।** चंद्रयान-3 के रोवर प्रज्ञान ने शिवशक्ति लैंडिंग पॉइंट से 100 मीटर की दूरी तय कर ली है। इसरो ने शनिवार को लैंडर विक्रम और रोवर प्रज्ञान के बीच की दूरी का ग्राफ शेयर किया है। इसमें दिखाया गया है कि प्रज्ञान पहले लैंडर से पश्चिम की तरफ जा रहा था। बाद में इसने दिशा बदलकर उत्तर की तरफ चलना शुरू किया। विक्रम लैंडर 23 अगस्त को चंद्रमा पर उतरा था। रोवर को यह दूरी तय करने में 10 दिन लगे। इसरो चीफ एस सोमनाथ ने शनिवार को प्रेस कांफ्रेंस के दौरान बताया कि लूनर नाइट्स नजदीक हैं। इसलिए इसरो चंद्रयान-3 को स्लीप मोड में लाने की तैयारी कर रहा है। चंद्रयान-3 मिशन 14 दिनों का है। 2 सितंबर को इसका 11वां दिन था। दरअसल, चंद्रमा पर 14 दिन तक रात और 14 दिन तक उजाला रहता है। चंद्रमा पर सूरज की रोशनी कम होने के कारण विक्रम लैंडर और प्रज्ञान रोवर दोनों को स्लीप मोड में डालने की तैयारी कर रहा है, यानी चांद पर मौजूद चंद्रयान-3 मिशन के दोनों हिस्से चैन की नींद सोने को तैयार हैं।



अभूतपूर्व!
चंद्रयान-2 मिशन की सफलता के बाद आज इसरो के हमारे महान वैज्ञानिकों ने सूर्य का अध्ययन करने के लिए आदित्य-छ1 की सफल लॉन्चिंग की है।
इस अवसर पर देश सहित इसरो के समस्त वैज्ञानिकों और उनके परिवारों को अनेक-अनेक बधाई, शुभकामनाएं और जोहार
- हेमंत सोरेन, मुख्यमंत्री

# पेशकार पर जानलेवा हमला हाइकोर्ट ने लिया स्वत: संज्ञान

- सशरीर हाजिर हुए गृह सचिव-डीजीपी
- छुट्टी के दिन भी बैठी कोर्ट, 4 सितंबर को होगी अगली सुनवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** व्यवहार न्यायालय में पेशकार पर जानलेवा हमले का मामला अब झारखंड हाइकोर्ट पहुंच गया है। कोर्ट ने इस मामले का स्वतः संज्ञान लिया है। शुक्रवार की शाम जमशेदपुर के एडीजे-1 की अदालत के बगल में एक कर्मचारी काम कर रहा था। नशे में धुत शाहिल अंसारी ने चापड़ से उस पर जानलेवा हमला कर दिया। उसी मामले में शनिवार को हाइकोर्ट की छुट्टी रहने के बाद भी कोर्ट बैठा। विशेष सुनवाई हुई। मुख्य न्यायाधीश संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की। कोर्ट में राज्य के डीजीपी अजय कुमार सिंह और होम सेक्रेटरी अविनाश कुमार सशरीर हाजिर हुए।

**20 सिविल और चार सब डिविजनल कोर्ट में लगेगा सीसीटीवी :** शनिवार को हुई सुनवाई के दौरान डीजीपी ने कोर्ट को बताया कि हमलावर को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं सरकार ने बताया कि राज्य के 20 सिविल कोर्ट और चार सब डिविजनल कोर्ट में 3293 सीसीटीवी कैमरा लगाया जायेगा। सीसीटीवी कैमरा लगाने की पूरी प्रक्रिया इस वर्ष अक्टूबर माह के अंत तक पूरी हो जायेगी। अगली सुनवाई 4 सितंबर को निर्धारित की गयी। इस तारीख को जमशेदपुर के डीसी और एसएसपी को वर्चुअल मोड में कोर्ट में हाजिर होने को कहा गया है।

**शुक्रवार को चापड़ से हुआ जानलेवा हमला :** शुक्रवार को जमशेदपुर कोर्ट में एडीजे-1 की अदालत में घुस कर इजलास (जहां जज बैठते हैं) के बगल में काम कर रहे सहायक पेशकार राकेश कुमार पर एक युवक ने चापड़ से जानलेवा हमला किया। घटना शाम करीब छह बजे की है। हमलावर को भागने के क्रम में कर्मचारियों ने खदेड़ कर पकड़ा और पुलिस को सौंप दिया। घटना के तुरंत बाद रजिस्ट्रार भी पहुंच गये। घटना में शामिल साहिल अंसारी उर्फ साहिल बच्चा कदमा शास्त्रीनगर ब्लॉक नंबर-2 के हर-देव सिंह पथ का रहनेवाला है। पुलिस ने उससे पूछताछ की।

**आरोपी ने सुनायी दो कहानी :** पहली कहानी :पूछताछ के दौरान आरोपी साहिल अंसारी उर्फ साहिल बच्चा ने दो कहानी बतायी। पहली कहानी यह है कि घरवालों से तंग आकर जेल जाने के लिए उसने हमला किया है। घटना के समय आरोपी नशे में धुत था। उसने पहले कहा कि कुछ दिन पहले ही नशामुक्ति केंद्र से लौटा हूं। घरवालों से परेशान था। इसलिए जेल जाने के लिए हमले की योजना बनायी। साकची बाजार से 225 रुपये में चापड़ खरीदा। दौड़ते हुए गेट नंबर एक से सीधा कोर्ट रूम पहुंचा। वहां एक कर्मचारी मिला, जिस पर हमला कर दिया। दूसरी कहानीः दूसरी कहानी में उसने बताया कि साबिर ने हमला करने के लिए 300 रुपये दिये थे। पुलिस ने साबिर को पकड़ा, तो उसने बताया कि गुरुवार शाम उसके साथ मारपीट हुई थी। उसे फंसाने के लिए उसका नाम ले रहा है। फिलहाल पुलिस साबिर से भी पूछताछ कर रही है।

**एसएसपी ने क्या बताया :** एसएसपी प्रभात कुमार ने बताया कि कोर्ट रूम में घुस कर पेशकार पर जानलेवा हमला किया गया है। उसके पास से चापड़ बरामद किया गया है। सुरक्षा में कहां चूक हुई है, इसे भी देखा जा रहा है।

**पहले भी हो चुके हैं हमले :** जमशेदपुर कोर्ट परिसर में पहले भी हमला हुआ है। 30 नवंबर 2016 को कोर्ट परिसर स्थित बार भवन में अपराधियों ने कारोबारी और जेएमएम नेता उपेंद्र सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी थी। इसके बाद गैंगस्टर अखिलेश सिंह पर परमजीत सिंह ग्रुप के छब्बू और उसके साथी ने गोली चलाने का प्रयास किया था। पिछले दिनों शातिर बदमाश कन्हैया सिंह का भतीजा अंशु चौहान ने पिस्तौल लेकर कोर्ट परिसर में घुसने का प्रयास किया था। इसके अतिरिक्त सिदगोड़ा के नवीन सिंह पर कोर्ट के गेट नंबर तीन पर बदमाशों ने गोली चलायी थी।

### पलामू में बाल-बाल बचे हाइकोर्ट के जज, ट्रक ने कार को साइड से रगड़ा

**सतबरवा (पलामू)।** रांची-डालटनगंज मुख्य मार्ग एनएच 75 पर सतबरवा जेआरजीबी बैंक के समीप शनिवार पूर्वाह्न करीब 11.30 बजे हाइकोर्ट के जज को लेकर जा रही इनोवा कार को एक अनियंत्रित ट्रक ने रगड़ दिया। हालांकि, हाइकोर्ट के न्यायाधीश दुर्घटना में बाल-बाल बच गये। घटना उस समय घटी, जब सड़क पर वाहनों का आवागमन ज्यादा था। इसी दौरान गढ़वा से डालटनगंज होते रांची की ओर जा रहे न्यायाधीश की गाड़ी को सामने से आ रहे ओड़िशा के निबंधित ट्रक (ओडी 14 जी 0195) ने साइड लेने के दौरान इनोवा कार की बॉडी को रगड़ डाला। कार की बॉडी का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद न्यायाधीश ने मोबाइल से इसकी सूचना पलामू एसपी को दी। जज के एस्कॉर्ट वाहन ने ट्रक को कब्जे में लेने की पुष्टि करते हुए बताया कि थाना में पूछताछ की जा रही है।

## न्यूज रील्स

### जेट एयरवेज फाउंडर नरेश गोयल को इडी ने हिरासत में लिया

**नयी दिल्ली।** मनी लांड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने शनिवार को जेट एयरवेज के फाउंडर नरेश गोयल को मुंबई के पीएमएलए कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने गोयल को 11 सितंबर तक इडी की हिरासत में भेज दिया है। अब इडी उनसे पूछताछ करेगी। उन पर 538 करोड़ रुपये के बैंक घोटाले का आरोप है। इडी ने उन्हें शुक्रवार को पूछताछ के लिए मुंबई ऑफिस बुलाया था। बाद में देर रात गिरफ्तार कर लिया था।

### 2 अक्टूबर से देशभर में होगा बड़ा कार्यक्रम : नीतीश

**पटना।** आइएनडीआइए गठबंधन की तीसरी बैठक के बाद बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बड़ी घोषणा की है। उन्होंने कहा कि 2 अक्टूबर से देशभर में राष्ट्रीय स्तर पर कार्यक्रम की शुरुआत होगी। हालांकि इस कार्यक्रम की क्या तैयारी है? कहां से इसकी शुरुआत होगी। इसे लेकर अभी कोई जानकारी नहीं दी। नीतीश ने कहा कि गठबंधन जैसे-जैसे मजबूत हो रहा। भाजपा घबराहट में है।

### अमित शाह ने छत्तीसगढ़ सरकार के खिलाफ आरोप पत्र जारी किया

**रायपुर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ की भूपेश बघेल सरकार के खिलाफ रायपुर में शनिवार को आरोप पत्र जारी किया। भाजपा के इस आरोप पत्र में 50 से अधिक बिंदुओं को शामिल किया गया है। इसमें सरकार के खिलाफ भ्रष्टाचार और वादा खिलाफी का आरोप लगाया गया है। केंद्रीय गृह मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि पांच साल में भूपेश बघेल ने घपले, घोटाले, अत्याचार और लूटने-खसोटने का काम किया है। बघेल ने गांधी परिवार का एटीएम बनने का काम किया है। शाह ने 21 सौ करोड़ के शराब घोटाले को केवल टिप बताया है।

### भाजपा जहां-जहां नफरत फैलायेगी, हम वहां मोहब्बत का पैगाम देंगे: राहुल गांधी

**रायपुर।** राहुल गांधी आज छत्तीसगढ़ दौरे पर हैं। राहुल गांधी ने नवा रायपुर में 'राजीव युवा मितान सम्मेलन' को संबोधित करते हुए कहा कि आदिवासी मतलब हिंदुस्तान के मालिक हैं। जल, जंगल जमीन पर उनका हक है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार चाहती है कि आप आगे न बढ़ें। हम चाहते हैं कि जल, जंगल, जमीन सब आपको मिले। मणिपुर समेत जहां भी भाजपा नफरत फैलाएगी, हम वहां मोहब्बत का पैगाम देंगे। हम किसान, मजदूरों के लिए काम करते हैं, वो दो चार उद्योगपतियों के लिए काम करते हैं।

# आदित्य एल-1 की लांचिंग में बोकारो के वैज्ञानिक शामिल

- नरेश कुमार के घर में खुशी का माहौल

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** इसरो ने सूर्य मिशन आदित्य एल-1 लांच कर दिया है। इस मिशन में बोकारो के वैज्ञानिक नरेश कुमार भी शामिल हैं। फिलहाल वह इसरो में कार्यरत हैं। आदित्य एल-1 लांचिंग के साथ ही वैज्ञानिक नरेश के बारू गांव स्थित घर पर खुशियों का माहौल है। बीएसएल-सेल के स्कूल से शिक्षक के पद से रिटायर पिता कृष्ण मुरारी महतो ने गांव में लड्डू बांट कर खुशियां मनायी, तो मां सोनिया देवी ने बोकारो के सेक्टर-2 सी स्थित आवास में उपग्रह की आरती उतारी।

**गांव आने पर होगा स्वागत :** गांव के लोग नरेश के माता और पिता को बधाई दे रहे हैं। सभी नरेश की इस उपलब्धि पर गर्व महसूस कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि नरेश के गांव वापस आने पर स्वागत किया जायेगा, जिसके लिए अभी से तैयारी की जा रही है।

**13 साल से कार्यरत हैं नरेश :** नरेश के पिता कृष्ण मुरारी महतो ने बताया कि पहले चंद्रयान-3 प्रोजेक्ट और अब आदित्य एल-1 के बाद हर तरफ से बधाइयों का तांता लगा हुआ है। नरेश कुमार इसरो के प्रमुख केंद्र विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र के गुणवत्ता आश्वासन विभाग में 13 वर्ष से कार्यरत हैं। वह रॉकेट के यांत्रिक उप-प्रणालियों के समायोजन और परीक्षण के लिए उत्तरदायी हैं। आंध्रप्रदेश के श्रीहरिकोटा में स्थित सतीश धवन अंतरीक्ष केंद्र के प्रमोचन स्थल पर रॉकेट के विभिन्न भागों का एकीकरण कर-के उन्हें प्रमोचन के लिए तैयार करने में उनकी अहम भूमिका है।

**आइआइटी, खड़गपुर से किया है एमटेक :** नरेश कुमार ने बोकारो इस्पात विद्यालय 2 ए से दसवीं और बीआइएसएसएस 3 से 12वीं की परीक्षा पास की। साल 2007 में नरेश ने 'औद्योगिक अभियांत्रिक एवं प्रबंधन' शाखा में टॉपर रहते हुए जेएसएसएटीई, बेंगलुरू से बीई की पढ़ाई पूरी की। इसके बाद महिंद्रा एंड महिंद्रा (ट्रैक्टर विभाग) में नौकरी कर ली। इसके बाद टाटा मोटर्स, पुणे में अपना योगदान दिया और फिर साल 2009 में इसरो में काम करने का मौका मिला। इसरो में काम करने के दौरान ही नरेश ने आइआइटी, खड़गपुर से एयरोस्पेस इंजीनियरिंग में एमटेक किया। नरेश कुमार अब तक 40 पीएसएलवी, 9 जीएसएलवी, 9 एलवीएम-3, 2 एसएसएलवी समेत कई अन्य रॉकेट निर्माण के कार्य में शामिल रहे हैं, जिनका उपयोग चंद्रयान-2, मंगलयान, वन-वेब सहित कई अन्य उपग्रहों को उनकी कक्षा तक पहुंचाने के लिए किया गया। इसके साथ-साथ गगन यान के मानव रहित कर्मीदल मॉड्यूल के परीक्षण और इसका प्रक्षेपण करने वाले रॉकेट (परीक्षण यान डी-1) के कार्यों में शामिल रहे। नरेश की उपलब्धि से बोकारो और उसके गांव बारू में हर्ष का माहौल है।



पिता कृष्ण मुरारी महतो ने गांव में लड्डू बांटा, मां सोनिया ने उपग्रह की आरती उतारी।

# बाइडेन-मोदी 8 को करेंगे द्विपक्षीय बैठक

- जी-20 समिट से पहले रूस-यूक्रेन जंग के असर और गरीबी जैसे मुद्दों पर चर्चा होगी

एजेंसी/आजाद सिपाही संवाददाता

**वॉशिंगटन/नयी दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन 7 सितंबर को भारत के दौरे पर आ रहे हैं। वह 9-10 सितंबर को दिल्ली में होने वाली जी-20 समिट में शामिल होंगे। इससे ठीक एक दिन पहले 8 सितंबर को बाइडेन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ द्विपक्षीय बातचीत करेंगे। शनिवार को व्हाइट हाउस ने यह जानकारी दी। व्हाइट हाउस ने बताया कि दोनों नेताओं के बीच रूस-यूक्रेन जंग पर बातचीत होगी। इस दौरान इकोनॉमिक और सोशल लेवल पर जंग के असर को कम करने पर चर्चा होगी। इसके अलावा दोनों नेता गरीबी से लड़ने के लिए वर्ल्ड बैंक सहित दूसरे मल्टीलेटरल डेवलपमेंट बैंक की क्षमता बढ़ाने और दूसरे कई ग्लोबल चैलेंज पर भी बात करेंगे। बाइडेन के अलावा इस समिट में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों, ऑस्ट्रेलिया के पीएम एंथनी अल्बनीज, जापान के पीएम किशिदा सहित कई बड़े नेता मौजूद रहेंगे। रूस के राष्ट्रपति पुतिन पहले ही समिट में शामिल नहीं होने की बात कह चुके हैं। उन्होंने पीएम मोदी को फोन करके इसकी जानकारी दी थी। उनकी जगह पर रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव शिखर सम्मेलन में मौजूद रहेंगे। दूसरी तरफ समिट में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के शामिल होने पर भी संदेह बना हुआ है।



**नरेंद्र मोदी 6 सितंबर को जायेंगे जकार्ता :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 6 सितंबर को जकार्ता जायेंगे। प्रधानमंत्री वहां 20वीं आसियान-इंडिया समिट और 18वीं इस्ट एशिया समिट में शामिल होंगे। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। वह इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडोडो के बुलावे पर जकार्ता जा रहे हैं।




आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
No. 1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



## आइएनडीआइए की बैठक : नेता के नाम पर विचार हुआ न संयोजक के बारे में फैसला

# समन्वय समिति तो बनायी, पर पहली पंक्ति के नेता रहे अलग

## ■ जातीय जनगणना और महिला आरक्षण पर उजागर हो गयी दरार

## ■ अडाणी के मुद्दे पर भी राहुल और ममता के बीच पैदा हुई तनातनी

भाजपा को सत्ता से हटाने के लिए विपक्षी दलों द्वारा एकजुट होकर बनाये गये आइएनडीआइए के नेताओं की बहुप्रचारित बैठक मुंबई में खत्म हो गयी। दो दिनों तक चले इस महामंथन के नतीजों को यदि एक वाक्य में समेटा जाये, तो कहा जा सकता है कि खाया-पिया कुछ नहीं, गिलास तोड़ा बारह आने। यानी एक समन्वय समिति बनाने के अलावा नेताओं के बीच किसी अन्य मुद्दे पर सहमति नहीं बन पायी। समन्वय समिति भी ऐसी बनी है, जिसमें पहली पंक्ति के नेताओं में केवल झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन शामिल हैं, जो अपने स्तर से फैसले ले सकते हैं। इसमें न नीतीश हैं, न लालू, न ममता हैं और न केजरीवाल। मल्लिकार्जुन खड़गे और शरद पवार जरूर इसमें हैं, लेकिन ये दोनों भी अपने दम पर कोई फैसला नहीं ले सकते। ऐसे में आसानी से समझा जा सकता है कि जूनियर नेता गठबंधन के घटक दलों के बीच कितना और कैसा समन्वय

**आजाद सिपाही विशेष**

स्थापित कर सकेंगे। मुंबई की बैठक में विवादास्पद मुद्दों, मसलन जातिगत जनगणना और महिला आरक्षण पर भी कोई चर्चा नहीं हुई और न ही नेता या संयोजक के नाम पर विचार किया गया। एक नारा जरूर दिया गया, लेकिन लोगो का मसला भी कहीं पीछे छूट गया। कांग्रेस जिस अडाणी मुद्दे को भाजपा के खिलाफ तुरुप का पत्ता मान रही है, उस पर तो राहुल गांधी और ममता बनर्जी के बीच दरार तक सामने आ गयी। सीपीएम को शामिल करने से भी ममता नाराज हो गयीं, इसलिए ममता बनर्जी न प्रेस कांफ्रेंस में आयीं और न ही गठबंधन की दूसरी समितियों में शामिल होने के लिए अपनी पार्टी के प्रतिनिधियों का नाम ही दिया है। मुंबई में दो दिनों तक चले महामंथन का कुल नतीजा यही रहा और इसके बल पर विपक्ष अभी से ही 2024 के लिए सुनहरे सपने देख रहा है। क्या हुआ मुंबई में और उसके सियासी मतलब क्या हैं, बता रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

देश की वाणिज्यिक राजधानी मुंबई में दो दिनों तक चली विपक्षी दलों के गठबंधन, यानी आइएनडीआइए की बैठक जिस धूम-धड़ाके से शुरू हुई, उतने ही गुपचुप तरीके से संपन्न हो गयी। 'हम एक हैं' और 'जुड़ेगा भारत जीतेगा इंडिया' के नारों के बीच पांच सितारी ग्रैंड हयात होटल में दो दिनों का महामंथन एक समन्वय समिति बना कर खत्म हो गया। 28 दलों के कुनबे की यह समन्वय समिति ऐसी है, जिसमें केवल झारखंड के सीएम मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को छोड़ कर दूसरा कोई ऐसा नेता नहीं है, जो स्वतंत्र रूप से अपनी पार्टी की तरफ से फैसला ले सके। आइएनडीआइए का ताना-बाना बुननेवाले तमाम बड़े नेता मसलन नीतीश कुमार, अरविंद केजरीवाल, लालूप्रसाद, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, ममता बनर्जी ने अपना नाम तक समन्वय समिति में नहीं शामिल कराया। इन नेताओं ने अपने दल के दूसरी कतार के नेताओं के नाम लिखवा दिये। बैठक में जिन मुद्दों पर फैसला होने के कयास लगाये जा रहे थे, उन पर सहमति नहीं बनी। इसके अलावा गठबंधन में शामिल दलों के बीच सबसे महत्वपूर्ण सीटों के बंटवारों को लेकर भी कोई सहमति नहीं बनी। इस बैठक से सबसे बड़ा संदेश यह निकला कि विपक्षी गठबंध प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन के खिलाफ किसी चेहरे पर दांव लगाने की बजाय मुद्दों को आगे करके जनता के बीच जायेगा। लेकिन ये मुद्दे क्या होंगे, इस पर कोई बात नहीं हुई।

### कई मुद्दों पर सहमति अभी बाकी है

गठबंधन की बैठक विपक्ष के लिए 'करो या मरो' जैसी बतायी जा रही थी। कुल मिला कर दो दिनों की मीटिंग में आगे का रोडमैप बताने की जरूर कोशिश हुई। गठबंधन की ओर से अच्छी शुरुआत का दावा किया गया।




कई फैसलों का हवाला देकर बताया गया कि गठबंधन सही दिशा में बढ़ रहा है, लेकिन अभी भी कुछ सवाल बाकी हैं। मसलन, गठबंधन के लिए संयोजक का चुनाव भी होना था। बिहार के सीएम नीतीश कुमार इस पद के लिए सबसे आगे बताये जा रहे थे। लेकिन इस पद पर नियुक्ति का एलान नहीं हुआ। वहीं मुद्दों को लेकर संकेत गया कि सहमति बाकी है। ज्यादातर दल जातिगत जनगणना को भी मुद्दों में शामिल करना चाहते थे, लेकिन आम सहमति नहीं बनी। अडाणी के मुद्दे पर विपक्ष में एक राय नहीं है कि इसे चुनावी मुद्दा बनाया जाये। कई दल रोजगार-महंगाई पर ही अपना पूरा फोकस रखना चाहते हैं। अडाणी के मुद्दे पर राहुल गांधी और ममता बनर्जी के बीच दरार भी सामने आयी। गठबंधन में सीपीएम की भूमिका को लेकर भी ममता बनर्जी चिढ़ी हुई हैं। इसी कारण से बाद में ममता बनर्जी प्रेस कांफ्रेंस से अलग रहीं। बैठक में राहुल गांधी ने गौतम अडाणी का मुद्दा उठाया। उन्होंने अडाणी का नाम लेकर केंद्र सरकार पर हमला बोलने की कोशिश की, लेकिन इससे ममता बनर्जी खफा हो गयीं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने अडाणी का मुद्दा उठाने से पहले किसी भी साथी दल को भरोसे में नहीं लिया। ममता बनर्जी ने कहा कि साथी दलों से चर्चा किये बिना और उनकी सहमति के बगैर ही राहुल गांधी ने गौतम अडाणी का मुद्दा उठा दिया। इतना ही नहीं, ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल में कांग्रेस और वामदलों के गठबंधन के मुद्दे पर भी अपना मतभेद जाहिर किया।

### हेमंत को छोड़ कर पहली पंक्ति के अधिकांश नेताओं के नाम नहीं

14 सदस्यीय समन्वय समिति में हेमंत सोरेन, खड़गे और पवार को छोड़ कर कोई भी पहली पंक्ति का नेता नहीं है। इसमें न नीतीश हैं, न लालू, न ममता हैं और न केजरीवाल। नीतीश ने ललन सिंह को, तो लालू ने तेजस्वी को इसमें रखा है, जबकि ममता ने अभिषेक बनर्जी को और केजरीवाल ने राघव चड्ढा को। कांग्रेस की तरफ से पार्टी अध्यक्ष हैं, लेकिन सोनिया-राहुल-प्रियंका का समिति में शामिल नहीं होना सवाल खड़ा करता है। ऐसे में स्वाभाविक सवाल यह उठता है कि आखिर गठबंधन के बीच समन्वय स्थापित करने के लिए पहली पंक्ति के नेता अलग क्यों हैं। इसका सियासी संदेश यही निकलता है कि इन नेताओं को अब भी अपनी एकजुटता पर भरोसा नहीं है। इसलिए उन्होंने जनता को दिखाने के लिए एक समिति बना दी है। ऐसे में सवाल तो उठता ही है कि क्या ललन सिंह या तेजस्वी या अभिषेक और राघव चड्ढा अपने-अपने नेताओं के बिना एक कदम भी बढ़ा सकते हैं। यदि वे ऐसा नहीं कर सकते, तो फिर रिमोट से संचालित समिति से 28 दलों के बीच समन्वय कैसे और कितना हो सकेगा।

### संयोजक और नेता के नाम पर चर्चा तक नहीं

केवल समन्वय समिति की बात होती, तो कहा जा सकता था कि अब संयोजक मंडल बनेगा और उसमें सभी पार्टियों के शीर्ष नेता शामिल होंगे। लेकिन मुंबई की बैठक में ऐसा कुछ नहीं हुआ। विपक्षी दलों के नेता न संयोजक के नाम पर एकमत हो सके और न ही नेता के नाम पर। 31 अगस्त को रात्रिभोज के दौरान इस मुद्दे पर अनौपचारिक चर्चा हुई, लेकिन बाद में इसे भुला दिया गया। बैठक के बाद कहा गया कि यह फैसला बाद में लिया जायेगा। इसकी असली वजह यह है कि किसी विवाद से बचने के लिए संयोजक पद पर नेताओं ने ज्यादा जोर नहीं दिया। कहा यह भी जा रहा है कि हो सकता है कि गठबंधन में संयोजक का पद ही न रखा जाये। उद्धव ठाकरे ने इसका संकेत भी दे दिया है। उन्होंने कहा है कि विपक्षी गठबंधन में संयोजक की कोई जरूरत नहीं है।

---

# डुमरी में झामुमो का चैप्टर क्लोज, आगे 2024 के चुनावों में हार के लिए तैयार रहे : सुदेश

**आजसू कार्यकर्ताओं और समर्थकों का निकला जनसैलाब**

**70 पंचायतों में जनसभाएं कीं, कहा-वोट में पंचों की ही चलेगी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**डुमरी।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष और राज्य के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो ने कहा है कि एनडीए उम्मीदवार यशोदा देवी के समर्थन में अपार जनसमर्थन ने झामुमो की हार सुनिश्चित कर दी है। आगे 2024 के चुनावों में हार के लिए झामुमो और उसकी सरकार तैयार रहे। सुदेश कुमार महतो की अगुवाई में शनिवार को निकाली गयी पदयात्रा में कार्यकर्ताओं और समर्थकों की भीड़ उमड़ी। सीमराडीह मोड़ से शुरू हुई यह पदयात्रा डुमरी, जामताड़ा, होते हुए इसरी बाजार रेलवे गेट पर संपन्न हुई। पांच किमी की इस पदयात्रा में इसमें बड़ी तादाद में महिलाएं भी शामिल हुईं। बारिश भी उन्हें डिगा नहीं सकी। इस दौरान सुदेश महतो ने उत्साह से लबरेज कार्यकर्ताओं और समर्थकों से कहा कि यह अपार जनसमर्थन डुमरी में होनेवाले परिवर्तन का परिचायक है। डुमरी को विकास के पथ पर ले जाने के लिए यहां की जनता पदयात्रा में शामिल हुई है। यह उन लोगों का समर्थन, स्नेह और प्यार है, जिन्होंने पिछले 19 सालों से डुमरी में भय, भ्रम और भ्रष्टाचार को देखा और सहा है और अब बदलाव के लिए लालायित हैं। उन्होंने कहा कि सड़कों पर उतरा यह जनसैलाब ठग, झूठ और फरेब के सहारे चल रही राज्य सरकार के खिलाफ आक्रोश की गवाही दे रहा है। उन्होंने सरकार के मंत्रियों और सत्तारूढ़ दलों के नेताओं को चुनौती देते हुए कहा कि 8 तारीख को एनडीए उम्मीदवार यशोदा देवी की जीत के साथ पूरे राज्य में बदलाव की लहर चलेगी, जो सत्ता को जड़ से उखाड़ फेंकेगी।



### बूथ और वोट की पहरेदारी करें कार्यकर्ता

उन्होंने कहा कि पूरे प्रचार के दौरान एनडीए कार्यकर्ताओं को डराकर-धमका कर जनता का समर्थन हासिल करने की तमाम कोशिशें विफल होने के बाद अब झामुमो वाले वोट खरीदने का आखिरी दांव चलेंगे। एक- एक गांव, बूथ की मजबूती से पहरेदारी करनी है। आम जनता को उन्होंने पहले ही मंत्र दिया है चुपचाप केला छाप, कोई वोट छूटे नहीं और किसी का वोट लुटे नहीं। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह चुनाव उस सरकार के खिलाफ है, जिन्होंने जनता का विश्वास तो लिया, लेकिन जनता की सेवा कभी नहीं की। 19 साल तक डुमरी में राज करनेवालों ने इस क्षेत्र के विकास के बारे में कभी नहीं सोचा।

### 70 पंचायतों में जनसभाएं की

पार्टी अध्यक्ष सुदेश महतो ने कहा कि डुमरी विधानसभा क्षेत्र की 70 पंचायतों का उन्होंने दौरा कर सभाएं की हैं। जनता से हमारा सीधा जुड़ाव सत्तारूढ़ दलों को खटकता रहा है, लेकिन यह जुड़ाव उन्हें भारी पड़ने जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमने प्रचार से पहले ही तय किया है कि यह चुनाव मंच से नहीं पंच के बीच से लड़ेंगे और उनकी समस्याओं से रूबरू होंगे। जाहिर है वोट में उन्हीं पंचों की ही चलेगी।

---

## मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव आज कांग्रेस भवन में जनता की समस्याओं को सुनेंगे



**रांची।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर और कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम की उपस्थिति में 21 अगस्त 2023 को मंत्रियों के साथ जनसुनवाई कार्यक्रम को लेकर बैठक हुई थी। बैठक में लिये गये निर्णयानुसार प्रदेश मुख्यालय, कांग्रेस भवन, रांची में झारखंड सरकार के वित्त एवं खाद्य आपूर्ति मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव 4 सितंबर को जन-सुनवाई करेंगे। इस बात की जानकारी देते हुए झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव सह प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने बताया कि 4 सितंबर को मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, वित्त एवं खाद्य आपूर्ति मामलों पर जनता की समस्याओं को सुनेंगे और उसका निराकरण करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने आम जनता से अपील की है कि 4 सितंबर को कांग्रेस भवन, रांची में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में एक आवेदन के साथ अवश्य शामिल हों।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

---

# हेमंत सरकार से राज्य को बड़ा नुकसान हो रहा: अर्जुन मुंडा

**राज्य सरकार निजी स्वार्थ में डूबी है, डुमरी उपचुनाव से प्रदेश का भविष्य जुड़ा है**

**मोदी सरकार ने दुनिया में भारत का गौरव बढ़ाया**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**डुमरी।** झारखंड सरकार के पूर्व मुख्यमंत्री और भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने शनिवार को डुमरी विधानसभा उपचुनाव में एनडीए प्रत्याशी यशोदा देवी के पक्ष में निमियाघाट, ठाकुर चक और रोशना टुंडा ठाकुरबाड़ी में पंचायत के लोगों के साथ जनसंपर्क किया। श्री मुंडा ने प्रचार अभियान में कई जगहों पर जनता को संबोधित किया। शाम को उन्होंने इसरी में एक प्रेसवार्ता को भी संबोधित किया।

श्री मुंडा में कहा कि वर्तमान राज्य सरकार से जनता को सतर्क और सावधान रहते हुए उपचुनाव में निर्णय लेने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि यह उपचुनाव एक विधानसभा को प्रभावित नहीं करेगा, बल्कि देश और प्रदेश की दिशा और दशा तय करेगा। इसलिए डुमरी से एक नया संदेश देने की जरूरत है। इसके लिए जनता तैयार दिख रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में अपराध पर नियंत्रण नहीं, रोज भ्रष्टाचार के नये-नये मामले उजागर हो रहे। ऐसे में राज्य का भविष्य अंधकारमय में दिख रहा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने ऐसा कोई काम नहीं किया, जो राज्यहित में हो। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार झारखंड के लिए हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने को तैयार है, लेकिन राज्य सरकार अवसर का लाभ लेने में विफल साबित हुई। उन्होंने कहा कि प्रगति के लिए दूरगामी ठोस नीति बनाने और लागू करने की जरूरत है, लेकिन राज्य सरकार ने ऐसी कोई पहल नहीं की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार निजी स्वार्थ में डूबी है। जन भावनाओं के अनुरूप काम नहीं कर रही है। अलग राज्य के सपनों को चूर कर दिया है। यह सरकार केंद्रीय योजनाओं को लागू करने में विफल साबित हुई है, जिसके परिणामस्वरूप लगातार झारखंड प्रगति के पथ पर पिछड़ रहा है। केंद्र सरकार की उपलब्धियों पर बोलते हुए श्री मुंडा ने कहा कि मोदी सरकार सबका साथ सबका विकास की सोच के साथ कार्य कर रही।

केंद्र की योजनाओं में युवा, महिला, आदिवासी, दलित, पिछड़ा, अगड़ा सभी वर्ग समाज की चिंता है। आगे बढ़ाने की सोच है, नीतियां हैं। उन्होंने कहा कि आज मोदी जी के कुशल नेतृत्व में भारत का गौरव विश्व में बढ़ा है। कहा कि भारत विश्व की महाशक्तियों, आर्थिक दृष्टि से मजबूत देशों से आज प्रतियोगिता कर रहा है। आज ब्रिटेन को पछाड़ कर भारत विश्व की 5वीं अर्थव्यवस्था का देश बन गया है। उन्होंने कहा कि आज भारत को दुनिया गंभीरता से ले रही है।

जी 20की अध्यक्षता करते हुए भारत ने दुनिया को नयी दिशा दी है। वैज्ञानिक प्रगति में दुनिया भारत का लोहा मान रही। कोविड का स्वदेशी टीका बनाना, चंद्रयान की सफलता, सूर्य यान का प्रक्षेपण विश्व को अचंभित कर रहा। दुनिया भविष्य के भारत की ओर आकर्षित हो रही है। उन्होंने कहा कि इनोवेशन, एजुकेशन, इंफ्रास्ट्रक्चर, सभी क्षेत्रों में भारत तेजी से प्रगति कर रहा। आज रोडवेज, हाइवेज, रेलवेज, एयरवेज, वाटरवेज के साथ भारत आधारभूत संरचना को खड़ा कर रहा है। आइएनडीआइए एलायंस पर श्री मुंडा में चुटकी लेते हुए कहा कि यह नाम ही उनकी कमजोरी को बताता है। जनता इनकी नीति और नीयत को जानती है। प्रचार अभियान में श्री मुंडा के साथ विधायक नवीन जयसवाल, बिरंची नारायण, लक्ष्मण सिंह, विनय शर्मा, सरोज सिंह आदि शामिल रहे।



### प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने डुमरी में की बैठक, कहा-बूथ जीतो, चुनाव जीतो

रांची। भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने भी डुमरी उपचुनाव में सांगठनिक व्यवस्था को मजबूत करने में ताकत झोंक दी है। शनिवार को उन्होंने सरसाखो मंडल के बेहरासुइया शक्ति केंद्र की बैठक की। उन्होंने बूथ समिति के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि मतदान का केंद्र बिंदु बूथ ही होता है। कहा कि हर कार्यकर्ता को अपने-अपने बूथों पर प्रत्याशी को जीत दिलाने के लिए संकल्पित होना है। कहा कि हम बूथ जीतो चुनाव जीतो के मंत्र को कभी नहीं भूलें। कहा कि चुनाव के दिन बूथ के कार्यकर्ताओं को अपने बूथ की चिंता करनी चाहिए। हम अपने बूथ पर शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने का संकल्प लें। बैठक में सिमरिया विधायक किशुन दास, प्रदेश प्रवक्ता सरोज सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुरेश साव भी उपस्थित थे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 33.2 °c | 24.6 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.07 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.32 बजे |



# जनता का दुख-दर्द बांटने के लिए ही मैं संकल्प यात्रा पर निकला हूं: बाबूलाल

## कहा: जनता कह रही है कि उससे गलती हुई है, वह उसे सुधारेगी

**डुमरी उपचुनाव एक तरफ झामुमो की प्रतिष्ठा तो दूसरी तरफ एनडीए के लिए संजीवनी का विषय। एक तरफ आइएनडीआइए का जोर, तो दूसरी तरफ यशोदा देवी के लिए आवाज बुलंद करता एनडीए। डुमरी की सड़कें झामुमो और आजसू के झंडों से पटी पड़ी हैं। दलों के बीच लड़ाई चरम पर है। पंचायत-पंचायत घूम रहे नेता। लुभा रहे नेता। इसी क्रम में मेरी नजर एक भीड़ पर पड़ी। बाबूलाल की आवाज दूर से ही जानी-पहचानी लग रही थी। मैं रुका। कड़ी धूप थी। देखा कि बाबूलाल मरांडी भाषण दे रहे हैं। चेहरे पर थकान साफ दिखाई पड़ रही थी। पता चला, वह सुबह से ही धूप में पसीना बहा रहे हैं। शनिवार की सुबह उनसे मधुबन के सिद्धायतन होटल में मुलाकात हो गयी। चल पड़ा बातचीत का सिलसिला। यहां प्रस्तुत है आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह के सवाल और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के जवाब**

### भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के साथ साक्षात्कार




**सवाल:** *प्रदेश अध्यक्ष बनते ही आप संकल्प यात्रा पर निकल गये, इसकी जरूररत क्यों पड़ी, इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य क्या है?*

**जवाब:** देखिए इसका मुख्य उद्देश्य स्पष्ट है। इसके माध्यम से कार्यकर्ताओं और जनता से सीधा संवाद करना। राज्य के जो मौजूदा हालात हैं, उससे लोगों को अवगत करना। आज झारखंड में अपराध चरम पर है। सत्ता की दबिश के कारण लोग डरे सहमे हैं, विरोध भी नहीं कर पा रहे हैं। मेरी यात्रा का लक्ष्य है ऐसे लोगों की आवाज बनना। उन्हें हिम्मत देना कि अपने अधिकार के लिए वे आगे आयें, अन्याय के खिलाफ अपना स्वर ऊंचा करें, भाजपा उनके साथ है।

**सवाल:** *कैसी-कैसी समस्याएं लेकर जनता आप तक पहुंच रही है?*

**जवाब:** देखिए समस्या बिल्कुल स्पष्ट है। कानून व्यवस्था बिगड़ी हुई है। अपराधी बेखौफ हैं। उन्हें किसी का डर नहीं है। आज झारखंड का व्यवसायी परेशान है। उनमें डर बैठ गया है। धनबाद में तो बड़े से लेकर छोटे व्यापारी तक अपराधियों से परेशान हैं। उन्हें व्हाट्सएप पर वीडियो मैसेज भेज कर धमकाया जा रहा है। उनसे रंगदारी मांगी जा रही है, नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी जा रही है। पुलिस व्यवस्था लचर है। पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी है। आलम यह है कि व्यपारी जब अपनी पीड़ा हमसे बताते हैं, तो डर से कहते हैं कि सर प्लीज इसे ट्वीट मत कर दीजिएगा। बस आप तक हम अपनी बात पहुंचाना चाहते हैं। क्योंकि हमारी सुननेवाला कोई नहीं है। मैं कोशिश करता हूं कि सीनियर अफसरों से बात करके उन्हें राहत दिलायें, लेकिन कोई परिणाम आता नहीं है। भ्रष्टाचार तो बिल्कुल नीचे तक पहुंच गया है। सीओ, बीडीओ, थाना या कोई भी सरकारी विभाग बिना पैसे के काम कहीं नहीं करते। यहां तक की मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिए भी पैसा मांगा जाता है। नहीं दीजिएगा तो दौड़ते रहिए। राशन कार्ड में अगर किसी का गलती से नाम छूट गया, तो नाम जुड़वाने के लिए उसमे भी पैसा दीजिए। गांव के लोग खुद आकर बता रहे हैं कि दो हजार तक ले लेता है। हमें देख कर लोगों को लग रहा है कि कोई तो आया हमारी समस्या सुनने।

**सवाल:** *जबसे झारखंड बना, राज्य भ्रष्टाचार का दंश झेल रहा है। अपने मुख्यमंत्रित्व काल के दौरान आपने कहा था कि मैं अपने आसपास भ्रष्टाचार देखता हूं तो रात में नींद नहीं आती है? आज तक इसका हल क्यों नहीं निकल पाया है?*

**जवाब:** देखिए, मेरे कार्यकाल पर आप नजर दौड़ायेंगे, तो पायेंगे कि उस समय भ्रष्टाचार बहुत हद तक कम हुआ था। हमने दो मोर्चे पर काम किया था। मेरा मानना है कि भ्रष्टाचार कम करना है, समाप्त करना है, तो सबसे पहले भ्रष्टाचारियों में डर पैदा होना चाहिए। इसका एक ही रास्ता है। ट्रांसफर पोस्टिंग में इमानदारी होनी चाहिए। दूसरा, विकास योजनाओं में कमीशन लेना बंद होना चाहिए। तीसरा, विजिलेंस को जितना हो सके, सक्रिय करना चाहिए। मैंने इन सभी मोर्चों पर काम किया था। लेकिन आज तो भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए सरकार ही आगे आ गयी है। भ्रष्ट अफसरों की फाइलों को दबा दिया जा रहा है। दलाल, बिचौलियों, भ्रष्ट अधिकारियों को बचाने के लिए बड़े-बड़े वकीलों पर करोड़ों खर्च किये जा रहे हैं, ऐसे में भ्रष्टाचार कैसे खत्म होगा। इन पैसों का जुगाड़ कहीं न कहीं से करना ही पड़ता है, उसमें पिसती है जनता। ऐसा नहीं है कि पहले भ्रष्टाचार नहीं था, लेकिन संज्ञान में आने के बाद उन्हें प्रोटेक्ट नहीं किया जाता था।

**सवाल:** *आप लगातार संकल्प यात्रा पर हैं। 2019 में जो विधानसभा चुनाव हुए थे, उसमे भाजपा 28 आदिवासी सीटों में से 26 पर हार गयी थी। इन सीटों पर वापसी के लिए आपकी योजना क्या है?*

**जवाब:** देखिए, हम विशेष रूप से उन क्षेत्रों को चिह्नित कर रहे हैं। वहां संगठन को मजबूत कर रहे हैं। जब भाजपा की सरकार थी, तब विपक्ष द्वारा गलत प्रचार किया गया कि भाजपा ट्राइबल की जमीन हड़प लेगी। बाहर के लोग आपको जमीन से बेदखल कर देंगे। उसके बाद वहां के लोगों का रुझान जेएमएम की तरफ बढ़ गया। लेकिन अब हेमंत सरकार के चार साल होने जा रहे हैं। लोगों को समझ में आ गया कि यह सरकार सिर्फ लफ्फाजी कर रही है। उन्हें समझ में आ गया है कि हेमंत सरकार उन्हें ठग रही है। वे समझ गये हैं कि अगर कोई उन्हें इस सरकार से बचा सकता है, तो वह भाजपा है। अब वहां के लोग कह रहे हैं कि हमसे गलती हो गयी है। हमारे लिए हेमंत सरकार कुछ भी नहीं कर सकती। दलाल-बिचौलिये सरकार में घुस गये हैं।

**सवाल:** *2005 से जगरनाथ महतो लगातार डुमरी से जीत रहे थे। अप्रैल 2023 में उनका निधन हो गया, आज यहां उपचुनाव हो रहा है। उनकी पत्नी बेबी देवी जेएमएम प्रत्याशी हैं और एनडीए से यशोदा देवी। किस आधार पर आप दावा कर रहे हैं कि एनडीए प्रत्याशी डुमरी उपचुनाव जीत सकती हैं?*

**जवाब:** देखिए, हेमंत सरकार के पौने चार साल हो चुके हैं। इस सरकार में अपराध बढ़ा है, भ्रष्टाचार बढ़ा है, दलाल और बिचोलिये बढ़े हैं और विकास का काम तो बिल्कुल ठप पड़ा है। यहां की जनता भी इस बात को महसूस कर रही है। उसे लगने लगा है कि अगर उन्होंने जेएमएम का साथ दिया, तो इससे अपराध और भ्रष्टाचार को ही बढ़ावा मिलेगा। आप देख सकते हैं कि डुमरी की जनता परिवर्तन का मन बना चुकी है। एनडीए प्रत्याशी यशोदा देवी के पक्ष में लोग सामने आ रहे हैं।

**सवाल:** *चंद्रयान-3 की सफलता, गैस सिलिंडर के दामों में कमी, विशेष सत्र बुलाना, एक देश एक चुनाव करवाने की तरफदारी, क्या आपको लगता है कि जल्द चुनाव होनेवाले हैं लोकसभा के?*

**जवाब:** देखिए, यह तो मैं नहीं बता सकता हूं। यह केंद्र और इलेक्शन कमिशन का विषय है। सबसे पहले मैं चंद्रयान-3 के बारे में आप जवाब दे दूं। भारत चांद पर पहुंच गया। यह इसरो के वैज्ञानिकों की बहुत बड़ी उपलब्धि है। यह हर भारतीय के लिए गर्व का विषय भी है। भारत की प्रतिष्ठा, मान-सम्मान, चंद्रयान-3 की सफलता के बाद बहुत बढ़ा है। खुद को इलीट वर्ग का माननेवाले भारत को पहले सपेरों का देश कहते थे। अंतरिक्ष मिशन को लेकर तरह-तरह के विदेशी अखबारों ने कार्टून भी बनाये थे। लेकिन जैसे ही भारत ने अपने मिशन चंद्रयान-3 को सफल बनाया, वैसे ही दुनिया भारत की दीवानी हो गयी। क्या यूएस ,क्या रूस सब आज भारत की तारीफ करने में लगे हैं। अब भारत सूर्य पर अध्ययन करने जा रहा है। जबसे नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बने हैं, तब से देश का कद, यहां के लोगों का मान-सम्मान दुनिया में बढ़ा है। आज विदेश में जितने भी भारतीय हैं, वे गर्व करते हैं कि वे भारत से हैं। वहां भी उनकी पूछ बढ़ी है।

जहां तक एक देश एक चुनाव की बात है। यह बहुत अच्छा प्रयास है। इससे समय की बचत होगी, पैसों की बचत होगी, लोगों को भी राहत मिलेगी, समय पर काम होगा। आप झारखंड को ही ले लीजिए। 2024 पूरा साल चुनावी वर्ष ही रहेगा। ऐसे में विकास का काम भी ठप पड़ जाता है। खर्चे भी होते हैं। मेरा मानना है कि एक देश एक चुनाव, चाहे वह पंचायत स्तर का चुनाव हो, विधानसभा हो, लोकसभा हो, अगर एक साथ होगा, आनद आयेगा। उस आनंद की अनुभूति वही कर सकते हैं जो देश के प्रति, देशवासियों के प्रति मन में प्यार रखते हैं, जो चाहते हैं कि हमारा भारत तरक्की करे, बुलंदियों को छुए। तो वन नेशन वन इलेक्शन एक बहुत अच्छा विचार है। यह होना चाहिए। सबको इस पर सुझाव भी देना चाहिए कि यह प्रक्रिया कैसे बेहतर हो सकती है।

**सवाल:** *आइएनडीआइए के बारे में आपकी राय?*

**जवाब:** देखिए, उसमें आप जरा चेहरों को देखिए। उसमें से अधिकांश पर भ्रष्टाचार के मामले हैं। कोई चारा घोटाला, कोई शराब घोटाला और न जाने क्या- क्या। कुछ तो बेल पर बाहर घूम रहे हैं। कइयों के खिलाफ कोर्ट में मामला चल रहा है। अब ये लोग भारत के भाग्य विधाता होंगे, तो फिर देश का क्या होगा। देश की जनता भी आइएनडीआइए गठबंधन को समझ रही है। उनकी मंशा क्या है, उसे अच्छी तरह से जान रही है।

**सवाल:** *झामुमो का कहना है बाबूलाल मरांडी राजनीतिक शुचिता की तिलांजलि देते हुए व्यक्तिगत आरोप पर उतर गये हैं, जिसकी राजनीति में कोई जगह नहीं होती?*

**जवाब:** मैं किसी के बारे मैं व्यक्तिगत कहता नहीं हूं। लेकिन जो व्यक्ति ने इतनी गड़बड़ी की हो, उसके बारे मैं कैसे न कहूं। मेरे पास तो इतने कागजात हैं, रांची से लेकर संथाल परगना तक कि उसे देख कर आश्चर्य होता है। सोचता हूं क्या जमीन की इतनी भूख होनी चाहिए। अरे आवश्यकताएं भी होती हैं, तो कहीं अगर घर बनना है, तो आपको 10 कट्ठा, 20 कट्ठा, एक एकड़, दो एकड़ जमीन लगेगी। लेकिन अगर हर जगह आपने जमीन ली हुई है, तो उसे क्या कहा जायेगा। मुझे लगता है कि अगर मैं इस बात को नहीं बोलूंगा तो यह रुकेगा नहीं। आगे और गड़बड़ी होती रहेगी। इडी ने सीएम को नोटिस किया, दो बार तीन बार, अरे जाकर इडी के सवालों का जवाब दीजिए। भागने की क्या जरूरत है। मैं कोशिश करता हूं कि मैं व्यक्तिगत टिपण्णी नहीं करूं,लेकिन कर्म ही ऐसा है कि छोड़ा नहीं जा सकता।

**सवाल:** *आप पर भी तो आरोप लग रहे हैं कि आपने संथाल परगना में बिल्डर्स के माध्यम से करोड़ों रुपये निवेश किये हैं? एक मकान की फोटो भी जारी की गयी थी?*

**जवाब:** हां, मैंने सुना, जेएमएम के सुप्रियो भट्टाचार्य ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि संथाल परगना बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में मेरा अरबों रूपया लगा है। मेरा कहना है कि अगर मेरा अरबों रुपया लगा है, तो बिना विलंब के आप एफआइआर तो करिए। आपके पास जो एजेंसी है, उससे जांच तो करा लीजिए। जितनी भी प्रॉपर्टी है, उसको जब्त करिए। इसके बाद वे लोग चुप हैं। अरे भाई सरकार आपकी है, कौन रोका है आपको जांच करवाने से। सरकार चाहती है कि हम उनके विरोध में कुछ बोलें नहीं, लेकिन बाबूलाल की आवाज न कभी दबी है, न कभी दबेगी। हम अन्याय के खिलाफ बोलेंगे। जनता के लिए बोलेंगे। जब मैं आवाज उठा रहा हूं तो मेरे ऊपर एफआइआर दर्ज करवायी जा रही है। कराइये, अभी तक छह एफआइआर की सूचना हमें है। इससे हम डरनेवाले नहीं हैं। हम तो बोलेंगे, क्योंकि भाजपा में हर अन्याय के खिलाफ बोलने की शिक्षा मिलती है।

### झारखंड में तालिबानी शासन की याद आ रही

बातचीत में बाबूलाल मरांडी ने कहा कि देखिए, शुक्रवार को जमशेदपुर में एडीजे-1 की कोर्ट के बगल में जो सरेआम घटना हुई, वह अचंभित कर देती है। एक आपराधिक प्रवृत्ति का युवक आता है, वह तमाम सुरक्षा व्यवस्था को धता बताते हुए कोर्ट परिसर में प्रवेश करता है। जज कोर्ट के बगल में काम कर रहे कर्मचारी पर चापड़ से जानलेवा हमला कर देता है। कहां है पुलिस, कहां है सुरक्षा। यह घटना इतनी भयावह है कि उच्च न्यायालय को छुट्टीवाले दिन भी स्वत: संज्ञान लेकर मामले की सुनवाई करनी पड़ी, डीजीपी और होम सेक्रेटरी को बुलाया गया। अगर सामान्य व्यक्ति से कुछ गलत हो जाये, तो पुलिस तुरंत उसे दबोच लेती है। कोई कुछ लिख-पढ़ दे, तो उसे जेल में बंद कर दिया जाता है। अपराधी खुला घूम रहे हैं। यह सब तालिबानी शासन का ही तो प्रतीक है।

# झामुमो का केंद्र से सवाल: क्यों बुला रहे संसद के पांच दिनों का विशेष सत्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा ने केंद्र सरकार से संसद के विशेष सत्र के लिए सवाल पूछा है। पार्टी महासचिव और केंद्रीय प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने शनिवार को पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि आइएनडीआइए गठबंधन से भाजपा और केंद्र सरकार को भय होने लगा है। यही वजह भी है कि संसद के पांच दिनों के विशेष सत्र के आयोजन के संबंध में वह सरकारी नोटिफिकेशन जारी नहीं कर रही। संसदीय कार्य मंत्री इसे वाट्सएप, फेसबुक पर जारी कर रहे। क्या यह माना जाये कि आनेवाले दिनों में सरकारी फाइलें सोशल मीडिया के जरिये ही चलेंगी। सुप्रियो के मुताबिक देश संविधान और कुछ पारंपरिक मान्यताओं से चलता है। इस सरकार में हिंदुस्तान की संसदीय परंपरा समाप्त हो रही है। आखिर किन विशेष परिस्थितियों में पांच दिवसीय विशेष सत्र का आयोजन हो रहा है, यह सरकार बताये। उन्होंने कहा कि संसद का सत्र आहूत करने के लिए नोटिफिकेशन जारी होता है। केंद्र के मंत्री सोशल मीडिया में यह जानकारी दे रहे हैं, नोटिफिकेशन अब तक नहीं जारी हुआ है।

### अडाणी पर चुप्पी

सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि लगभग तीन महीने से मणिपुर जल रहा है, पर विशेष सत्र केंद्र सरकार नहीं बुला पाती। कर्नाटक का जब विधानसभा चुनाव होता है, तो वहां केंद्र सरकार चुनाव लड़ती है। प्रधानमंत्री विदेशों का दौरा करते हैं, पर अपने मित्र अडाणी से संबंधित बातों का जवाब नहीं देते।



देश-विदेश के प्रतिष्ठित संस्थान, आर्थिक मामलों के जानकार नाम ले-लेकर तथ्यों के साथ अडाणी के बारे में बता रहे हैं। आज देश के सबसे बड़े उद्योगपति के कारनामे छाप रहे हैं, पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुप रहते हैं। गुजरात सरकार पीएम के मित्र की चोरी पकड़ती है, पर पीएम खामोश रहते हैं। आखिर विशेष सत्र में होगा क्या। जब दो महीने के बाद शीतकालीन सत्र तो आना ही था तो ऐसी कौन सी आपदा आ गयी कि विशेष सत्र बुला रहे हैं। पहले पता रहता तो सभी दल अपनी-अपनी तैयारियों के साथ इसमें शामिल होते।

### आइएनडीआइए का आभार

झामुमो ने आइएनडीआइए गठबंधन में शामिल सभी 27 दलों के प्रति आभार भी जताया है। सुप्रियो ने कहा कि 1 सितंबर को इंडिया की तीसरी बैठक मुंबई में संपन्न हुई। इसमें पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन को राष्ट्रीय स्तर पर बनी समन्वय समिति का सदस्य चुना गया। इस देश के 11 करोड़ से ज्यादा आदिवासी जनसमुदाय के प्रतिनिधित्व करने, नौजवानों का, मूलवासियों का प्रतिनिधित्व करने को सबसे पुरानी पार्टी सहित कश्मीर से कन्याकुमारी तक की पार्टियों ने हेमंत पर भरोसा जताया है। उन्हें पूर्ण विश्वास कि हेमंत को जो जिम्मेवारी मिली है, उसका सफलतापूर्वक निर्वहन वह करेंगे। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन ने अपने कामों के बल पर, जनहित की समस्याओं के समाधान के बल पर, गरीब-उपेक्षितों की मदद के बल पर, छात्रहित में छात्रवृत्ति सहित कई निर्णय लेकर आम आदिवासी के बीच अपनी एक अलग पहचान बनायी है। लोगों का उन पर भरोसा दिनोंदिन और बढ़ता जा रहा है। अब आदिवासियों के बच्चे भी सरकार की मदद से पढ़ाई की मुख्यधारा में जुड़ रहे हैं। वे विदेशों में अपनी पढ़ाई कर रहे हैं। स्कूलों की स्थिति में सुधार हुआ है। गरीबों तक उनकी योजनाएं पहुंच रही हैं। उनकी शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई हो रही है। यही कारण है कि हेमंत सोरेन राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित हो रहे हैं। उन्हें महत्वपूर्ण कमेटियों में सम्मानपूर्वक जगह मिल रही है।

SHARDA GLOBAL SCHOOL
Affiliated to C.B.S.E, (10+2), New Delhi
Bukru, Kanke, Ranchi
No-3430353 School Code-66552
Shardaglobalschool@gmail.com | www.shardaglobalschool.com
9934307000, 9931039500, 9931069966
REQUIRES
PRT, TGT, PGT teachers for all subjects of CBSE and M.PED and Music teachers. Kindly contact undermentioned PH: 7542983222 and E-mail your CV's on office shardaglobalschool@gmail.com latest by 6th September 2023.

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW



# आदित्य एल-1 के प्रक्षेपण के लिए राज्यपाल ने वैज्ञानिकों को दी बधाई



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने सूर्य मिशन आदित्य एल-1 के सफल प्रक्षेपण के लिए इसरो के वैज्ञानिकों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने ट्वीट कर शनिवार को कहा कि चंद्रयान-3 की ऐतिहासिक उपलब्धि के बाद अब सूर्य की गतिविधियों के अध्ययन के लिए सूर्य मिशन आदित्य एल-1 के सफल प्रक्षेपण के लिए समस्त देशवासियों को भी हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं।

# अब सूर्य पर चमकेगा भारत की बुलंदियों का सितारा: डॉ लंबोदर



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो ने चंद्रयान-3 के सफलतापूर्वक चंद्रमा पर पहुंचने के बाद भारत के देश का पहला सूर्य मिशन आदित्य एल -1 के सफल प्रक्षेपण पर खुशी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि यह निश्चित रूप में भारतीय वैज्ञानिकों की ऐतिहासिक उपलब्धि है और यह देश को गौरवान्वित करनेवाला है। चंद्रमा के बाद अब सूर्य पर भारत की बुलंदियों का सितारा चमकेगा। उन्होंने कहा कि भारतीय वैज्ञानिकों का दुनिया भर में बोलबाला हो रहा है। खगोल विज्ञान के क्षेत्र में भारत ने एक और छलांग लगायी है। उन्होंने कहा कि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के वैज्ञानिकों ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में देश की प्रगति को लेकर अपनी अटूट प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया है और हम सब भारतीय आज अपने वैज्ञानिकों पर गर्व महसूस कर रहे हैं। सूर्य मिशन आदित्य एल-1 की सफलता के लिए उन्होंने समस्त भारतवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

# इसरो के हर स्वदेशी मिशन के लिए जरूरी है एचइसी

**बना रहा है एक और लांच पैड और क्रेन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आंध्रप्रदेश के श्रीहरिकोटा में स्थापित इसरो का प्रक्षेपण केंद्र किसी मिशन की लांचिंग के लिए जितना महत्वपूर्ण है, झारखंड की राजधानी रांची के धुर्वा में स्थित हेवी इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन (एचइसी) का महत्व उससे कम नहीं है। एचइसी की अहमियत का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि इसरो के हर लांचिंग मिशन में मदर ऑफ ऑल इंडस्ट्रीज के बनाये लांचिंग पैड का इस्तेमाल होता है। सबसे बड़े रॉकेट प्रक्षेपण के लिए जिस यान का निर्माण हुआ था, उसमें मेकॉन के 50 इंजीनियर्स की टीम ने अहम भूमिका निभायी थी। इसके उपकरण बनाने की जिम्मेदारी टाटा स्टील और एचइसी के अलावा देश के 50 से ज्यादा संस्थानों को मिली थी। सबसे बड़े उपकरण एचइसी में ही बने थे। एचइसी दो लांच पैड इसरो को सप्लाई कर चुका है। तीसरे लांच पैड का यहां निर्माण चल रहा है।

इसरो को हर बड़े उपकरण के लिए एचइसी की जरूरत

एचइसी के वैज्ञानिक सुभाष ने बताया कि एचइसी ने सामरिक क्षेत्र में कई अहम योगदान दिये हैं। वर्ष 2019 में इसरो की ओर से एचइसी को मोबाइल लांच पेडेस्टल का ऑर्डर मिला था। उस पर काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि आज एचइसी की माली हालत भले खस्ताहाल हो, उसके इंजीनियर्स और कर्मचारियों को 18 महीने से वेतन न मिला हो, लेकिन इसरो को आज भी जब कोई स्वदेशी उपकरण बनाना होता है, तो उसे सबसे पहले एचइसी की ही याद आती है। हाल ही में इसरो की टीम ने एचइसी का दौरा किया और कंपनी को व्हील बोगी सिस्टम बनाने का ऑर्डर दिया। व्हील बोगी सिस्टम एक प्रकार का वाहन है, जो रॉकेट को असेंबली बिल्डिंग से लांचिंग पैड तक ले जाता है। रॉकेट के सुरक्षित और सफल प्रक्षेपण के लिए यह उपकरण बेहद जरूरी होता है। भारत में पहली बार एचइसी ने व्हील बोगी सिस्टम का निर्माण किया है।

## श्री श्याम मंदिर में 7 सितंबर को मनेगा श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

रांची। 7 सितंबर को हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया जायेगा। शनिवार को जन्माष्टमी समारोह के संयोजक गौरव अग्रवाल मोनू ने बताया कि मंदिर परिसर को बैलून और फूलों से सजाया जायेगा। रात आठ बजे से विशेष भजन संकीर्तन का आयोजन होगा। इस अवसर पर कोलकाता से मोहिनी केडिया अपने भजनों से खाटू नरेश को रिझायेंगी और भक्तों को भजनों की गंगा में डूबोयेंगी। भजनों का कार्यक्रम रात 12 बजे तक चलेगा। जन्मोत्सव आरती रात 12 बजे और जन्मोत्सव विविध रूप से रात 12.10 बजे से मनाया जायेगा।

## एनडीए प्रत्याशी को ज्यादा से ज्यादा मत देकर जिताने की अपील

# हेमंत सरकार को 5 तारीख को देना है करारा जवाब: रघुवर दास

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** डुमरी उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने हेमंत सरकार को आड़े हाथ लेते हुए जम कर निशाना साधा। उन्होंने राज्य सरकार को परिवारवादी, तुष्टिकरण की राजनीति, वादाखिलाफी, किसान विरोधी, युवा विरोधी, महिला विरोधी सरकार सरकार करार दिया। उन्होंने कहा कि आज झारखंड में लूट और कमीशनखारी बढ़ गयी है।

डुमरी की अमरा पंचायत में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए रघुवर दास ने कहा कि जेएमएम ने 2019 चुनाव में लोक लुभावन वादे कर जनादेश प्राप्त कर जनता को ठगने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार में उन्होंने नारी शक्ति को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से दो लाख सखी मंडल का निर्माण कराया, जिन्हें लोन देकर आत्मनिर्भर बनाया गया। एक रुपया में महिलाओं के नाम रजिस्ट्री की शुरुआत करायी, आज हेमंत सरकार ने पिछली सरकार की योजनाओं को बंद कर दिया है। उन्होंने कहा कि खेती के लिए मोदी जी ने प्रधानमंत्री किसान समृद्धि योजना, जबकि पिछली सरकार द्वारा कृषि आशीर्वाद के तहत 5 से 25 हजार तक दिया जाता था। हेमंत सरकार किसान विरोधी सरकार है। भाजपा हिंदू मुस्लिम सिख ईसाई सबको बराबर का हक देती है। हेमंत सरकार चेहरा देख कर कार्य करती है, तुष्टिकरण की राजनीति करती है। उन्होंने कहा कि डुमरी विधानसभा में 45 हजार को प्रधानमंत्री आवास मिला है। पिछली सरकार में डुमरी में 261 किलोमीटर सड़क का निर्माण हुआ था जबकि इस सरकार के चार साल में पांच किलोमीटर भी नहीं हुआ है। डुमरी विधानसभा में 1 लाख 17 हजार को सिलेंडर दिया गया।

उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार में दो गैस और चूल्हा भी मिलता था, आज हेमंत सरकार ने सब बंद कर दिया। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने चुनाव के दौरान 2 हजार चूल्हा खर्च देने का वादा किया था, किंतु चवन्नी भी नहीं दी। उन्होंने एक-एक वोट हेमंत सरकार को सबक सिखाने के लिए और हिसाब किताब बराबर करने को लेकर वोट देने का आह्वान किया। श्री दास ने कहा कि रांची में सेना की जमीन, तो पूरे प्रदेश में खनिज संपदा को हेमंत की सिंडिकेट ने लूटने का कार्य किया है। रेडी टू इट योजना का कार्य सखी मंडल को हटा कर दिल्ली के ठेकेदारों को दे दिया। कमीशन के कारण चार साल से बच्चों को साइकिल नहीं मिली है। हेमंत सरकार ने नियोजन नीति को खत्म कर दिया। 60-40 का नारा देकर झारखंड के युवाओं को पलायन करने को मजबूर कर दिया है। उन्होंने 5 तारीख को केला छाप पर ज्यादा से ज्यादा वोट देकर यशोदा देवी को जिताने का आह्वान किया।

# डुमरी उपचुनाव में मंत्री रामेश्वर उरांव ने बेबी देवी के पक्ष में चलाया जनसंपर्क अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता



**डुमरी/रांची।** राज्य के वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने डुमरी विधानसभा के उपचुनाव में जनसंपर्क कर लोगों से आइएनडीआइए गठबंधन प्रत्याशी बेबी देवी के पक्ष में वोट मांगा। इस क्रम में शनिवार को रामेश्वर उरांव ने नावाडीह प्रखंड के कई गांव में जनसंपर्क अभियान चलाया। प्रखंड के बाराडीह पंचायत के बोदरो व नावाडीह के तारातांड में भी ग्रामीणों से मिले और बेबी देवी के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि डुमरी विधानसभा में जगरनाथ महतो को पांच साल के लिए जनादेश दिया था, लेकिन उनके गुजर जाने के कारण चुनाव हो रहा है। विधानसभा क्षेत्र की जनता उनकी पत्नी बेबी देवी को शेष कार्यकाल के लिए आशीर्वाद देने के लिए मन बना चुकी है। हेमंत सोरेन के नेतृत्व में जगरनाथ महतो ने डुमरी विधानसभा में अभूतपूर्व विकास का कार्य किया है। इसलिए गठबंधन की प्रत्याशी बेबी देवी की जीत सुनिश्चित है। मौके पर झामुमो के केंद्रीय सचिव नंदकिशोर मेहता, कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष उमेश गुप्ता, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष इमरान अंसारी, मनोज गुप्ता, मनोज सिंह, महावीर प्रसाद महतो सहित अन्य मौजूद थे।

# आइएनडीआइए का परचम लहरायेगा: संजय यादव

**डुमरी विधानसभा उपचुनाव में बेबी देवी की जीत के लिए राजद ने चलाया डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान**

आजाद सिपाही संवाददाता



**डुमरी।** डुमरी विधानसभा उपचुनाव में महागठबंधन की उम्मीदवार बेबी देवी की जीत के लिए महागठबंधन का घटक दल राजद भी जी-तोड़ मेहनत कर रहा है। डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान और नुक्कड़ सभा के माध्यम से बेबी देवी के पक्ष में मतदान की अपील कर रहा है।

पार्टी के प्रधान महासचिव और गोड्डा के पूर्व विधायक संजय प्रसाद यादव के नेतृत्व में राजद के कार्यकर्ता डुमरी में पसीना बहा रहे हैं। राजद के प्रधान महासचिव संजय प्रसाद यादव ने कहा कि देश में महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। पेट्रोल-डीजल, खाद्य पदार्थों के मूल्य में बेतहाशा वृद्धि हो रही है। झारखंड सरकार द्वारा किये गये कार्यों के आधार पर बेबी देवी को भारी मतों से वोट देकर जनता विजयी बनायेगी। उन्होंने कहा कि राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के नेतृत्व में देश में भी सभी विपक्ष को एकजुट किया जा रहा है। इसी के तहत झारखंड प्रदेश में भी गठबंधन को मजबूत किया जा रहा है। आगामी विधानसभा और लोकसभा चुनाव में भी आइएनडीआइए का परचम लहरायेगा।

वहीं सभा को संबोधित करते हुए युवा राजद के प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव ने कहा कि स्व जगरनाथ महतो डुमरी की जनता के सुख-दुख में हमेशा खड़ा रहे। उन्होंने अपने क्षेत्र में विकास किया है। उसे देख कर उनकी पत्नी बेबी देवी को भारी मतों से विजय बनायें। महासचिव सह प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने बेबी देवी के पक्ष में वोट मांगते हुए कहा कि लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी यादव का संदेश लेकर हम लोग आये हैं। हमेशा से लालू ने गरीब-गुरबों की लड़ाई लड़ने का काम किया।

# मोदी का एजेंडा विघटनकारी और विभाजनकारी है : बंधु

**वन नेशन वन इलेक्शन के बहाने पूरे देश को दिग्भ्रमित कर रही है भारतीय जनता पार्टी और केंद्र सरकार**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि वन नेशन वन इलेक्शन की बात तो बहुत दूर की बात है, लेकिन केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की किसी भी घोषणा या कदम की पृष्ठभूमि का एकमात्र उद्देश्य विभाजनकारी और विघटनकारी ही होता है। श्री तिर्की ने कहा कि जिस प्रकार से विपक्षी इंडिया गठबंधन एकजुट हुआ है और उसने मुंबई में आयोजित अपनी बैठक में कुछेक सटीक निर्णय लिये हैं। उसके बाद भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री घबरा गये हैं। उन्होंने कहा कि इसी के परिणामस्वरुप उन्होंने 31 अगस्त को पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में वन नेशन वन इलेक्शन पर विचार करने के लिए समिति का गठन किया है। कहा कि देश का प्रत्येक जागरूक और समझदार व्यक्ति इस बात को अच्छी तरीके से जानता है कि आगामी 18 से 22 सितंबर तक होने वाले संसद के विशेष अधिवेशन में वन नेशन वन इलेक्शन से संबंधित प्रस्ताव को लाना और उसे पारित करवाना असंभव है। क्योंकि इतनी जल्दी समस्त वैधानिक औपचारिकताओं और आवश्यक संविधान संशोधन प्रक्रियाओं को पूरा नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि इसके बाद भी श्री कोविंद के अध्यक्षता में गठित समिति की खबर को 31 अगस्त और 1 सितंबर को बढ़ा-चढ़ाकर मीडिया में दिखाने और बताने का एकमात्र उद्देश्य मुंबई से आ रही इंडिया गठबंधन की खबरों की ओर से देश का ध्यान हटाना व भटकाना था। श्री तिर्की ने केंद्र सरकार की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि पिछले 9-10 साल में देश का राजनीतिक एवं सामाजिक वातावरण विषाक्त हुआ है और अब वैसी परिस्थितियां तैयार हो गयी है जबकि सभी राजनीतिक दल एक-दूसरे को राजनीतिक प्रतिद्वंदी की बजाय दुश्मन के रूप में देख रहे हैं जो देश के लोकतंत्र के लिए घातक है।

# इडी ने कृष्णा, टिंकल और भगवान भगत के खिलाफ दायर की प्रॉसिक्यूशन कंपलेन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** साहिबगंज जिले में करोड़ों रुपये का अवैध खनन करने और उन पैसों की मनी लॉन्ड्रिंग करने के आरोपी कृष्णा साहा, भगवान भगत और टिंकल भगत के खिलाफ इडी ने प्रॉसिक्यूशन कंपलेन दाखिल कर दी है।

इडी ने अवैध खनन और मनी लॉन्ड्रिंग में उक्त सभी आरोपियों की भूमिका की विस्तृत जानकारी दी है। इडी द्वारा दाखिल की गयी पीसी पर रांची पीएमएलए (प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट संज्ञान ले सकती है। जानकारी के मुताबिक, अब तक की जांच में यह पाया गया है कि पंकज मिश्रा सीधे तौर पर अवैध खनन के कारोबार को संचालित कर रहा था। अवैध खनन के पत्थर की ढुलाई में उसे कृष्णा कुमार साहा, भगवान भगत, टिंकल भगत, विष्णु कुमार यादव और अन्य सहयोग करते थे। पंकज मिश्रा और इन अभियुक्तों के बीच लाखों रुपये के लेनदेन भी हुए हैं। बता दें कि इडी ने 6 जुलाई को कृष्णा साहा को, 7 जुलाई को टिंकल भगत और भगवान भगत को गिरफ्तार किया था, जिसके बाद से वे न्यायिक हिरासत में हैं।

# लापता कारोबारी का दो दिन बाद भी नहीं मिला सुराग

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रातू थाना क्षेत्र के रहनेवाले कारोबारी नवीन कुमार मिश्रा का दो दिन बाद भी कोई सुराग नहीं मिला है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, नवीन कुमार मिश्रा ने बीते 31 अगस्त को अपने बेटे के मोबाइल फोन पर लोकेशन भेजा था, जिसके बाद से उनका कोई पता नहीं चल पाया है। नवीन के परिजनों ने रातू थाना क्षेत्र के ललित ग्राम निवासी सोमनाथ पांडे पर अपहरण का आरोप लगाया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने सोमनाथ को हिरासत में लेकर पूछताछ की। हालांकि बाद में उसे छोड़ दिया गया।

## क्रिप्टोकरेंसी में भी पैसा किया था निवेश

पुलिस के मुताबिक, नवीन कुमार मिश्रा ने क्रिप्टोकरेंसी में करीब एक से डेढ़ करोड़ निवेश किया था। इसके अलावा उन्होंने शेयर बाजार में भी पैसा इन्वेस्ट किया था। नवीन मिश्रा ने कई लोगों से सूद पर पैसा उधार लिया था। बताया जाता है कि पैसा नहीं चुकाने पर उसने अपने घर को दो लोगों को एग्रीमेंट भी किया था।

## क्या है मामला

नवीन मिश्रा की पत्नी साधना पाठक ने थाने में दिये आवेदन में कहा है कि उनके पति (नवीन) 31 अगस्त को दिन के तीन बजे घर से निकले थे। इसके बाद से उनका कोई अता-पता नहीं है। साधना ने पुलिस को बताया कि 31 अगस्त को ही उनके मोबाइल पर सोमनाथ का फोन आया था। वह बकाया पैसा देने के लिए उन्हें घर पर बुला रहा था। इस बात की जानकारी उनके पति नवीन ने उन्हें दी थी। साधना ने यह भी बताया कि नवीन को कई लोगों ने जमीन का पैसा दिया था और वह राशि सोमनाथ ने उनसे ले ली थी, लेकिन सोमनाथ किसी को पैसा वापस नहीं कर रहा था, जिसके बाद बकाया पैसा लोग उनसे मांग रहे थे। इसी पैसे को लेने के लिए सोमनाथ ने नवीन को घर पर बुलाया था। नवीन मिश्रा की पत्नी ने बताया कि शाम छह बजे तक जब उनके पति नवीन घर नहीं लौटे, तो उन्होंने अपने दो भाइयों को सोमनाथ के घर पर भेजा। उस वक्त सोमनाथ गाड़ी से कहीं जा रहा था। दोनों भाइयों ने उनका पीछा किया और सोमनाथ की गाड़ी से उनके पति का मोबाइल बरामद किया।

## हाइकोर्ट ने ग्रेड-4 में प्रोन्नति से जुड़े मामले में निष्पादित की अवमानना याचिका

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड हाइकोर्ट में बकाया भुगतान से संबंधित एक अवमानना याचिका की सुनवाई हुई। मामले में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव की ओर से कोर्ट के समक्ष अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया गया कि प्रार्थियों का 1 अप्रैल से बकाया का भुगतान कर दिया गया है। इसके बाद कोर्ट ने अवमानना याचिका को निष्पादित कर दिया। मामले की सुनवाई हाइकोर्ट के जस्टिस एसएन पाठक की कोर्ट में हुई। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता अमित कुमार तिवारी ने पैरवी की। पिछली सुनवाई में कोर्ट के आदेश के आलोक में स्कूली शिक्षा सचिव कोर्ट में हाजिर हुए थे।

## कई इलाकों में घर-घर जाकर मतदाताओं से मिले मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी

# मतदाता सूची से जुड़ी शिकायतों और सुझावों को जाना

आजाद सिपाही संवाददाता

**अपार्टमेंट और दो स्लम इलाके के मतदाताओं के बीच बैठ कर उनसे सामूहिक विमर्श भी किया**

**रांची के उपायुक्त और निर्वाचन कार्यों से जुड़े प्रमुख अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की**

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार शनिवार को शहरी क्षेत्र के कई इलाकों में घर-घर जाकर मतदाताओं से मिले। इस दौरान वह रांची के 64 हटिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत शहरी क्षेत्र के इलाही नगर, संजीवनी नगर और जाकिर कॉलोनी पहुंचे। उन्होंने मतदाता सूची से जुड़े मामलों से संबंधित उनकी शिकायतों और सुझावों को जाना।

उन्होंने आम मतदाताओं से सीधे वार्तालाप कर यह जानने का प्रयास किया कि उनके परिवार में कोई पात्र मतदाता छूट तो नहीं गया है। क्या बीएलओ उनके घर-घर जाकर सत्यापन कर रहे हैं? साथ ही मतदाता सत्यापन के बाद क्या घर के बाहर स्टीकर लगाये गये हैं? इतना ही नहीं, उन्होंने एक अपार्टमेंट और दो स्लम इलाके के मतदाताओं के बीच बैठ कर उनसे सामूहिक विमर्श भी किया।

भ्रमण के क्रम में कुछ मतदाताओं ने बताया कि वे अर्हता रखते हैं, लेकिन अभी तक उनका वोटर आइडी कार्ड नहीं बन पाया। कुछ ऐसे भी मतदाता मिले, जिनका वोटर आइडी कार्ड दूसरे राज्य, जिले और विधानसभा क्षेत्र का बना हुआ है, लेकिन काफी समय से इस क्षेत्र में रहने के कारण अपने मत का प्रयोग नहीं कर पा रहे हैं। इन सबके लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया कि जिन लोगों का सूची में नाम नहीं है, उनके लिए अभियान चलायें। ऐसे क्षेत्रों में कैंप लगा कर नागरिकों से फॉर्म छह और फॉर्म आठ भरवा कर मतदाता सूची को अद्यतन बनायें। इससे पूर्व उन्होंने अपने सभा कक्ष में रांची के उपायुक्त और निर्वाचन कार्यों से जुड़े प्रमुख अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। रवि कुमार ने कहा कि हर बार यही संज्ञान में आता है कि रांची के मतदाता अच्छे प्रतिशत में वोट नहीं करते हैं। यह बात यहां के मतदाताओं, निर्वाचन से जुड़े सभी कर्मियों और पदाधिकारियों के लिए गंभीरता के साथ चिंतन करने योग्य है। उन्होंने कहा कि इस बार के चुनाव में कोई भी वोटर छूटे नहीं, इस उद्देश्य से हमें साथ मिल कर एक टीम भावना के साथ काम करना है।

समीक्षा के क्रम में उन्होंने रांची, हटिया और कांके विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सत्यापन का धीमा कार्य देखकर रांची उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा को निर्देश दिया कि जिन क्षेत्र में निर्वाचन के कार्य में पदाधिकारी लापरवाही बरत रहे हैं उन्हें चिन्हित कर उन पर अविलंब विभागीय कार्रवाई करें। कुमार ने कहा कि शहरी क्षेत्र की मतदाता सूची में वैसे मतदाता जिनकी मृत्यु हो गयी है और उनका नाम अभी भी सूची में मौजूद है, उनका नगर निगम से निर्गत मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर मतदाता सूची से नाम विलोपित करने का काम करें।

इस अवसर पर उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा, निर्वाचन कार्यालय के ओएसडी गीता चौबे, निर्वाचन कार्य से जुड़े जिला एवं ब्लॉक स्तरीय पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

### खनन परियोजना से जुड़ी कंपनियों के साथ डीसी ने की बैठक

# सीसीएल अवैध मुहाने को करे बंद : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** रामगढ़ जिला कोयला तस्करी को लेकर काफी बदनाम है। शनिवार को रामगढ़ डीसी चंदन कुमार ने इसी मुद्दे को लेकर एक विशेष बैठक खनन परियोजना से जुड़े हुए सभी कंपनियों के पदाधिकारियों के साथ की। इस दौरान उन्होंने सीसीएल, टाटा व अन्य कंपनियों को सख्त हिदायत दी है कि किसी भी हालत में अवैध खनन को बंद किया जाना है। उन्होंने कहा कि अधिकतर परियोजनाएं सीसीएल की ही रामगढ़ जिले में कार्यरत हैं। जहां अवैध खनन की शिकायतें आती हैं। इसलिए सीसीएल के सभी महाप्रबंधक अपने क्षेत्र में अवैध मुहाने को तत्काल बंद करें।

**महाप्रबंधकों को डीसी ने दिया निर्देश।** बैठक के दौरान उपायुक्त ने सीसीएल हजारीबाग क्षेत्र के महाप्रबंधक के के सिन्हा एवं महाप्रबंधक (ऑपरेशन) कुमार नरेंद्र, कुज्जु क्षेत्र से महाप्रबंधक नीरज कुमार सिन्हा, बरकासायल क्षेत्र से महाप्रबंधक एके सिंह, रजरप्पा क्षेत्र से विवेक, अरगड्डा क्षेत्र से महाप्रबंधक एस के पांडे, परियोजना प्रबंधक एनएमडीसी नसीम अंसारी और अतुल सिंह से पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से परियोजना वार पूर्व में किए गए खनन कार्यों, वर्तमान में संचालित खनन कार्यों और भविष्य में किए जाने वाले खनन कार्यों की जानकारी ली। **भूमि अधिग्रहण से संबंधित लंबित मामले दूर करें** इसके अलावा संबंधित परियोजना में एफआरए, एनओसी, विभिन्न अधिनियमों के तहत भूमि अधिग्रहण सहित अन्य संबंधित समस्याओं को उपायुक्त एवं अन्य अधिकारियों के समक्ष रखा गया। इस संबंध में उपायुक्त ने परियोजनावार संबंधित अंचल अधिकारियों सहित अन्य अधिकारियों को उक्त समस्याओं के निराकरण के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। वहीं बैठक के दौरान महाप्रबंधक सीएसआर सीसीएल मुख्यालय बालकृष्ण लादी के द्वारा पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से सीएसआर के तहत रामगढ़ जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में किए गए कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गइयी। **सीएसआर के तहत होने वाले कार्यों पर डीसी ने डाला जोर।** बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी कोल परियोजनाओं के महाप्रबंधकों सहित अन्य अधिकारियों को सीएसआर के तहत किए जाने वाले विकास कार्यों पर जोर दिया। वहीं उन्होंने परियोजनावार सीएसआर के तहत अब तक किए गए विकास कार्यों, वर्तमान में संचालित विकास कार्यों आदि से संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। **अवैध खनन पर पूरी तरह से रोक सुनिश्चित करने का निर्देश।** उपायुक्त ने सभी महाप्रबंधकों सहित अन्य अधिकारियों को उनके उनके क्षेत्र में अवैध खनन पर पूरी तरह से रोक सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस संबंध में उपायुक्त ने योजनाबद्ध तरीके से अवैध मुहानों को चिन्हित कर उन्हें अच्छे तरीके से बंद करने, पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था सुनिश्चित रखने सहित अन्य निर्देश दिए। साथ ही बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी महाप्रबंधकों सहित अन्य अधिकारियों को उनके उनके क्षेत्र में पुराने सीसीएल क्वार्टरों पर विशेष ध्यान रखने एवं किसी भी हालत में क्वार्टरों का इस्तेमाल किसी भी प्रकार के असामाजिक तत्वों अथवा आतंकी गतिविधियों के लिए न होने देने का निर्देश दिया।



**बैठक में ये थे उपस्थित**

बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी नितेश कुमार, उप विकास आयुक्त रॉबिन टोप्पो, अनुमंडल पदाधिकारी मो जावेद हुसैन, मुख्य प्रबंधक सीसीएल शंकर झा, लैंड एडवाइजर सीसीएल उदय प्रताप और राम कुमार सिन्हा आदि उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मिली सहमति

## 43 परीक्ष्यमान उप समाहर्ताओं के दूसरे चरण का प्रशिक्षण और भारत दर्शन प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

- मुख्यमंत्री के निर्देश पर राज्य प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु अधिकारी पहली बार करेंगे भारत दर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड लोक सेवा आयोग, जेपीएससी की 7वीं से 10वीं संयुक्त सिविल सेवा परीक्षा से नियुक्त 43 परीक्ष्यमान उप समाहर्ताओं (डिप्टी कलेक्टर) के दूसरे चरण का प्रशिक्षण और भारत दर्शन प्रशिक्षण कार्यक्रम समेकित रूप से 1 सितंबर से 30 सितंबर तक चलेगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी है।

**पहली बार भारत दर्शन करेंगे राज्य प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु अधिकारी :** मुख्यमंत्री की सोच है कि जिस तरह भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों को भारत दर्शन कराया जाता है, उसी तरह राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को भी भारत दर्शन कराया जाये, ताकि वे अन्य प्रदेशों की प्रशासनिक व्यवस्था और विकास कार्यों को देख और समझ सकें। भारत दर्शन के दौरान उन्हें जो अनुभव प्राप्त होगा, उससे वे राज्य के विकास में और भी बेहतर तरीके से योगदान कर सकेंगे। मुख्यमंत्री के इसी विजन को ध्यान में रख कर परीक्ष्यमान उप समाहर्ताओं को पहली बार भारत दर्शन कराया जा रहा है।



**श्रीकृष्ण लोक प्रशासन संस्थान में मिलेगा प्रशिक्षण :** सभी परीक्ष्यमान उप समाहर्ताओं के दूसरे चरण का प्रशिक्षण श्रीकृष्णा कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान, रांची में आयोजित होगा। इससे पहले इन सभी उप समाहर्ताओं को प्रशिक्षण कार्यक्रम के बीच में ही श्रावणी मेला को लेकर देवघर और दुमका में प्रतिनियुक्त किया गया था। वहीं, दूसरे चरण के प्रशिक्षण तथा भारत दर्शन प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्ण होने के उपरांत सभी परीक्ष्यमान उप समाहर्ता 1अक्टूबर 2023 से जिला प्रशिक्षण हेतु अपने पदस्थापित जिला में योगदान सुनिश्चित करेंगे।

## तांडव : सिमडेगा में नक्सलियों ने पोकलेन मशीन में लगायी आग


- कहा, बगैर सपर्क किये काम आगे बढ़ाया तो होगी फौजी कार्रवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिमडेगा।** सिमडेगा जिले में नक्सलियों ने एक बार फिर बड़ी घटना को अंजाम दिया है। बानो थाना क्षेत्र के कानारोआ रेलवे स्टेशन में रेल खंड के दोहरीकरण कार्य में लगे पोकलेन को नक्सलियों ने आग के हवाले कर दिया, जिससे पोकलेन जल गया। बताया गया कि देर रात पहुंचे अपराधियों ने खड़ी पोकलेन मशीन में आग लगा दी।

**पीएलएफआइ के नाम का पर्चा**

नक्सलियों ने पीएलएफआइ के नाम का पर्चा फेंक कर घटना की जिम्मेवारी ली है। पर्चा में लिखा है कि संगठन से संपर्क किये बगैर कार्य किये जाने पर फौजी कारवाई की जायेगी। इधर घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच में जुट गयी है। सूत्र बताते हैं कि यह पूरी घटना लेवी से जुड़ी है। इस रास्ते पर कार्य करने के लिए नक्सली लेवी चाहते हैं।



**क्या लिखा है पर्चे में :** पर्जे में साफ लिखा है कि सभी कंपनी और ठेकेदार को सूचित किया जा रहा है कि संगठन से बगैर संपर्क किये आगे काम ना करें वरना फौजी कार्रवाई की जायेगी। पोकलेन मशीन में पूरी तरह आग लगा दी गयी है। इस घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत कायम है। मौके पर पहुंच कर पुलिस ने छानबीन शुरू की है। गांव के कुछ लोगों से भी पूछताछ की जा रही है।

## मीडिया कप वॉलीबॉल में येलो और ग्रीन टीम ने फाइनल में जगह बनायी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मीडिया कप वॉलीबॉल प्रतियोगिता की शुरुआत रांची विश्वविद्यालय कैंपस के वॉलीबॉल कोर्ट में शनिवार को हुई। प्रतियोगिता का शुभारंभ पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी और प्रशासक रामाशंकर सिंह, अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षक शेतांक सेन और राजेश कुमार सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। पहले दिन येलो टीम और ग्रीन टीम ने लीग में अपना मुकाबला जीत कर फाइनल में जगह पक्की की। रविवार को दोनों टीमों के बीच खिताबी मुकाबला खेला जायेगा।



प्रतियोगिता के पहले दिन पहला मुकाबला टीम येलो और टीम ब्लू के बीच खेला गया। इस रोमांचक मुकाबले में टीम ब्लू ने पहला सेट 25-15 से जीता, लेकिन टीम येलो ने दूसरा सेट 25-19 और तीसरा सेट 15-12 से जीत कर मैच को अपने नाम कर लिया। दूसरे मुकाबला टीम ग्रीन और टीम रेड के बीच खेला गया, जिसमें टीम ग्रीन ने टीम रेड को सीधे सेट में 25-15, 25-17 से हरा कर जीत दर्ज की।

तीसरा मुकाबला टीम येलो और टीम रेड के बीच खेला गया। इस एकतरफा मुकाबले में टीम येलो ने 25-7 और 25-15 से जीत दर्ज की।

दो हार के बाद टीम रेड प्रतियोगिता से बाहर हो गयी। दिन का आखिरी मुकाबला टीम ग्रीन और टीम ब्लू के बीच रोमांचक रहा, जिसमें टीम ग्रीन ने पहला सेट हारने के बाद शानदार वापसी करते हुए जीत दर्ज की। टीम ब्लू ने पहला सेट 26-24 से जीता। लेकिन टीम ग्रीन ने शानदार वापसी कर अगले दो सेट 25-21 और 15-12 से जीत कर फाइनल में प्रवेश कर गयी।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## स्पीकर रवींद्रनाथ महतो पासवा समारोह के मुख्य अतिथि होंगे : आलोक कुमार दुबे



**रांची (आजाद सिपाही)।** प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन पासवा का एक प्रतिनिधिमंडल पासवा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे के नेतृत्व में शनिवार को झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो से मुलाकात कर पासवा द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर सम्मिलित होने के लिए निमंत्रित किया। झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो जी ने इस सम्मान समारोह के आयोजित करने में पासवा की भूमिका की सराहना की और इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि बनने की सहमति प्रदान की। प्रतिनिधिमंडल में संजय प्रसाद, राशिद अंसारी, अनिकेत कुमार और मेहुल कृष्णा आदि शामिल थे।

## डोरंडा महाविद्यालय में प्रतियोगिता का आयोजन




**रांची (आजाद सिपाही)।** डोरंडा महाविद्यालय रांची में वायु प्रदूषण विषय पर केंद्रित भाषण, निबंध, पेंटिंग एवं स्लोगन प्रतियोगिता में NSS यूनिट 1,2,3 के वॉलिंटियर्स ने भाग लिया। जिसमें भाषण के विजेता प्रथम आकाश कुमार, दूसरे स्थान पर ईंशा कायनात, और तीसरे स्थान पर शशांक त्रिवेदी रहे। निबंध में पहले स्थान पर रोहिणी कुमारी दूसरे स्थान पर रेखा कुमारी और तीसरा स्थान पर सहिबा कौसर। पेंटिंग में पहले स्थान पर नाहिद सबा, दूसरे स्थान पर रूबी परवीन और तीसरा स्थान पर संकल्प कुमार रहे। स्लोगन में पहले स्थान पर ऋषभ राज दूसरे स्थान पर रिमी कुमारी, तीसरे स्थान पर नीतू कुमारी रही। सभी विजेताओं को विश्वविद्यालय स्तर पर 4 सितंबर को होने वाले प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम में एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर कंचन मुंडा, प्रोफेसर एमलिन केरकेट्टा की देखरेख में संपन्न हुआ। विश्वविद्यालय स्तर पर चयनित सभी वॉलिंटियर्स को बधाई और शुभकामनाएं दी गयी।

## बैंक ऑफ इंडिया अधिकारी संघ झारखंड राज्य इकाई की 19वीं आमसभा का आयोजन आज

**रांची (आजाद सिपाही)।** बैंक ऑफ इंडिया अधिकारी संघ झारखंड राज्य इकाई की 19वीं वार्षिक आमसभा का आयोजन रविवार को रांची के गुरुनानक उच्च मध्य विद्यालय ऑडिटोरियम में होना है। सभा में पटना से बैंक अधिकारियों के सबसे बड़े संगठन ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स कन्फेडरेशन (एआइबीओसी) के चेयरमैन और फेडरेशन ऑफ बैंक ऑफ इंडिया ऑफिसर्स एसोसिएशंस के महासचिव कॉमरेड सुनील कुमार, मुंबई से फेडरेशन के अध्यक्ष कॉमरेड निलेश पवार, कोलकाता से चेयरमैन कॉमरेड संजय दास, गांधीनगर से कार्यकारी अध्यक्ष कॉमरेड स्वेतांग त्रिवेदी और भुवनेश्वर से उपाध्यक्ष कॉमरेड कमलजीत महापात्र मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहेंगे। राज्य इकाई की ओर से बैंक ऑफ इंडिया अधिकारी संघ झारखंड राज्य इकाई के महासचिव कॉमरेड सुनील लकड़ा, अध्यक्ष कॉमरेड अमित कुमार, एआईबीओसी के झारखंड राज्य सचिव कॉमरेड प्रकाश उरांव, अखिल भारतीय बैंक ऑफ इंडिया एससी / एसटी / ओबीसी कर्मचारी संघ के कार्यकारी अध्यक्ष और एससी / एसटी / ओबीसी कर्मचारी संघ झारखंड राज्य के महासचिव कॉमरेड अरूण जॉन प्रबाल अपने विचार रखेंगे।

## सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया का चार्टर्ड एकाउंटेंट मीट

**रांची (आजाद सिपाही)।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय, रांची द्वारा चार्टर्ड एकाउंटेंट मीट का आयोजन स्थानीय होटल में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सेंट्रल बैंक के महाप्रबंधक वाइ अनिल कुमार द्वारा दीप प्रज्जवलन के द्वारा किया गया। इस अवसर पर चार्टर्ड एकाउंटेंट एवं सेंट्रल बैंक की भूमिका पर प्रकाश डालते हुये श्री कुमार ने बैंक की विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर बोलते हुए सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय प्रमुख सुनील कुमार ने कहा कि सीए एवं बैंक एक दूसरे के पूरक हैं तथा इस तरह के आयोजन से ना केवल हमारे बीच आपसी समझ बढ़ेगी, बल्कि इससे हमारे संबंध और भी प्रगाढ होंगे। इस अवसर पर प्रेसिडेंट आइसीएआइ, राची चाप्टर पंकज मक्कर ने इस तरह के आयोजन के लिए बैंक के प्रति आभार प्रकट किया। इस अवसर पर वाइस प्रेसिडेंट आइसीएआइ, रांची चाप्टर श्रद्धा वागला, प्रभात अग्रबाल, आलोक कुमार, मुख्य प्रबंधक ने भी अपने विचार रखे। बैंक की विभिन्न योजनाओं के संबंध में बैंक के अधिकारी मनीष कुमार एवं अमित कुमार ने पूछे गये प्रश्नों का समाधान दिया। कार्यक्रम में पीयूष मोदी, श्वेता भगत, मनीष कुमार साह, राजीव सिंह, नीतू लकड़ा, प्रशांत प्रसून, संतोष कुमार, सौरभ कुमार, सोनल कुमार सिन्हा उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन प्रशांत देशपांडे उप क्षेत्रीय प्रमुख सेंट्रल बैंक आफ इंडिया ने किया।

## रांची नगर निगम के नगर प्रशासक से मिलकर जारी मृत्यु प्रमाण पत्र के संबंध में जानकारी दी

**रांची (आजाद सिपाही)।** शनिवार को पांच सदस्य प्रतिनिधिमंडल रांची नगर निगम के नगर प्रशासक अमित कुमार से मुलाकात कर रांची नगर निगम द्वारा ननकी तिगा के जारी मृत्यु प्रमाण पत्र को गलत एवं साजिश पूर्वक नगर निगम के पदाधिकारी ने चुमनू किशोर तिगा को देने आदि से अवगत कराया एवं दोषी पदाधिकारी एवं कर्मचारी तथा व्यक्ति पर कानूनी कार्रवाई की मांग किया। ननकी तिगा के मृत्यु प्रमाण पत्र में सुधार करते हुए उसकी मां बिगो खालको को जीवित दिखाने तथा चुमनू किशोर टीका का नाम मृत्यु प्रमाण पत्र से हटाने आदि बातों से अवगत कराया। सभी बातों को सुनने एवं कागजातों को देखने के बाद नगर प्रशासक ने कहा कि गलत प्रमाण पत्र को सुधार करते हुए मृतक ननकी तिगा की मां बिगो खालको के नाम से प्रमाण पत्र जारी किया जायेगा और मृत्यु प्रमाण पत्र से चुमनू किशोर तिगा को नाम हटाया जायेगा। प्रतिनिधिमंडल में लोकेश खड़ाकों, उपेंद्र कुमार, सुरेंद्र पासवान भिगो खलखो, सरोज मिंज, अजय खलखो और अमित महतो शामिल थे।

## इंडिया सीजन 1 के ग्रैंड फिनाले के विजेता राहुल भगत का रांची में जोरदार स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के सभी कला प्रेमी एवं नृत्य संस्थान सेंसेशनल डांस एकेडमी के तत्वावधान में अमेजन मिनी टीवी रियलिटी शो 'हिप-हॉप-इंडिया' सीजन 1 के ग्रैंड फिनाले के विजेता पहुंचे रांची के युवा राहुल भगत का बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर जोरदार स्वागत, केंद्रीय सरना समिति, केंद्रीय धूमकुडिया, सरना सदन मूलवासी मंच, बिरसा यूथ ऑर्गेनाइजेशन क्लब, बिरसा जनकल्याण विकास समिति, एवं समाज के गण मन लोगों के द्वारा गर्म जोशी के साथ पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। भगवान बिरसा मुंडा एयरपोर्ट निकालकर बिरसा चौक पहुंच कर भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर राहुल भगत ने माल्यार्पण कर भगवान बिरसा मुंडा को नमन किया। उसके बाद केंद्रीय धूमकुडिया पहुंचकर राहुल भगत के सम्मान में साम्मान समारोह का आयोजन किया गया।



इसमें मुख्य रूप से आयोजनकर्ता फूल माला बुके एवं सरना अंगवस्त्र देखकर सम्मानित किया गया एवं साथ ही साथ उनके माता-पिता गुरु जनों एवं समाज के गणमान्य लोगों को भी फूलमाला एवं सरना अंग वस्त्र देखकर सम्मानित किया गया।

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्य पहान जगलाल पहान केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा केंद्रीय धुमकुड़िया अध्यक्ष सुनील टोप्पो सरना सदन मूलवासी मंच के अध्यक्ष सूरज टोप्पो बिरसा युथ ऑर्गेनाइजेशन के अध्यक्ष अजित लकड़ा बिरसा विकास जन कल्याण समिति के अध्यक्ष अनिल उरांव झारखंड आंदोलनकारी कुमोद कुमार वर्मा अंतर्राष्ट्रीय कलाकार नंदलाल नायक मंदार सम्राट पुरण नायक झारखंड के मशहूर गायक देवदास विश्वकर्मा, महासचिव अभय भुट्ट कुंवर, प्रिया बर्मन, राहुल भगत के पिता रमेश भगत, माता दयामनी भगत, राहुल भगत के गुरु जन रवि तिग्गा, अनमोल खलखो, राजू तिर्की, दिपू, वसीम आलम स्वागत में उपस्थित थे।

## फैशन प्वाइंट का प्रीमियम शो 12 से होटल रेडिशन में

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** फैशन प्वाइंट वेडिंग एग्जिबीशन तीज त्योहार और वेडिंग सीजन को देखते हुए आपके लिए लेकर आ रहा है प्रीमियम शो। शो 12 और 13 सितंबर को रांची में होटल रेडिशन ब्लू में होगा। यहां देश भर के प्रसिद्ध डिजाइनरों के एक्सक्लुसिव कलेक्शन प्रदर्शित होंगे। साथ हीं साथ आप एक हीं छत के निचे देख सकेंगे मेट्रो सिटी के लेटेस्ट कलेक्शन। इनमें एथनिक वियर, वेस्टर्न वियर, इंडो वेस्टर्न, हैंड मैड ज्वेलरी, लक्जरी होम डेकोर, और बहुत कुछ शामिल हैं. साथ हीं बनारस की एक्सक्लुसिव, प्योर और स्पेशल साडियां आपको आकर्षित करेंगी। वही लखनव की ऑल रेंज की चिकेनकारी स्पेशल ड्रेस, साड़ी पार्टी वियर, सेमी पार्टी वियर, किट्टी पार्टी वियर, कोकटेल पार्टी वियर आपका दिल जीत लेगी। दिल्ली बम्बई, लुधियाना, लखनऊ, कानपुर बनारस के कलेक्शन, बैंगलोर के डिजाइनर साड़ी, ड्रेस, गाउन, को ऑर्ड सेट, फैशन सेंस और पाकिस्तान शरारा गारारा से अपने वार्डरॉब को नया टच डे सकतें हैं। शो में इस बार आपको बिल्कुल कुछ नया देखने को मिलेगा, वो है हर ऐज के लिए से लाये गये वेस्टर्न वियर.की ड्रेस, सूट, की एक्सक्लुसिव रेंज साड़ी, बयान सिल्क का यूनिक कलेक्शन के अलावा कश्मीर के साड़ी और ड्रेस भी कुछ खास है। वहीं सूरत और मुंबई के बेस्ट ज्वेलर्स अपनी सर्टिफाइड प्रोडक्ट लेकर खास रांची वासियों के लिए लेकर आ रहें हैं। रीयल ज्वेलरी आपका दिल लुभायेगी। शो स्पेशल एडिशन लेकर आ रहा है होम डेकोर प्रोडक्ट में आपको प्लेटर, बेड कवर, बेड शीट के यूनिक कलेक्शन देख सकेंगे। वहीं मेले की संचालिका रीना अग्रवाल ने बताया कि फैशन पॉइंट और ख्याति... द बुटीक का संयुक्त प्रयास। लाइफस्टाइल प्रदर्शनी में आने वाले डिजाइनर्स के लिए एक दिलकश फैशन शो का आयोजन हो रहा है, जहाँ वे अपने डेसेस और आभूषणों को एक और खूबसूरत तरीके से प्रदर्शित कर सकेंगे। इसके द्वारा ग्राहकों को एक बड़ी और बेहतर विकल्प उपलब्ध होगा, जिससे उनकी वस्त्र और आभूषण की चयन सुविधा में वृद्धि होगी। मेले में प्रतिदिन लकी ड्रा का भी आनंद उठा सकते हैं, जितने वाले को चांदी का सिक्का एवं गिफ्ट हैंपर दिया जायेगा।

**दुर्गापूजा दिवाली और शादी की शॉपिंग करें शॉपिंग :** एक्सक्लूसिव साड़ी, डिजाइनर साड़ियां किड्स वियर फैशन प्वाइंट इस एग्जिबिशन को इस प्रीमियर डिजाइनर आपके शहर रांची में 12 सितंबर एवं 13 सितंबर होटल रेडिशन ब्लू में ला रहा है। यहां आपको घर सजाने से लेकर इंडियन वेयर वेस्टर्न वेयर एंडो वेस्टर्न, होम डेकोर सभी उपलब्ध होंगे। संपूर्ण भारत से काफी तैयारी के साथ देशभर के डिजाइनर आ रहे हैं। आप भी जरूर से जरूर आये एवं दुर्गापूजा दिवाली की शॉपिंग करें और साथ ही शादी की शॉपिंग भी कर सकते हैं। इसी कड़ी में 15 और 16 सितंबर को होटल ब्लैक रॉक धनबाद में मेले का आयोजन किया जा रहा है।

## आदिवासी महिला के साथ मारपीट, निर्वस्त्र कर दुष्कर्म का प्रयास, वीडियो वायरल



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** कटकमदाग स्थित बेंदी में आदिवासी महिला के साथ मारपीट और निर्वस्त्र कर दुष्कर्म का प्रयास करने का मामला सामने आया है। सोशल मीडिया में इस घटना से संबंधित वीडियो भी वायरल हुआ है। इस संबंध में कटकमदाग थाने में आवेदन दिया गया है। आवेदन में महिला ने बताया है कि एक समुदाय विशेष के छह लोगों ने उसके साथ मारपीट की है। साथ ही उसे निर्वस्त्र कर उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया गया. उस वक्त वह घर में अकेली थी। एक छोटा बेटा मौजूद था। पति बाहर रहकर दिहाड़ी मजदूर का काम करता है। महिला के चिल्लाने पर आसपास के लोग और परिजन आये, तो सभी आरोपी उन लोगों के साथ भी मारपीट करने लगे। महिला ने आवेदन देकर न्याय की गुहार लगायी है। इस संबंध में ग्रामीण एसडीपीओ राजीव कुमार ने बताया कि थाने में अगर आवेदन दिया गया है, तो कार्रवाई होगी। मामला उनके संज्ञान में नहीं है।

# सीट बंटवारे का सवाल

विपक्षी दलों के आइएनडीआइए गठबंधन के नेताओं की मुंबई में हुई दो दिवसीय बैठक से निकले नतीजों पर गौर करें, तो साफ दिखता है कि लोकसभा चुनाव समय से पहले होने की अटकलों को गठबंधन नेतृत्व ने गंभीरता से लिया है। जो तीन प्रस्ताव इस बैठक में स्वीकार किये गये, उनमें भी इसकी छाप नजर आती है। पहले प्रस्ताव में ही यह साफ कर दिया गया है कि अगला लोकसभा चुनाव जहां तक संभव होगा, साथ लड़ेंगे। यह घोषणा एक तरह से इस आशंका या सवाल को समाप्त कर देती है कि पता नहीं ये दल एक साथ आ पायेंगे या नहीं। कहा जा सकता है कि वे साथ आ चुके हैं। हालांकि इन दलों के बीच हितों का जो सहज टकराव था, वह दूर नहीं हुआ है। इसीलिए सिर्फ लोकसभा चुनावों की बात की गयी। इसमें विधानसभा चुनावों को शामिल नहीं किया गया है। यही नहीं, जहां तक संभव होगा का प्रयोग बताता है कि सही अर्थों में सहमति बनाने के लिए अभी काफी मशक्कत करने की जरूरत पड़ेगी और ऐसी भी सीटें होंगी ही, जहां तमाम मशक्कतों के बावजूद सहमति नहीं बन पायेगी। ऐसे ही दूसरे प्रस्ताव में कहा गया है कि आइएनडीआइए के सदस्य जल्द से जल्द सार्वजनिक रैली आयोजित करना शुरू कर देंगे। तीसरे प्रस्ताव में कम्युनिकेशन और मीडिया स्ट्रैटेजी का जिक्र करते हुए स्पष्ट किया गया कि यह जुड़ेगा भारत, जीतेगा इंडिया पर आधारित होगा। जाहिर है, ये तीनों प्रस्ताव जल्द से जल्द चुनाव प्रचार के मोड में आने का ही ऐलान हैं। 13 सदस्यों की जो को-ऑर्डिनेशन कमिटी घोषित की गयी है, वह भी काफी महत्वपूर्ण है। इसमें सभी प्रमुख दलों को जगह दी गयी है और यह इस गठबंधन की सर्वोच्च निर्णायक इकाई के रूप में काम करेगी। इस घोषणा के जरिए यह भी सुनिश्चित करने की कोशिश हुई है कि सीटों के बंटवारे को लेकर जो भी मुद्दे उठने वाले हैं वे उठें तो जरूर, लेकिन सार्वजनिक तौर पर अनिश्चितता या असमंजस का कारण न बनें। इसकी संभावना कम इसलिए हो गयी है, क्योंकि को-ऑर्डिनेशन कमिटी के रूप में इन मुद्दों को निपटाने का एक मैकेनिज्म अस्तित्व में ला दिया गया है। हालांकि अलग-अलग विचारधारा, नीति, अजेंडा और हितों वाले दलों का साथ चलना कितना मुश्किल है, यह इससे भी पता चलता है कि पहले से घोषणा हो जाने के बावजूद संगठन का लोगो जारी नहीं किया जा सका। संयोजक को लेकर भी किसी नाम की घोषणा नहीं हो सकी। वैसे मान कर चलना चाहिए कि आगे ऐसी और भी असहमतियां सामने आयेंगी। हो सकता है मतभेद मनमुटाव का भी रूप लेते दिखें, लेकिन ये दल मुंबई में की गई घोषणाओं पर कायम रहें, तो इतना जरूर है कि सत्तारूढ़ पक्ष के लिए साझा चुनौती ये बन चुके हैं। भारतीय लोकतंत्र के मौजूदा मोड़ पर विपक्ष के स्पेस की राजनीति के लिए यह छोटी बात नहीं।

**अलग-अलग विचारधारा, नीति, अजेंडा और हितों वाले दलों का साथ चलना कितना मुश्किल है, यह इससे भी पता चलता है कि पहले से घोषणा हो जाने के बावजूद संगठन का लोगो जारी नहीं किया जा सका।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**एक साथ चुनाव कराने का एक मुख्य तर्क यह है कि इससे काफी समय और संसाधनों की बचत होगी। वर्तमान में, भारत में चुनाव चरणों में होते हैं, जिसकी प्रक्रिया कई महीनों तक चलती है। यह न केवल सरकार के सामान्य कामकाज को बाधित करता है, बल्कि राजकोष पर बड़ा बोझ भी डालता है। एक साथ चुनाव कराने का मतलब होगा कि प्रक्रिया की अवधि और समग्र लागत को कम करना।**

# एक साथ चुनावों की प्रासंगिकता

**श्याम जाजू**




**2017 में नीति आयोग ने भी एक विश्लेषण पत्र जारी करके समकालिक चुनावों की सिफारिश की थी। नीति आयोग ने तो 2024 में लोकसभा और विधानसभा चुनावों को एक साथ करने का सुझाव भी दे दिया था, क्योंकि नीति आयोग का मानना था कि लोकसभा और विधानसभा, दोनों चुनाव एक साथ कराना राष्ट्रहित में होगा।**

वर्तमान दो वर्ष देश के लिए चुनावी वर्ष कहे जा सकते हैं। इस साल 2023 में 10 राज्यों में चुनाव होने हैं, वहीं अगले साल 2024 में 7 राज्यों और लोकसभा के चुनाव भी होने हैं। अर्थात 2 वर्षों में 18 चुनाव! इनके साथ ही कई विधानसभाओं और लोकसभा की कुछ सीटों के लिए उपचुनाव भी होंगे। मतलब यह कि आने वाले दिनों में देश चुनावों में व्यस्त रहेगा, पर ऐसे समय में जब देश-दुनिया अनेक चुनौतियों से दो-चार हो रहे हैं, पूरी मानवता कोविड और यूक्रेन युद्ध के दुष्प्रभावों से जूझ रही है और जिस समय देश संघर्षों से लड़ कर अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में लगा है, क्या ये उचित लगता है कि सारा देश और प्रशासनिक तंत्र चुनावों की व्यवस्था में ही लग जाये?

क्या यह उचित नहीं होगा कि सारे चुनाव एक बार में, एक साथ कराये जायें और बार-बार चुनावों पर होने वाले खर्च और व्यवधान से बचा जा सके? देश की चिंता करने वालों के मन में यह विचार बार-बार आता है। समय आ गया है कि हम सब इस पर गंभीरता से विचार करें। एक साथ चुनाव कराने का एक मुख्य तर्क यह है कि इससे काफी समय और संसाधनों की बचत होगी। वर्तमान में, भारत में चुनाव चरणों में होते हैं, जिसकी प्रक्रिया कई महीनों तक चलती है। यह न केवल सरकार के सामान्य कामकाज को बाधित करता है, बल्कि राजकोष पर बड़ा बोझ भी डालता है। एक साथ चुनाव कराने का मतलब होगा कि प्रक्रिया की अवधि और समग्र लागत को कम करना। एक साथ चुनाव कराने के पक्ष में एक और तर्क यह है कि इससे अधिक स्थिर शासन को बढ़ावा मिलेगा। लगातार होते चुनावों और सत्ता परिवर्तन से सरकारी नीतियों और कार्यक्रमों की निरंतरता बाधित होती है, साथ ही सरकार की जवाबदेही में भी कमी आ जाती है। सरकार का ध्यान शासन से हट कर चुनाव प्रचार पर चला जाता है। एक साथ चुनाव कराने का मतलब होगा कि सत्ता में रहने वाली सरकार पूरे कार्यकाल के लिए लोगों के प्रति जवाबदेह होगी, जिससे अधिक बेहतर शासन की संभावना बढ़ेगी। इसके अतिरिक्त, एक साथ चुनाव से मतदान प्रतिशत बढ़ सकता है। जब चुनाव अलग-अलग समय पर और बार-बार होते हैं, तो मतदाताओं को अरुचि होनी शुरू हो जाती है, जिससे मतदान प्रतिशत कम हो जाता है। एक ही समय में सभी चुनाव कराने से, मतदाताओं के लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लेने की अधिक संभावना होगी।

**2014 के चुनावों से पूर्व इस मुद्दे को भारतीय जनता पार्टी के मैनिफैस्टो में भी शामिल किया गया था।**

प्रधानमंत्री मोदी देश में समकालिक चुनावों के बड़े हिमायती हैं और अनेक बार देश में एक साथ चुनावों को लेकर सार्वजनिक मंचों पर अपनी राय जाहिर कर चुके हैं। 2014 के चुनावों से पूर्व इस मुद्दे को भारतीय जनता पार्टी के मैनिफैस्टो में भी शामिल किया गया था। उसी साल जून में एक इंटरव्यू में उन्होंने एक साथ चुनाव कराने को अत्यंत आवश्यक बताया था और चुनाव-आयोग का आह्वान किया था कि वो यह संभव बनाने की दिशा में काम करे। प्रधानमंत्री ने एक साथ चुनावों की वकालत करते हुए कहा था कि इस कदम से सार्वजनिक जीवन में पारदर्शिता बढ़ाने व भ्रष्टाचार से लड़ने में मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री मोदी की पहल का समर्थन चुनाव आयोग भी कर चुका है पर वह इसके लिए सभी दलों की सहमति चाहता है। पूर्व में वरिष्ठ नेता लाल कृष्ण अडवानी भी 1995 और 2010 में इस मुद्दे को जोर-शोर से उठा चुके हैं।

पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने भी लोकसभा और विधानसभाओं का चुनाव एक साथ कराने का समर्थन किया था। उन्होंने कहा था, चुनावी सुधार पर सकारात्मक चर्चा का वक्त आ गया है। समय आ गया है कि हम पुराने समय में लौट जाएं, जब स्वतंत्रता के तुरंत बाद लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव साथ-साथ होते थे। समाजवादी पार्टी के नेता पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को भी कई प्रसंगों में बोलते हुए एक ही समय चुनाव होने के पक्ष में राय देते हुए मैंने देखा है। एक साथ चुनावों की कवायद, दरअसल, लंबे समय से चल रही है। दिसंबर, 2015 में भी संसद की एक स्टैंडिंग कमेटी नें देश में सभी विधानसभा चुनावों को दो चरणों में संपन्न कराने की संस्तुति की थी।

अप्रैल, 2018 में विधि आयोग ने समकालिक चुनावों पर तीन पृष्ठों का एक श्वेत पत्र जारी किया था। इस मसौदे में विधि आयोग ने तथ्यों के आधार पर समकालिक चुनावों की जरूरत पर बल देते हुए इससे जुड़ी व्यापक चर्चा का आह्वान भी किया था। इस विषय पर 2017 में नीति आयोग ने भी एक विश्लेषण पत्र जारी करके समकालिक चुनावों की सिफारिश की थी। नीति आयोग ने तो 2024 में लोकसभा और विधानसभा चुनावों को एक साथ करने का सुझाव भी दे दिया था, क्योंकि नीति आयोग का मानना था कि लोकसभा और विधानसभा, दोनों चुनाव एक साथ कराना राष्ट्रहित में होगा। सवाल है कि क्या वाकई अब समय आ गया है कि देश को समकालिक चुनावों की तरफ ले जाने की पहल करनी चाहिए? क्या इसके लिए यह सर्वाधिक अनुकूल अवसर नहीं है क्योंकि देश में सर्वाधिक हिस्से में सत्ता पर काबिज दल इसके लिए तैयार हैं! क्या इस अवसर को समकालिक चुनावों के लिहाज से इसलिए माकूल नहीं माना चाहिए, क्योंकि सत्ताधारी दल के साथ-साथ विधि आयोग और नीति आयोग जैसी संस्थाएं इस पर गंभीरता के साथ विचार कर रही हैं!

एक साथ चुनाव कराने के पक्ष में दिए जाने वाले मूलतः 4 तर्क हैं : 1. इससे बार-बार चुनाव कराने के खर्च से बचा जा सकेगा जिससे न केवल धन बल्कि समय की भी बचत होगी, 2. मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट अर्थात आचार-संहिता की वजह से शासकीय कार्यों को ठप होने से रोका जा सकेगा और सरकारें बार-बार चुनाव के बजाय शासन करने पर ध्यान दे पाएंगी? 3. सार्वजनिक जीवन में चुनाव से होने वाले व्यवधानों को सीमित किया जा सकेगा और 4. लगभग हर समय किसी ने किसी चुनावों में तैनात हमारे सुरक्षा-बलों को सुरक्षा और कानून-व्यवस्था के रख-रखाव में लगाया जा सकेगा।

**(लेखक : निवर्तमान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

# एनसीसी समारोह में कर्नल विनय आहूजा ने कैडेटों का हौसला बढ़ाया



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**घाटशिला।** घाटशिला कॉलेज में एनसीसी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। शनिवार को सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि 37 झारखंड बटालियन एनसीसी के कमांडिंग अधिकारी कर्नल विनय आहूजा शामिल हुए। कॉलेज परिसर में पारंपरिक रीति-रिवाज से अथिति का अभिनंदन किया गया। वही प्राचार्य डॉ आरके चौधरी ने कर्नल विनय आहूजा को अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने एनसीसी परेड का निरीक्षण कर कई दिशा निर्देश दिये। मौके पर प्राचार्य डॉ आरके चौधरी ने घाटशिला महाविद्यालय में एक प्लाटून एनसीसी से बढ़ाकर एक कंपनी एनसीसी की स्थापना करने का पक्ष रखा।

इस अवसर पर कर्नल आहूजा ने एनसीसी का सी ग्रेड परीक्षा में उत्तीर्ण कैडेटों को प्रमाण पत्र व मेडल देकर पुरस्कृत किया। वही घाटशिला कॉलेज के एनसीसी गतिविधियों से कर्नल विनय आहूजा काफी खुश दिखे। श्री आहूजा ने कहा महाविद्यालय में एनसीसी की समस्त गतिविधियां अति प्रशंसनीय है। मौके पर कार्यक्रम का संचालन प्रो इंदल पासवान एवं धन्यवाद ज्ञापन लेफ्टिनेंट महेश्वर प्रमाणिक ने किया। एनसीसी के गीत के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर शिक्षकों में डॉ एसके सिंह, डॉ संदीप चंद्रा, डॉ डीसी राम, डॉ एसपी सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

# अनुसूचित जनजाति के लिए छात्रावास का उद्घाटन 9 को, अर्जुन मुंडा होंगे मुख्य अथिति



**चाकुलिया (आजाद सिपाही)।** स्वामी विवेकानंद आइटीआइ कॉलेज में अनुसूचित जनजाति के लिए निर्मित 100 बेड वाले छात्रावास बन कर तैयार हो गया। 9 सितंबर को छात्रावास का उद्घाटन केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा द्वारा किया जाएगा। कॉलेज के प्राचार्य तरुण महंती ने जमशेदपुर में आवास में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा से मुलाकात कर आमंत्रण पत्र सौपा। समारोह में विशिष्ट अतिथि सांसद विद्युत वरण महतो, आदिवासी कल्याण मंत्री चंपई सोरेन, विधायक समीर कुमार महंती, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री डॉ दिनेश कुमार षाड़ंगी, भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी उपस्थित होंगे।

# जेएआरडीसीएल की एंबुलेंस सेवा बंद होने की सूचना पर कांड्रा के लोगों में आक्रोश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कांड्रा।** सड़क पर टोल नाका लगाकर प्रतिदिन लाखों की कमाई करने वाली कंपनी जेएआरडीसीएल के हालिया फरमान से कांड्रा व आसपास के लोगों में आक्रोश व्याप्त है। जेएआरडीसीएल कंपनी ने खर्च में कमी लाने की हवाला देते हुए एक एंबुलेंस सेवा को तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया। ज्ञात हो कि जेएआरडीसीएल कंपनी की ओर से सरायकेला आदित्यपुर व कांड्रा में एम्बुलेंस सुविधा उपलब्ध कराया गया था। लेकिन एक सितम्बर से एम्बुलेंस सेवा बंद कर एम्बुलेंस कर्मियों को नौकरी से हटा दिया। अब कांड्रा व आसपास क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में घायलों को तत्काल बेहतर इलाज के लिए ले जाना मुश्किल साबित होगा।




पूर्व में सड़क दुर्घटना में घायलों को तत्काल जेआरडीसीएल कंपनी के एंबुलेंस उपलब्ध हो जाता था। जिससे समय रहते घायलों का जान बचने का संभावनाएं रहती थी। लेकिन अब एंबुलेंस की तत्काल सेवा नही होने पर राहगीरों की परेशानी बढ़ सकती है। गौरतलब है उक्त सड़क मार्ग से रोजाना सैकड़ो गाड़ियों की यातायात रहती है। अक्सर सड़क दुर्घटनाएं होती रहती हैं। वही जिले के डीसी के द्वारा सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए व्यापक रणनीति बनाई गई थी। उसके अनुरूप जिला प्रशासन के निर्देश पर अभियान भी चलाया जा रहा है।इसके बावजूद जेआरडीसीएल कंपनी के द्वारा एंबुलेंस जैसी महत्वपूर्ण सेवा को बंद करना जनता के लिए दुर्भाग्य है। जबकि कांड्रा में दो-दो टोल प्लाजा से प्रतिदिन लाखों की वसूली की जाती है। उधर स्थानीय लोगों की माने टोल रोड होने के बावजूद कांड्रा में पूरी रोड धूल से भरी नजर आती है। दो पहिया वाहन चालकों व पैदल चलने वाले राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इससे जेएआरडीसीएल के अधिकारी और कर्मचारी की कोई दिलचस्पी नहीं दिखाते। पूर्व में 15 सफाई कर्मियों द्वारा सड़कों की साफ सफाई की जाती थी। उसमें भी कटौती कर मात्र 5 सफाईकर्मियों से ही काम लिया जाता। जिसके कारण सड़कों पर धूल उड़ रही है। साथ ही कंपनी द्वारा लगायी गयी स्ट्रीट लाइट में आधे से ज्यादा खराब पड़ी है। इस तरफ किसी का ध्यान नहीं है। वहीं इस संबंध में जेएआरडीसीएल के जीएम से संपर्क करने पर उन्होंने एंबुलेंस उपलब्ध रहने की बात कही।

# सूर्य मंदिर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव की तैयारियां जोरों पर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर के सिदगोड़ा सूर्य मंदिर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव की तैयारी जोरो पर है। जन्माष्टमी पर शहर के सैकड़ों बच्चे राधा-कृष्ण का रूप धारण करेंगे। जबकि सूर्य मंदिर परिसर में सैकड़ों प्रतिभागी सामूहिक नृत्य से समां बांधेंगे। वहीं, मटकी फोड़ प्रतियोगिता का भी आयोजित होगी। समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने बताया सिदगोड़ा स्थित सूर्यधाम में 5 से 7 सितंबर तक श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव पूरे धूमधाम से मनाया जाएगा। मौके पर राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री व मंदिर कमेटी के मुख्य संरक्षक रघुवर दास, संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह मौजूद रहेंगे। उन्होंने बताया 7 सितंबर को सूर्य मंदिर परिसर में शाम 5 बजे बाल राधा-कृष्ण सजाओ प्रतियोगिता का फाइनल व शाम 6 बजे सामुहिक नृत्य प्रतियोगिता का फाइनल होगा। जिनमें चयनित प्रतिभागी भाग लेंगे। इसके साथ ही, मटकी फोड़ प्रतियोगिता में पुरुष एवं महिलाएं अलग-अलग भाग लेंगे, जिसका आयोजन 7 सितंबर को सुबह 10 बजे से किया जायेगा। कार्यक्रम को लेकर सूर्य मंदिर कमेटी ने प्रभारियों की नियुक्ति की। बाल राधा-कृष्ण सजाओ प्रतियोगिता के प्रभारी गुंजन यादव, अखिलेश चौधरी, रूबी झा एवं कंचन दत्ता को बनाया गया है। सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता के प्रभारी दिनेश कुमार, शैलेश गुप्ता, बंटी अग्रवाल एवं प्रमोद मिश्रा एवं एकल दही हांडी फोड़ प्रतियोगिता के प्रभारी अमरजीत सिंह राजा, शशिकांत सिंह, प्रेम झा एवं कृष्णमोहन सिंह बनाये गये हैं।

# टाटा स्टील एशियन जूनियर ओपन एंड गर्ल्स चेस चैंपियनशिप 7 से

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील एशियन जूनियर ओपन एंड गर्ल्स चेस चैंपियनशिप का आयोजन 7 से 15 सितंबर के तक जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में किया जाएगा। शुक्रवार को टाटा स्टील के बीपी चाणक्य चौधरी ने इसकी जानकारी दी। मौके पर श्री चौधरी ने बताया नेशनल प्रतियोगिता में कजाकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान, बांग्लादेश, श्रीलंका, रूस, इंडोनेशिया व नेपाल सहित लगभग 9 देशों के कुल 123 शतरंज खिलाड़ियों ने अपनी भागीदारी की पुष्टि की है। श्री चौधरी ने बताया 7 सितंबर को होने वाले उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि चेस आइकन विश्वनाथन आनंद की उपस्थिति इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ायेगी। अंतर्राष्ट्रीय चैंपियनशिप प्रतियोगिया में जमशेदपुर को एक प्रसिद्ध खेल केंद्र में बदलने का प्रमाण होगी, जो अंतरराष्ट्रीय आयोजनों की मेजबानी करने में सक्षम है। टाटा स्टील के वाईस प्रेसिडेंट कॉर्पोरेट सर्विसेज चाणक्य चौधरी ने बताया यह ऐतिहासिक कार्यक्रम न केवल खेल के प्रति टाटा स्टील की प्रतिबद्धता को उजागर करती है बल्कि राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय खेल आयोजनों के केंद्र के रूप में शहर की बढ़ती प्रमुखता को भी दर्शाता है। टाटा स्टील में खेल हमेशा जीवन जीने का एक तरीका रहा है। इस तरह की अंतर सांस्कृतिक बातचीत शतरंज के खेल में नये आयाम जोड़ेगी। टाटा स्टील एशियन ओपन एंड गर्ल्स चेस चैंपियनशिप 2023 के चीफ आर्बिटर धर्मेंद्र कुमार ने कहा यह गर्व की बात है



भारत को फिर से एशियाई शतरंज चैंपियनशिप की मेजबानी करने का मौका मिला है। यह पहली बार ऐसे प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, जहां कोई कॉरपोरेट घराना इस तरह के आयोजन में शामिल हुआ है। पहली बार इस स्तर की शतरंज चैंपियनशिप की मेजबानी झारखंड में की जा रही है। यह शतरंज को बढ़ावा देने एवं क्षेत्र में युवा प्रतिभाओं को पोषित करने की टाटा स्टील की प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। उन्होंने बताया चैंपियनशिप में दो श्रेणियां होंगी। एशियन जूनियर ओपन (लड़के और लड़कियां) और एशियन गर्ल्स चेस चैंपियनशिप। यह दोहरी संरचना सुनिश्चित करती है, ताकि दोनों लिंगों के खिलाड़ियों को उत्कृष्टता हासिल करने का समान अवसर मिल सके।

**टाटा स्टील का शतरंज से जुड़ाव :** शतरंज के साथ टाटा स्टील के सफर की शुरुआत दशकों पहले हुई थी, जो बौद्धिक गतिविधियों और रणनीतिक सोच को बढ़ावा देने के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। उल्लेखनीय है 1986 में टाटा स्टील इनविटेशनल ग्रैंड मास्टर्स चेस टूर्नामेंट के बाद 1988 में कोलकाता में आयोजित दूसरा टूर्नामेंट शामिल है। टाटा स्टील ने शतरंज की क्षमता को पहचानते हुए 1989 में जमशेदपुर में अपना पहला चेस ट्रेनिंग सेंटर स्थापित किया। यह केंद्र तब से प्रतिभाओं के पोषण का केंद्र रहा है। साढ़े तीन से 15 साल की उम्र के 4 हजार से अधिक युवा प्रतिभाशाली छात्रों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षित किया है। विशेष रूप से, इन छात्रों ने कई राष्ट्रीय पदक अर्जित किए हैं। जमशेदपुर के चेस आइकन दिब्येंदु बरुआ ने शहर में शतरंज को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। उनके योगदान में विश्व शतरंज चैंपियनशिप में पांच बार भारत का प्रतिनिधित्व करना और 1988 से 2002 तक शतरंज ओलंपियाड में भाग लेना शामिल है। राधाकृष्ण कामथ और डोलन चंपा बोस ने अंतर्राष्ट्रीय शतरंज मास्टर वरुगेसी कोशी के साथ मिलकर अंतर्राष्ट्रीय चैंपियनशिप में अपना नाम रोशन किया है। जिससे शतरंज की दुनिया में जमशेदपुर की स्थिति और मजबूत हुई है। आगामी दिनों टाटा स्टील एशियन जूनियर ओपन व गर्ल्स चेस चैंपियनशिप उभरते युवा शतरंज खिलाड़ियों को अपने कौशल को बढ़ावा देने व क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का अवसर प्रदान करता है।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 03 सितंबर, 2023
www.azadsipahi.in



# विषाक्त भोजन खाने से मदरसा इस्लामिया के 19 बच्चे बीमार



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कांडी।** प्रखण्ड के मदरसा इस्लामिया के 19 बच्चे विषाक्त भोजन करने से गंभीर रूप से बीमार हो गये। सभी को रेफरल अस्पताल मझियांव भेज दिया गया है। सभी खतरे से बाहर हैं। मदरसा के जितने भी मौलवी थे सभी साथ में गये हैं। जानकारी के अनुसार दोपहर का खाना खाकर लोग बीमार हो गये हैं। ग्रामीणों के अनुसार जहां पर खाना बना था, वहीं पर एक चूहा मारने वाला दवा का पैकेट मिला है। खाना बनाने के बाद लोग नमाज पढ़ने के लिए बगल के मस्जिद में गये हुए थे। इसी दौरान किसी ने दाल में चूहा मारने की दवा मिला दिया था। घटना शनिवार ढाई बजे की है। बीमार बच्चों में परवेज आलम, शहनवाज आलम, असीम अंसारी, मोहम्मद रजा, इरफान खान, गुलाम गौस सहित कूल 19 बच्चे बीमार हैं। घटना की सूचना अभिभावकों को मिली सभी मदरसा की ओर दौड़ पड़े। पंचायत मुखिया विजय राम घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंच कर सभी घायलों को निजी वाहन से इलाज के लिए रेफरल अस्पताल मझिआंव भेजा। घायलों को ले जाने के लिए सरकारी एंबुलेंस नहीं मिली। एसआइ स्वामी रंजन ओझा ने बताया कि अब यह जांच का विषय है कि खाना में जहर मिला हुआ था या नही? सबका इलाज रेफरल अस्पताल मझिआंव में किया जा रहा है।

# हाइकोर्ट के जस्टिस ने किये जीयर स्वामीजी के दर्शन




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस एसएन पाठक ने शनिवार को पूज्य श्रीलक्ष्मीप्रपन्न जीयर स्वामीजी का दर्शन किया। श्री पाठक ने अपने पैतृक गांव में स्थित प्राचीन मंदिर के जीर्णोद्धार के विषय में चर्चा की और मार्गदर्शन मांगा। उन्होंने मंदिर जीर्णोद्धार के बाद उदघाटन समारोह में शामिल होने का अनुरोध किया। उस मौके पर उपस्थित डीसी शेखर जमुआर की अगुवाई में समिति के पदाधिकारियों ने जस्टिस एसएन पाठक को अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। समिति के पदाधिकारियों ने उस मौके पर उपस्थित गढ़वा व्यवहार न्यायालय के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेश शरण सिंह, एसपी अंजनी कुमार झा, नगर ऊंटारी व्यवहार न्यायालय के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार त्रिपाठी को अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह प्रदान कर स्वागत किया। उस मौके पर अध्यक्ष वीरेन्द्र चौबे उर्फ लाल चौबे, उपाध्यक्ष अमित कुमार शुक्ला, मथुरा राम, उपसचिव कैप्टन सुनील कुमार चौबे, लेखा प्रभारी धीरेन्द्र चौबे, सह मीडिया प्रभारी राधेरमण चौबे, उमेश शुक्ला, नीलू चौबे, नवनीत शुक्ला उपस्थित थे।

# भारत राष्ट्र की एकता का आधार है संस्कृत : मदन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** स्थानीय जीएन कॉन्वेंट (10+2) स्कूल में संस्कृत सप्ताह समापन समारोह का आयोजन किया गया।इस समापन समारोह की शुरुआत विद्यालय के निदेशक मदन केशरी एवम उपप्रचार्य बसंत ठाकुर ने इस सम्मलित रूप से दीप प्रज्वलन करकिया। निदेशक ने कहा कि संस्कृत भाषा सर्वोत्कृष्ट है, संस्कारों की रक्षा शिक्षा से ही है, जिसे हमें संस्कृत के द्वारा ही प्राप्त होता है। हमें अपने चरित्र की रक्षा स्वयं करनी चाहिए, संस्कार और संस्कृति का बीजारोपण संस्कृत करता है। संस्कृत भारत राष्ट्र की एकता का आधार है। संस्कृत कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक उदय प्रकाश, संजीव कुमार, मुकेश भारती, नीरा शर्मा, सरिता दुबे, रिजवाना शाहीन, सुषमा तिवारी, सुनीता कुमारी नीलम केशरी, शिवानी कुमारी, खुर्शीद आलम, नरेन्द्र सिन्हा,आलोक सिन्हा की भूमिका सराहनीय रही। मंच का संचालन संस्कृत के जानकार सुषमा तिवारी एवं धन्यवाद ज्ञापन नीलम केशरी ने की।

# गौ, गीता, गंगा के साथ हिंदू सनातन संस्कृति की रक्षा करना ही विहिप का है मुख्य उद्देश्य : सचिंद्रनाथ

- 29 सितंबर को निकलेगी गढ़वा जिला के वंशीधर मंदिर से शौर्य जागरण यात्रा : डॉ बिरेंद्र साहू

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**गढ़वा।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) पलामू, गढ़वा एवं लातेहार जिला की संयुक्त बैठक स्थानीय उत्सव गार्डन में किया गया। बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय सहमंत्री व प्रचार प्रसार केंद्रीय सहप्रमुख सचिंद्रनाथ सिन्हा उपस्थित थे। बैठक में श्री सिन्हा ने कहा श्री कृष्ण अपने विश्व रूप दर्शन करा कर मानव जीवन के यथार्थ को बतलाने का कार्य किया था जो आज गीता के रूप में हम सबों के लिए प्रेरक ग्रंथ के रूप में है। उन्होंने कहा विश्व हिंदू परिषद का लक्ष्य है हिंदू समाज का स्वाभिमान, समृद्धि एवं सम्मान को चिरस्थाई बनाना व गौ, गीता, गंगा के साथ-साथ हिंदू सनातन सांस्कृतिक अवधारणा की दृढ़ीकरण एवं रक्षा करना है। उन्होंने कहा मुस्लिम आक्रांताओं एवं अंग्रेजी शासन के कारण ही यहां के हिंदू समाज कहीं लोभ, कहीं तलवार का भय तो कहीं सेवा का आड़ में मतांतरित हुआ है, जो आज हिंदू समाज के लिए चुनौती बनता चला जा रहा है। उन्होंने कहा इस चुनौतियों को दूर करने के लिए प्रत्येक गांवों तक समिति बनना होगा। इसके लिए कार्यकर्ताओं को समय दानी बनना पड़ेगा। उन्होंने कहा 6-7 सितंबर को विश्व हिंदू परिषद की 60वीं स्थापना दिवस मनायी जायेगी। 7 सितंबर से 25 अगस्त 2024 तक विश्व हिंदू परिषद की शष्टिपूर्ति वर्ष मनाया जा रहा है।

प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह ने कहा 7 सितंबर से 21 सितंबर तक विश्व हिंदू परिषद की स्थापना दिवस प्रांत के लगभग 5 हजार स्थानों में मनायी जायेगी। उन्होंने कहा कार्यक्रमों में विश्व हिंदू परिषद के स्थापना, उद्देश्य एवं उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाया जायेगा।

प्रांत मंत्री डॉ बिरेंद्र साहू ने कहा श्रीरामजन्मभूमि मंदिर निर्माण के निमित्त 5 लाख गांवों से राशि संग्रहित हुआ था। आगामी जनवरी माह में भगवान पुरुषोत्तम श्रीराम का भव्य मंदिर में श्रीराम लला विराजमान होंगे। इस पावन अवसर में देश के सभी पांच लाख गांवों में अयोध्या की भांति पूजन-अर्चन एवं उत्सव मनाया जायेगा।

डॉ साहू ने कहा कि अयोध्या में भव्य समारोह में उपस्थिति के लिए आमंत्रण के साथ-साथ सामाजिक चेतना जगाने हेतु झारखंड प्रांत में 29 नवंबर को 04 स्थानों से शौर्य जागरण रथ यात्रा निकाली जायेगी, जो प्रांत के विभिन्न मार्ग से होते हुए 8 अक्टूबर को रांची में भव्य हिंदू सभा के रूप में जनमानस एकत्र होंगे। यात्रा के निमित्त अनेकों स्थान पर संतो के द्वारा उद्बोधन के साथ-साथ प्रांत के सभी क्रांतिवीर देशभक्तों के शौर्य को स्मरण कर युवाओं को उनके जीवन से परिचित कराया जायेगा। प्रांत मंत्री डॉ साहू ने बताया कि शौर्य जागरण यात्रा क्रम संख्या 03, जो 29 सितंबर को गढ़वा जिला के वंशीधर मंदिर से निकलेगी तथा विभिन्न मार्गों से होते हुए 8 अक्टूबर को रांची पहुंचेगी। इस यात्रा के मुख्य संरक्षक प्रांत सहमंत्री मनोज पोद्दार,संरक्षक शिव प्रकाश गुप्ता, प्रचार - प्रसार मंत्री गढ़वा गौरव पांडे, उमेश अग्रवाल, श्याम अग्रवाल व राजेश प्रताप देव, यात्रा संयोजक कुमार गौरव, सहसंयोजक महेंद्र नाथ राम, दामोदर मिश्र, संजय तिवारी, सोनू सिंह, यात्रा प्रमुख सूरज साहू एवं अरुण साहू, सहप्रमुख संदीप गुप्ता, शुभम चौबे व सौरभ साहू को बनाया गया है।

# आज सम्मानित किये जायेंगे 13 शिक्षक : अलखनाथ

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति गढ़वा द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए शिक्षकों को प्रत्येक वर्ष सम्मानित करने का कार्य किया जाता है। 3 सितंबर को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवा के लिए जिले भर के कुल 13 शिक्षकों को सम्मानित किया जायेगा। यह समाज समारोह सुबह 10 रेल रोड स्थित केवीएम बीएड कॉलेज के सभागार में किया जायेगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गढ़वा के उप विकास आयुक्त राजेश राय होंगे। समारोह की तैयारी के लिए शनिवार को बैठक आयोजित की गयी एवं समिति के सभी सदस्यों को समारोह की सफलता के लिए आवंटित कार्यों की जिम्मेदारी दी गयी। समिति के अध्यक्ष अलखनाथ पांडेय ने बताया कि कार्यक्रम की सारी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। जिले भर के सभी विद्यालयों से शिक्षकों को इस सम्मान समारोह में आमंत्रित किया गया है। उम्मीद है कि इस कार्यक्रम में 300 से ज्यादा शिक्षकों की उपस्थिति होगी।

शिक्षक सम्मान समारोह 2023 में सम्मानित किये जाने वाले शिक्षकों में मुकेश कुमार, सरस्वती ज्ञान मंदिर बिशुनपुरा, रमेश प्रसाद, बाल विकास विद्यालय रंका, लालजी कुमार पांडेय महर्षि दयानंद आर्य विद्यालय रमना, सुमंत कुमार यादव गांधी मेमोरियल स्कूल रमकंडा, अनुज कुमार गुप्ता मॉडर्न पब्लिक स्कूल नगर उंटारी, सुशील कुमार विश्वकर्मा, एनटीसीए गढ़वा, महफूज आलम ओरिएंटल पब्लिक स्कूल बेलचंपा, रविंद्रनाथ उपाध्याय शांति निकेतन स्कूल तिलदाग, राजेंद्र राम बाल शिक्षा निकेतन, बिशनपुरा, पूनम कुमारी मदर टेरेसा स्कूल सहिजना, राजेश पांडेय आरके पब्लिक स्कूल माझिआंव, अजय कुमार उपाध्याय ज्ञान भारती पब्लिक स्कूल बेलचंपा, सविता देवी गांधी मेमोरियल हाई स्कूल चिनिया हैं। सूची जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति के चयन समिति द्वारा तैयार की गयी है। विद्यालय के निदेशकों से अनुरोध किया गया है कि सम्मानित किये जाने वाले शिक्षकों को आरकेभीएस बीएड कॉलेज रेहला रोड में 3 सितंबर को प्रातः 10 बजे उनकी उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे। बैठक में सचिव एमपी केशरी, कोषाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष सुशील केशरी , मुजीब खान, प्रदीप दुबे आनंद कुमार पंकज, अनिल विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे।

# फैंसी फुटबॉल मैच में प्रशासन ने पत्रकार एकादश और मुखिया संघ ने नागरिक एकादश को हराया

**बलराम शर्मा**



**मेराल (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के हासनदाग जीपीएस खेल मैदान मे पंचायत सचिवालय एवं ग्रामीण द्वारा आयोजित दो दिवसीय फैंसी फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ शनिवार को किया गया। प्रतियोगिता के पहला दिन चार टीमों के बीच मैच खेली गई। उद्घाटन मैच मुखिया एकादश बनाम नागरिक एकादश के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में मुखिया एकादश ने एक गोल से मैच को जीत लिया। वही दूसरा मैच प्रशासन एकादश बनाम पत्रकार एकादश के बीच खेला गया। मैच का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रखंड प्रमुख दीप माला कुमारी, मुखिया संघ के अध्यक्ष रामसागर महतो, मुखिया फूलमती देवी, मनदीप सिंह आदि ने दोनो ही टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के बाद टॉस कराकर एवं बॉल को किक मारकर किया गया। प्रशासन एकादश की टीम ने मैच को एकतरफा 2-0 से जीत लिया। प्रशासन एकादशी के कप्तान मेराल थाना प्रभारी नीतीश कुमार के साथ पुअनि अजीत कुमार, संजय कुशवाहा नहीं टीम के खिलाड़ियों ने मैच को रोचक बनाया जबकि पत्रकार एकादश के कप्तान यासीन अंसारी के साथ पत्रकार विकास कुमार, मुजम्मिल अंसारी आदि ने मुकाबला किया। मैच में रेफरी की भूमिका जिनाहुद्दीन खान तथा धर्मराज भारती ने निभायी। तीसरा मैच शिक्षक एकादश बनाम वार्ड सदस्य एकादश के बीच तथा चौथा मैच जिला पार्षद एकादश बनाम पंचायत समिति सदस्य एकादश के बीच हुआ। फैंसी उद्घाटन मैच में गढ़वा के प्रसिद्ध चिकित्सा डॉ कुलदेव चौधरी, भूतपूर्व मुखिया वाल्मीकि चौबे, अविनाश चौबे, नंदू चौधरी, हरेंद्र चौधरी, लालमणि साह, रामनरेश चौधरी, कोमल चौधरी, गुलवास अंसारी, सुदर्शन विश्वकर्मा, संजय चौधरी, अनिल चौधरी, विनय प्रजापति, रामनाथ चौधरी, आशुतोष चौबे, संतोष चौधरी, महेंद्र चौधरी उपस्थित थे।

## फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया ने बैचलर ऑफ फार्मेसी में 100 सीट, जबकि डिप्लोमा में 60 सीटों की मान्यता दी

# महाविद्यालय इसी सत्र 2023-24 के लिए प्रारंभ करेगी नामांकन : दिनेश सिंह

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** वनांचल एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा संचालित बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित वनांचल कॉलेज आफ साइंस फरठिया द्वारा फार्मेसी काउंसिल आफ इंडिया न्यू दिल्ली को बैचलर आफ फार्मेसी तथा डिप्लोमा इन फामेर्सी के स्थापना हेतु आवेदन समर्पित किये जाने के पश्चात आवेदन के आलोक में 7 अगस्त को फार्मेसी परिषद द्वारा संस्थान का निरीक्षण किया गया। तदोपरांत निरीक्षकों द्वारा सभी तथ्यों के जांचों उपरांत डिप्लोमा इन फामेर्सी कोर्स में 60 सीट तथा बैचलर आफ फार्मेसी में 100 सीटों के साथ संचालन हेतु मान्यता प्राप्त की गयी। इस संबंध में जानकारी देते हुए बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि फामेर्सी काउंसिल आफ इंडिया से मान्यता प्राप्त करने के पश्चात इसी सत्र 2023-24 के लिए महाविद्यालय नामांकन प्रारंभ करेगी, जिसके लिए पलामू तथा राज्य के विद्यार्थियों की आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए शिक्षण शुल्क तथा अन्य शुल्क का निर्धारण किया गया है। जिसमें कम से कम शुल्क में शिक्षा देने की व्यवस्था की गयी है। आरक्षित वर्ग के विद्यार्थियों हेतु छात्रवृत्ति की भी व्यवस्था प्रदान की जायेगी। उन्होंने बताया कि वनांचल कॉलेज ऑफ साइंस द्वारा वर्तमान में मेडिकल लैब टेक्नोलॉजी का डिग्री कोर्स संचालन करता आ रहा है। वनांचल कॉलेज आफ साइंस नैक द्वारा ग्रेडेड महाविद्यालय है। बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय द्वारा जल्द ही इस विश्वविद्यालय के तहत इंजीनियरिंग एवं मैनेजमेंट कोर्स के साथ मेडिकल तथा लॉ की पढ़ाई का भी संचालन किया जायेगा। जिसके लिए भवन तथा लैब का इंस्ट्रूमेंट इत्यादि की व्यवस्था उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि संबंधित परिषदों से मान्यता प्राप्त होते ही कोर्स का संचालन किया जायेगा। इस ट्रस्ट के तहत संचालित देवकी महावीर होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं रिसर्च अस्पताल वनांचल डेंटल कॉलेज एवं अस्पताल वनांचल स्कूल व कॉलेज ऑफ नर्सिंग एएनएम जीएनएम बीएससी दिनेश कॉलेज ऑफ एजूकेशन बीएड एंड बीएड तथा वनांचल कॉलेज ऑफ साइंस बीएससी इन मेडिकल लब टेक्नोलॉजी विद्यार्थी सफलीभूत होकर देश के लिए विभिन्न सरकारी तथा गैर सरकारी क्षेत्र में अपनी सेवा दे रहे हैं तथा अपने परिवार और अपने महाविद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं। संस्थान के विद्यार्थी विश्वविद्यालय स्तर पर प्रथम रहे हैं तथा इनका राजपाल झारखंड द्वारा उनके सम्मान में स्वर्ण पदक दिया गया। यह ट्रस्ट झारखंड सरकार पलामू पर क्षेत्र के विद्यार्थियों को अनवरत शिक्षा की सुविधा देती आ रही है। मौके पर ट्रस्ट के अध्यक्ष ने कहा कि एक छत के नीचे शिक्षा के सभी क्षेत्रों की पढ़ाई कराई जाए इसके लिए ट्रस्ट प्रयासरत है तथा उम्मीद करती है कि निकट भविष्य में इंजीनियरिंग मैनेजमेंट तथा मेडिकल के अन्य सभी कोर्सों का संचालन कर इस क्षेत्र में शिक्षा के चौमुखी विकास कर रोजगार मुख्य शिक्षा देकर बेरोजगारों को रोजगार दिलायी जायेगी। ज्ञात होगी ट्रस्ट सामाजिक कार्य से भी जुड़ा है। प्रतिवर्ष गरीब वह आशाएं वहां बेटियों की निःशुल्क सामूहिक विवाह 2011 से करते आ रही है गरीब बुजुर्ग माता-पिता बहनों के लिए सर्दी में कंबल तथा गर्म कपड़े छठ पूजा में छठवृत्तियों के बीच पूजन सामग्री का वितरण बड़े पैमाने में किया जाता है। इन सभी कार्यों का संचालन प्रेरणा परमार्थ आश्रम के संस्थापक व संत सुधीर भैया की कृपा से अनवरत चलता आ रहा है। इस नवनिर्मित महाविद्यालय का मुख्य उद्देश्य इस क्षेत्र के विद्यार्थियों को उच्च एवं बेहतर शिक्षा कम से कम शिक्षण शुल्क में दिलाना है।

## महत्वपूर्ण न्यूज

# डेकोरेटर्स के निधन पर शोक जताया



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** गढ़वा जिला डेकोरेटर्स वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वाधान में स्थानीय मेलोडी मंडप में एक शोकसभा आहूत की गयी। इसमें बिट्टू मालाकार के आकस्मिक निधन पर जिले के सभी डेकोरेटर्स की ओर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा उनके परिजनों को इस अपार दुख सहन करने हेतु सामूहिक रूप से ईश्वर से प्रार्थना की गयी। संगठन के अध्यक्ष दयाशंकर गुप्ता ने कहा कि बिट्टू मालाकार एक बहुमुखी प्रतिभा के स्वामी थे। इतने कम उम्र में अपने व्यवसाय को स्थापित करते हुए गढ़वा के फूल डेकोरेटर्स में अपना नाम प्रथम श्रेणी में अपना नाम दर्ज करा लिया था। चेयरमैन विनोद जयसवाल ने कहा कि बिट्टू मालाकार का व्यक्तित्व में आकर्षण था, जिससे भी मिलते अपनी वाणी एवं व्यवहार से सम्मोहित कर लेते थे। महामंत्री आशीष अग्रवाल ने कहा कि जो अल्पायु होते है, ईश्वर उन्हें विशेष कर विलक्षण बनाता हैं, इनमे एक नाम बिट्टू मालाकार का भी रहेगा। सचिव विकाश तिवारी ने कहा बिट्टू हमारे बहुत करीबी थे। इस घटना से हम काफी मर्माहत हैं। इस मौके पर प्रेम रंजन सिंह, अरविंद गुप्ता, रोहित चौबे, अनिल कश्यप, अखिलेश चौधरी, सरोज चौधरी, राजू चौबे, परमेश्वर प्रसाद, तावारक हुसैन, दिलीप कुमार, पूर्व प्रत्याशी मनदीप मल्लाह, दीपक कुमार आदि उपस्थित रहे।

# हाथियों के झुंड ने फसलों को बर्बाद किया



**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका प्रखंड अंतर्गत ग्राम बांदू कूपा टोला में बीती रात्रि हाथियों के झुंड ने 16 किसानों की फसल को बर्बाद कर दिया। हाथियों ने मकई, तिल, अरहर और धान की फसलों को कुछ खाया और तहस नहस कर दिया, जिससे ग्रामीण किसानों को काफी क्षति उठानी पड़ी है, जिन किसानों का हाथियों ने फसल बर्बाद किया है, उनमें अलबीस कोरवा, फुलकुरी देवी, नन्हेश्वर कोरवा, अंगीता देवी सिमित्री देवी, लखन हरिल कोरवा, लगनी देवी, रामजन्म सिंह, कृष्ण कुमार सिंह, राम चंद्र सिंह, ईश्वरी सिंह, अनीता देवी, विधायक सिंह, दिलीप सिंह, फुला देवी एवं पनबरसी देवी का नाम शामिल है। भुक्तभोगी मजदूर किसानों ने वन विभाग से फसलों की क्षतिपूर्ति राशि प्रदान करने कि मांग की है।

# अवैध उत्खनन कर रहे ट्रैक्टर को किया जब्त



**भंडारिया (आजाद सिपाही)।** भंडारिया वन क्षेत्र के कंजिया नल से शुक्रवार की देर रात बालू का अवैध उत्खनन कर रहे एक ट्रैक्टर को वन क्षेत्र के द्वारा जब्त कर वन कार्यालय भंडारिया लाया गया जानकारी देते हुए वन क्षेत्र पदाधिकारी कन्हैया राम ने बताया कि बहुत दिनों से वन क्षेत्र से बालू माफियाओं के द्वारा बालू का अवैध उत्खनन किए जाने का सूचना प्राप्त प्राप्त हो रहा था इसी के आलोक में शुक्रवार को वन कर्मियों का एक टीम गठित कर छापामारी के लिए निकला था इसी क्रम में रात कारी भी 11:00 बजे कंजिया नल से बालू के अवैध उत्खनन कर रहे एक ट्रैक्टर को जप्त कर गठित टीम के द्वारा वन कार्यालय भंडारिया लाया गया है, जिस पर कानूनी कार्रवाई की जा रही है इस मौके पर वनपाल कमलेश कुमार वनरक्षक शुभम पांडे तुषार कुमार आदि वन कर में उपस्थित थे।

# मुखिया ने विद्यालयों का किया निरीक्षण



**केतार (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के लोहड़गड़ा पंचायत मुखिया नीलम देवी ने पंचायत के सभी विद्यालय एवं हर घर जल नल योजना का निरीक्षण किया।मुखिया ने विद्यालय में एमडीएम में सुधार करने की सख्त निर्देश प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं प्रधानाध्यापक को दिया।वही पंचायत में संचालित जल नल योजना में घोर अनिमिययता बरते जाने पर नाराजगी जताई।मुखिया ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए गुणवत्तापूर्ण कार्य करने की चेतावनी दिया।

# हंगामा के कारण प्रबंधन समिति का पुनर्गठन स्थगित

**केतार (आजाद सिपाही)।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय हुरका में शनिवार को 10 बजे कार्यालय प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी केतार के आदेशानुसार विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन किया जाना था, परंतु कम उपस्थिति एवं तीखी नोक झोंक के कारण चुनाव संपन्न नहीं हो पाया। चुनाव के विपरीत माहौल होने के कारण मुखिया नीलम देवी के निदेर्शानुसार समिति का पुनर्गठन स्थगित कर दिया गया।प्रधान अध्यापिका सरिता कुमारी एवं मुखिया नीलम देवी ने चुनाव में हंगामा की सूचना प्रशासन को दी। मुखिया ने बताई की प्रशासन की चुस्ती के कारण विरोधी पक्ष हंगामा करने में सफल रहे एवं प्रबंधन समिति का पुनर्गठन असफल रहा।

# आदित्य एल1 के सफल लांच पर रंका आर्यभट्ट विज्ञान क्लब में हर्ष का माहौल, दी गयी बधाई

**रंका (आजाद सिपाही)।** चंद्रयान थ्री के सफल लैंडिंग के बाद भारत अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के द्वारा सूर्य के अध्ययन के लिए आदित्य एल वन का सफल लॉन्च किया गया है। चंद्रमा एवं सूर्य दोनों पर अनुसंधान के लिए इसरो के इस प्रयास के लिए स्थानीय रंका आर्यभट्ट विज्ञान क्लब के सदस्यों ने खुशी व्यक्त की है। इस अवसर पर आर्यभट्ट विज्ञान क्लब रंका के समन्वयक आलोक कुमार चौधरी ने कहा कि इस समय की प्रतीक्षा हमारा विज्ञान क्लब विगत तीन वर्षों से कर रहा था। कोरोना महामारी के समय जब शिक्षण संस्थान बंद थे तब क्लब ने रमण साइंस एंड टेक्नोलॉजी फाउंडेशन के साथ मिल कर राष्ट्रीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया था, जिसका विषय मिशन आदित्य एल वन था। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य आम जन मानस को इसरो और इसके मिशन आदित्य एल वन के बारे में जानकारी व जागरूक करना था। जिसके तहत देश के प्रसिद्ध इसरो वैज्ञानिक डॉ अरविंद राणाडे द्वारा आम जन मानस के लिए लेक्चर सिरीज भी आयोजित किये थे। गौरव की बात यह है कि इस प्रतियोगिता में पूरे भारत से लगभग छत्तीस हजार लोगों ने भाग लिया था, जिसमें से लगभग दो सौ पचास अभ्यर्थी पुरस्कृत किये गये थे। क्लब के सतीश कुमार पाण्डेय ने कहा कि ये नया भारत है और हम सभी गर्वित हैं। इस अवसर पर क्लब के मोहित कुमार चौधरी, अविनाश कुमार, रविरंजन कुमार आदि ने खुशी व्यक्त करते हुए इसरो एवं देशवासियों को बधाई दी है।

**कार्रवाई :** आपराधिक घटना को अंजाम देने के लिए बीरता ग्राम से जंगली-पहाड़ी क्षेत्र में था भ्रमणशील

# हथियार सहित पीएलएफआइ का एरिया कमांडर श्रवण गिरफ्तार

**विभिन्न थानों में कई संगीन धाराओं के तहत दर्ज हैं मामले**

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआइ के एरिया कमांडर श्रवण उर्फ फगुवा दास को पुलिस ने शुक्रवार को रनिया थाना क्षेत्र के बिरता पहाड़ी क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से एक देसी कट्टा, .315 बोर के दो जिंदा कारतूस, एके-47 के चार जिंदा कारतूस, पीएलएफआइ का पर्चा और मोबाइल फोन बरामद किया गया है। इसकी जानकारी तोरपा के एसडीपीओ ओम प्रकाश तिवारी ने दी। वे शनिवार को अपने कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि पीएलएफआइ का एरिया कमांडर श्रवण दास उर्फ फगुआ दास विरता ग्राम के जंगली पहाड़ी क्षेत्र में भ्रमणशील है। वह किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना के सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई के लिए पुलिस अधीक्षक अमन कुमार के निर्देश पर तोरपा के एसडीपीओ के नेतृत्व में टीम गठित की गई। जिसने बिरता पहाड़ी क्षेत्र में छापामारी कर श्रवण दास को गिरफ्तार कर लिया। एसडीपीओ ने बताया कि श्रवण पिछले कुछ समय से क्षेत्र में काफी सक्रिय था और संगठन को फिर से मजबूत करने का प्रयास कर रहा था। गिरफ्तार एरिया कमांडर रनिया थाना क्षेत्र के निचितपुर सदान टोली का रहने वाला है। एसडीपीओ ने बताया कि श्रवण दास के खिलाफ मुरहू थाने में एक, तोरपा थाने में दो, रनिया थाने में एक और कर्रा थाने में पहले से ही विभिन्न संगीन धाराओं के तहत मामले दर्ज हैं। छापामारी दल में एसडीपीओ ओम प्रकाश तिवारी, तोरपा अंचल के पुलिस निरीक्षक दिग्विजय सिंह, तपकरा के थाना प्रभारी रंजीत किशोर, रनिया थाना प्रभारी सत्यजीत कुमार, रनिया थाना के पुलिस अवर निरीक्षक निशांत कुमार और संदीप कुमार आदि जवान शामिल थे।



पकड़े गए उग्रवादी की जानकारी देते एसडीपीओ ओम प्रकाश तिवारी व अन्य।

# भाजपा नेता के घर से चोरी हुए आभूषण बरामद, एक गिरफ्तार



चोरी की घटना का उद्भेदन करते ग्रामीण एसपी व अन्य।



बरामद चोरी के आभूषण।

आजाद सिपाही संवाददाता

**तमाड़।** थाना क्षेत्र के प्रभानगर से सांसद प्रतिनिधि अनुप साहू के घर से विगत दिनों हुई करीब तीन लाख रुपये के स्वर्ण आभूषण व स्कॉर्पियों चोरी की घटना का उद्भेदन करते हुए पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार भी किया है। शनिवार को प्रेस वार्ता कर ग्रामीण एसपी ने इसकी जानकारी दी। बताया कि उनके निर्देश पर डीएसपी अजय कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था। जिसने गुप्त सूचना के आधार पर लावारिश हालत में नामकुम के रिंग रोड स्थित विनायका फैक्ट्री से स्कॉर्पियो बरामद किया था। इसी क्रम में संजय केसरी ने थाने में शिकायत उनके डोरेया स्थित घर से बाइक चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई थी। जांच में उतरी पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ विवेक सिंह मुंडा नामक युवक को गिरफ्तार किया दो सलगाडीह गांव का रहने वाला है। उससे पूछताछ के बाद उसकी निशानदेही पर 62/2023 अनुप कुमार साहू के घर से चोरी हुए आभूषण, स्कॉर्पियो की चाभी और अन्य सामान बरामद किया गया। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर अन्य कांडों का भी खुलासा करने में जुटी है। इस कांड के उद्भेदन के लिए एफएसएल टीम डाक सकायट और टेक्नीशियन टीम को भी लगाया था। इसमें बुंडू डीएसपी अजय कुमार, थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह, कांड के आइओ चंदन शवाहा आदि शामिल थे।

## सामूहिक दुष्कर्म के मामले में तीन गिरफ्तार



**खलारी (आजाद सिपाही)।** खलारी में नाबालिका के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना में शामिल चार आरपियों में से तीन को पुलिस ने गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। इस संबंध में खलारी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर फरीद आलम ने बताया कि नाबालिका के पिता के फर्दबयान पर खलारी थाना में काण्ड संख्या 56/2023 के तहत सभी आरोपियों पर धारा 394/376 डीए आईपीसी और 6 पोक्सो एक्ट लगाते हुए मामला दर्ज किया गया है। नामजद चार आरोपियों में पकड़े गए तीन आरोपी मौसम अंसारी (लपरा), सेल्टन मेंडिस (लपरा) और निकेश कुमार गुप्ता (महावीरनगर) को शनिवार को जेल भेज दिया गया है। जबकि फरार लपरा निवासी अनुप कुजूर की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापामारी कर रही है। जल्द ही उसे भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि पीड़िता को शुक्रवार की रात मेडिकल प्रशिक्षण के लिए भेज दिया गया था।

## सभी भाषाओं की जननी है संस्कृत : राजीव रंजन

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में शनिवार को संस्कृत दिवस मनाया गया। प्राचार्य राजीव रंजन झा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिसके बाद स्कूल के शिक्षकों सहित बच्चों ने संस्कृत दिवस के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्राचार्य ने कहा कि संस्कृत सबसे प्राचीन भाषा है। यह सभी भाषाओं की जननी है। यह भाषा कंप्यूटर के लिए आसान सिद्ध होती है।

# पर्यटन विकास से स्थानीय लोगों को मिलेंगे रोजगार के अवसर : उपायुक्त

**लोकेश मिश्रा ने लिया रानी फॉल पर्यटन स्थल की व्यवस्था का जायजा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** क्षेत्र भ्रमण के क्रम में डीसी लोकेश मिश्र ने शनिवार को रानी फॉल में व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने बीडीओ को निर्देश दिया कि पर्यटन के केंद्र रानी फॉल में व्यवस्था सुदृढ होनी चाहिए। साथ ही यात्री शेड आदि में भी आवश्यक सुधार की बात कही। डीसी ने निर्देशित किया कि पर्यटन स्थलों की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाय। पर्यटकों की सुविधा के लिए आवश्यक व्यवस्था करने का भी निर्देश दिया। कहा कि हमारा प्रयास है कि सभी क्षेत्रों में विकासशील कार्य किये जायें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि पर्यटन स्थल के विकास से स्थानीय स्तर पर रोजगार की गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। प्राकृतिक सौंदर्य के प्रेमियों के लिए प्रकृति ने खूंटी जिले को पर्यटन स्थल के रूप में कई अनुपम उपहार दिये हैं। इनमें पंचघाघ जलप्रपात, पेरवां घाघ, रानी फॉल, बिरसा मृग विहार, तजना डैम, पेलौल डैम, लटरजंग डैम व आम्रेश्वर धाम प्रमुख हैं। इन स्थलों पर सालों भर पर्यटक आते हैं। जिला प्रशासन की ओर से उक्त पर्यटन स्थलों के विकास की दिशा में लगातार प्रयास कर रहा है। पर्यटन स्थलों के विकास के लिए योजनाएं क्रियान्वित हैं। साथ ही पर्यटकों के मनोरंजन के लिए आवश्यक साधनों की भी व्यवस्था की जा रही हैं। जिला मुख्यालय से महज 12 किलोमीटर की दूरी पर स्थित रानी फॉल का प्राकृतिक सौंदर्य किसी को भी लुभा सकता है। खूंटी-तमाड़ मुख्य मार्ग पर आड़ीडीह गांव से करीब दो किलोमीटर की दूरी पर ही रानी फॉल स्थित है।



## डॉ दीपक राय बने कृषि विज्ञान केंद्र तोरपा के नये अध्यक्ष



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान के अधीन कार्यरत तोरपा कृषि विज्ञान केंद्र के नए अध्यक्ष के रूप में डॉ दीपक राय नियुक्त किये गए। वे इससे पहले लखनऊ स्थित भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान में पादप रोग विशेषज्ञ के रूप में कार्यरत थे। कृषि के क्षेत्र में खूंटी जिले के चहुमुंखी विकास को लेकर उनसे बातचीत की गई। डॉ दीपक मसरूम उत्पादन और इसके सम्पूर्ण जीवनचक्र के विशेषज्ञ भी हैं। वे पादप रोग के अच्छे जानकार माने जाते हैं। डॉ दीपक ने कहा कि यह केंद्र अब खूंटी जिले के किसानों के लिए नवीनतम कृषि प्रौद्योगिकी के विकास और अंगीकरण के बीच के अंतराल को कम करने की दृष्टि से कृषि, बागवानी आदि तकनीक का प्रदर्शन भी करेगा।

# सिल्ली पहुंचे रांची सांसद संजय सेठ ने किया कई गांवों का दौरा



**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** रांची के भाजपा सांसद संजय सेठ शनिवार को सिल्ली पहुंचे। उन्होंने इलाके के पिस्का, बिसरिया, कुटाम एवं छोटा मुरी का दौरा किया। बतातें चलें कि प्रखंड के पिस्का गांव जहां पिछले दिनों कुंआ धंसने से छह लोगों की मौत हुई थी उनके परिजनों से मुलाकत की। उन्होंने गहरा शोक व्यक्त करते हुए मृतक के परिजनों को ढांढस बंधाया और मुआवजे को लेकर जरुरी पहल करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष धीरज महतो, मुखिया सोमरा बेदिया, सांसद प्रतिनिधि विनोद साहू, सुधीर साहू भोला बेदिया, बुधराम बेदिया समेत कई लोग मौजूद थे। वहीं बिसरियागांम में ग्रामीणों के साथ भी मुलाकात की। जहां ग्रामीणों ने सांसद से गांव के पहुंच पद की समस्या को लेकर शिकायत की। ग्रामीणों ने बताया कि बिसरिया गांव पहुंच पथ पर रेलवे की जमीन होने कारण अन्य विभाग से सड़क नहीं बन पा रहा है। न ही रेलवे की ओर से सड़क का निर्माण किया जा रहा है जिससे आवागमन में कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। सांसद ने उनकी समस्या सुनी एवं रेल मंत्री से वार्ता कर अविलंब समाधान का आश्वासन दिया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष धीरज महतो, मंडल अध्यक्ष विनोद साहु, मुखिया सोमरा मांझी, मुखिया जीतनी देवी, पंसस अनिल मांझी, मनोहर महतो, तापस महतो, पद्मलोचन महतो, सुधीर साहू, शायन त्रिपाठी, भोला प्रसाद आदि मौजूद थे।

# रंगदारी मांगने के आरोप में कर्रा से एक गिरफ्तार

**रंगदारी के पांच लाख की रकम नहीं देने पर की थी पिटाई, एक अन्य आरोपित अब भी फरार**

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** ग्रामीण से रंगदारी मांगने व मारपीट करने के आरोपित प्रकाश टूटी उर्फ सूरज टूटी को पुलिस ने शुक्रवार को मुरहू गांव से गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से एक देसी कट्टा, एक जिंदा कारतूस और एक मोबाइल फोन बरामद किया है। तोरपा एसडीपीओ कार्यालय में शनिवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन में एसडीपीओ ओम प्रकाश तिवारी ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 31 अगस्त की रात करीब 10 बजे प्रकाश उर्फ सूरज टूटी और सुखू मुंडा उर्फ डहरू ने विजय टूटी नामक ग्रामीण के घर में जाकर पांच लाख



रुपये की रंगदारी की मांग की। रकम नहीं देने पर हथियार का भय दिखाकर दोनों अपराधियों ने विजय तिर्की के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी भी दी। विजय तिर्की ने उसी दिन इस संबंध में कर्रा थाने में प्रकाश टूटी और सुखू मुंडा के खिलाफ नामदर्ज प्राथमिकी दर्ज कराई। एसपी अमन कुमार के निर्देश पर इस मामले के उद्भेदन के लिए छापामारी दल का गठन किया गया। गुप्त सूचना के आधार पर कर्रा थाना के मुरहू गांव में छापामारी कर प्रकाश टूटी उर्फ सूरज टूटी (24) को गिरफ्तार कर लिया, जबकि सुखू मुंडा भागने में सफल रहा। एसडीपीओ ने बताया कि प्रकाश टूटी के खिलाफ 2016 के नवंबर महीने में हत्या, आर्म्स एक्ट और 17 सीएलए एक्ट के तहत पहले से मामला दर्ज है। उसी वर्ष उसके खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत एक और मामला कर्रा थाने में दर्ज किया गया था। एसडीपीओ ने बताया की प्रकाश टूटी पहले भी जेल जा चुका है। वहीं, छापामारी दल में कर्रा के थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह और एसआई मो शफी खान के अलावा सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# शराब पीने के लिए पैसे नहीं देने पर बेटे ने कर दी मां की हत्या

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** तोरपा थाना क्षेत्र के अंगराबारी गांव में शराब पीने के लिए 700 रुपये नहीं देने पर कलीयुगी बेटे ने गला दबाकर अपनी ही मां की हत्या कर दी। शराब के नशे का आदि जितेंद्र सिंह ने शराब पीने के लिए मां से पैसे की मांग करता रहता था। नहीं मिलने पर वह मां के साथ मारपीट भी करता था। शनिवार सुबह में भी जितेंद्र ने शराब पीने के लिए अपनी मां से पैसे की मांग की। पर पैसे नहीं मिलने पर दोनों के बीच कहासुनी होने लगी। जितेंद्र मां को पेंशन के रूप में मिले रुपये देने को कह रहा था। मां के पास पेंशन के 700 रुपए बचे हुए थे। उसके बाद उसने अपनी ही मां की गला घोंट दिया जिससे कलावती देवी (65) की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही तोरपा के थाना प्रभारी मनीष कुमार घटनास्थल पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। पुलिस ने हत्या के आरोपी बेटे को भी गिरफ्तार कर लिया। बेटे ने स्वीकार किया है कि उसने ही अपनी मां की हत्या की है। मृतक कलावती देवी के चार बेटे और एक बेटी है। सभी की शादी हो चुकी है। जितेंद्र को छोड़ सभी काम से बाहर शहरों में रहते हैं।



## आजाद सिपाही में छपी खबर पर संज्ञान लेकर आजसू नेता ने किया जर्जर सड़क का निरीक्षण



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** आजाद सिपाही में विगत दिनों सलगाडीह से बारीगाडा के बीच सड़क की जर्जर हालत संबंधित प्रकाशित खबर होने के बाद खबर को पढ़कर उसे संज्ञान में लेते हुए आजसू के वरीय उपाध्यक्ष राज किशोर कुशवाहा के नेतृत्व में शनिवार को उक्त सड़क का निरीक्षण किया गया। इस दौरान सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे देखने को मिले। आजसू नेता ने कई ग्रामीणों से बातचीत भी की। बालालौग पंचायत के मुखिया अमीत सिह मुंडा ने सड़क के संबंध में बताया। कहा कि ग्रामीण वर्षो से उपेक्षा का दंश झेल रहे है। सभी जन प्रतिनिधि को कहा, लेकिन कुछ नहीं हुआ। इस पर आजसू नेता ने कहा कि पहले संबंधित विभाग को पत्र लिखा जायेगा और समय दिया जायेगा। फिर भी सड़क नहीं बनती है तो इस इलाके के दो पंचायत बालालौग व सारगेया को सैकड़ों ग्रामीणों को लेकर आंदोलन किया जायेगा। जरूरत पड़ने पर धरना प्रदर्शन और सड़क जाम भी किया जायेगा।

## खूंटी चेंबर चुनाव को लेकर अंतिम दिन अनूप साहू सहित कई लोगों ने किया नामांकन



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** खूंटी चैम्बर ऑफ कॉमर्स के चुनाव को लेकर शनिवार को नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया समाप्त हुई। नामांकन पत्र दाखिल करने के अंतिम दिन भाजपा नेता और जानेमने व्यवसायी अनूप कुमार साहू, अशोक गुप्ता सहित कई व्यवसाइयों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। टीम राजकुमार से 17 सदस्यों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। अनूप साहू ने कहा कि सरकार और विभाग से व्यवसायियों को हक दिलाना और उनका शोषण रोकना ही उनका मुख्य उद्देश्य होगा। चुनाव में उन्हें अगर सफलता मिलती है, तो वे हमेशा व्यापारियों के हित में आवाज बुलंद करते रहेंगे और व्यापारियों का शोषण रोकना एवं उनका अधिकार दिलाना ही उनकी प्राथमिकता होगी। मौके पर आनंद कुमार, श्रीकांत चौधरी, सजल भगत, मनोज लाल, बबलू ठाकुर, मनोज लहकार, विजय साहू सहित कई व्यवसायी मौजूद थे।

**श्रमदान:** केंद्रीय योजना से पुलिस निर्माण को मिल चुकी है मंजूरी

# जन प्रतिनिधियों की अनदेशी से ऊबकर ग्रामीणों ने खुद ही इचाडीह-सोतिया में बना लिया बांस का पुल

आजाद सिपाही संवाददाता

**तमाड़।** प्रखंड के इचाडीह सोतिया में जन प्रतिनिधियों की अनदेखी व बेरूखी से उबकर ग्रामीणों ने खुद ही आपसी सहयोग से 150 फीट का बांस का पुल बना दिया। जानकारी के अनुसार भारी बारिश से इचाडीह सोतिया में बना कलभट पुलिया विगत दिनों बह गया था, जिससे दर्जनों गांवों का आवागमन बाधित हो गया है। इससे पहले साल 2021-22 में भी पुलिया टूट गया था। साल 2023 में पुलिया पूरी तरह ध्वस्त हो गया। हर बार ग्रामीणों ने अपने सहयोग से बांस का पुलिया बनाकर आवागमन को चालू किया है। इस पुलिया को बनाने में किसी भी स्थानीय जनप्रतिनिधि ने मदद नहीं की है जिससे ग्रामीणों में नाराजगी है। हालांकि जानकारी के अनुसार केंद्रीय योजना से पुलिया निर्माण को मंजूरी मिल गयी है। संभवतः वर्षा काल के बाद पुलिया निर्माण का कार्य प्रारंभ हो जाएगा। ग्रामीणों के आपसी सहयोग से बने बांस के पुलिया का विधिवत उद्घाटन भी किया गया। अब इस पुल पर साईकिल, बाइक दौड़ रही है। पुलिया के सफल निर्माण के लिए सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह मुंडा ने ग्रामीणों को बधाई दी। कहा कि जल्द ही केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा को उच्च स्तरीय पुलिया निर्माण के लिए आग्रह करेंगे, ताकि जल्द कार्य प्रारंभ होकर ग्रामीणों को आवागमन की सुविधा मिल सके। वहीं, बांस की पुलिया बनाने में मेडियम मुंडा, सोमा मुंडा, अमृत महतो, राधानाथ सिंह मुंडा, नंद किशोर महतो, अजय सिंह मुंडा, मायाराम महतो, धनेश्वर महतो, जीवकुमार सिंह मुंडा, कमलेश महतो, सोहराई मुंडा, कामदेव मुंडा महेश्वर सिंह मुंडा आदि शामिल हैं।



## नातिन को डायन कहने से नाराज अधेड़ ने की थी महिला की हत्या, गिरफ्तार

**टायमारा (आजाद सिपाही)।** दशन फॉल पुलिस ने विगत 19 अगस्त को मुगली देवी (59) नामक महिला की हत्या की गुत्थी को सुलझाते हुए शुक्रवार को मंगल मुंडा (57) नामक आरोपित को गिरफ्तार किया है। वह दशमफॉल के ही गभडिया गांव का रहने वाला है। आरोपित मंगल मुंडा ने पुलिस को दिए अपने बयान में बताया कि मुगली देवी अक्सर उसकी नातिन को डायन कहती थी। उसे खा जाने की धमकी भी देती थी। जिससे वह बेहद नाराज था। इस दिन मौका देखकर दाउली एवं बैसला से सिर पर प्रहार कर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने शनिवार को उसे जेल भेज दिया।

## रेलवे लाइन के किनारे से महिला का शव बरामद

**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** मुरी-बोकारो रेल मार्ग के झालदा कोटशीला के बीच पॉल संख्या 369/13-11 पर शुक्रवार की रात 10 बजे झालदा आरपीएफ ने 55 वर्षीय एक महिला का शव बरामद किया। ड्यूटी पर तैनात आरपीएफ एलके मिश्रा को सूचना मिली थी कि रेलवे लाइन के किनारे महिला का शव पड़ा है। वे तुरंत घटनास्थल पर पहुंच गए। महिला को आसनसोल बोकारो मेमो ट्रेन से मूरी ले जाया गया। जहां रेलवे के चिकित्सक प्रभारी डॉक्टर जे कच्छप ने जांच के दौरान मृत घोषित कर दिया। मृतका की पहचान अंकुरी धीवर के रूप में हुई है। वह पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिला अंतर्गत झालदा म्यूनिसिपालिटी के वार्ड नंबर 12 स्थित अड़सा गांव की रहने वाली थी।

## अंतरराष्ट्रीय मैथिली परिषद झारखंड ने धूमधाम से मनाया संस्कृत दिवस



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** अंतरराष्ट्रीय मैथिली परिषद, झारखंड के तत्वाधान में रांची संस्कृत महाविद्यालय किशोरगंज सभागार में संस्कृत दिवस धूमधाम से मनाया गया। समारोह के बतौर मुख्य अतिथि के रूप में संस्कृत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राम नारायण पंडित के अलावा संस्कृत महाविद्यालय के प्रोफेसर डॉ शैलेश कुमार मिश्र, प्रसिद्ध समाजसेवी सह निवर्तमान वार्ड 26 के पार्षद अरूण कुमार झा आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित एवं मां जानकी के चित्र पर माल्यार्पण कर इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सामूहिक रूप से जय जय भैरवी असुर भयाउनि, पशुपति भामिनी माया भजन के उपरांत अंतरराष्ट्रीय मैथिली परिषद, झारखंड प्रदेश के अध्यक्ष अमरनाथ झा ने स्वागत भाषण दिया जबकि सभी आगंतुकों का स्वागत सह मंच संचालन अंतरराष्ट्रीय मैथिली परिषद, झारखंड प्रदेश के महासचिव अजय झा ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी सह विद्यापति स्मारक समिति के अध्यक्ष लेखानंद झा, बाबा विद्यापति स्मारक समिति के कार्यकारी अध्यक्ष जयंत कुमार झा, कोशी सीमिमै मंच के अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार झा, डॉ सत्य प्रकाश मिश्र, राष्ट्रीय युवा मैथिली मंच के अध्यक्ष अवधेश कुमार ठाकुर एवं आशुतोष द्विवेदी ने संस्कृत भाषा को बोलने एवं भाषा बचाने पर विचार दिए। प्रोफेसर डॉ शैलेश कुमार मिश्र ने झारखंड में संस्कृत विश्वविद्यालय की स्थापना पर बल दिया। वहीं समाजसेवी सह पूर्व वार्ड पार्षद अरूण कुमार झा ने मैट्रिक बोर्ड में संस्कृत विषय को अनिवार्य करने की मांग की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्कृत महाविद्यालय किशोरगंज रांची के प्राचार्य डॉ राम नारायण पंडित ने प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्चतर विधालय में संस्कृत विषय को अनिवार्य रूप से शामिल किया जाने की बात कही ताकि प्रारंभिक शिक्षा से ही संस्कृत भाषा पर छात्र छात्राओं की पकड़ मजबूत हो सके। धन्यवाद ज्ञापन अमैपरि के प्रदेश कोषाध्यक्ष बिलट पोद्दार ने किया। इस मौके पर गोपाल ठाकुर, भुवन किशोर झा, डॉ संजय कुमार, सुधीर कुमार ठाकुर, जितेंद्र कुमार, अभिषेक झा, प्रवेश पांडेय, गजेंद्र पांडेय, आद्या चरण झा आदि उपस्थित थे।

## भाजपा नेता ने की मृतक के परिजनों को आर्थिक मदद



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** अनगड़ा मंडल अंतर्गत चतरा पंचायत के पुरना चतरा निवासी भाजपा कार्यकर्ता रामदेव महतो के पिता की मृत्यु विगत दिनों हो गई थी। सूचना पाकर शनिवार को भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष अध्यक्ष सुरेंद्र महतो मृतक के घर पहुंचे और शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी। मौके पर सुरेंद्र महतो एवं चतरा पंचायत के पूर्व मुखिया सोहन मुंडा ने मृतक के दशकर्म के लिए परिजनों को संयुक्त रूप से खाद्य सामग्री एवं नकद आर्थिक सहयोग किया। इस मौके पर भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष नरेश साहू, भाजयुमो ग्रामीण ज़िला कार्यसमिति सदस्य सुप्रेस महतो, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष संतोष कुमार महतो, रामचरण महतो आदि उपस्थित थे।

## लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निष्पादन करायें अधिकारी : पीडीजे



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** व्यवहार न्यायालय परिसर में नौ सितंबर को आयोजित होनेवाली राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी को लेकर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष सत्य प्रकाश की अध्यक्षता में शनिवार को बैठक हुई। जिसमें सभी विभागों के अधिकारी शामिल हुए। डालसा अध्यक्ष ने बिजली विभाग, वन, मापतौल, चेक बाउंस, वाहन दुर्घटना, श्रम विभाग, भू अधिग्रहण विभाग, एसडी, डीएसपी, डीटीओ, एलडीएम और पीएलवी को निर्देश दिया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निष्पादन करने में सहयोग करें और वैसे लोग जिनका मामला न्यायालय में लंबित है और वाद सुलहनीय या प्रिलिटिगेशन मामले हों, वे भी अपने वादों का निष्पादन कर सकेंगे। न्यायाधीश ने लोगों से अपील की कि वह मामले के निष्पादन के लिए व्यवहार न्यायालय अवश्य पहुंचे और न्यायालय में चल रहे लंबित मामले वादपूर्ण मामले का जल्द से जल्द निष्पादन कराएं। यह संपूर्ण न्याय है, जो बिल्कुल मुफ्त है। वहीं, डालसा सचिव मनोरंजन कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत से संबंधित बैठकें लगातार हो रही हैं और कुछ मामलों का निष्पादन प्रि कॉन्सिलिएशन बैठकों के माध्यम से गत एक जुलाई से जारी है। किसी भी कार्य दिवस के दिन कार्यालय आकर मामलों का निष्पादन किया जा सकता है। राष्ट्रीय लोक अदालत में चार हजार से अधिक मामलों के निष्पादन का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने लोगों से अपील की सक्षम, निःशुल्क और सुलभ न्याय के लिए लोग अपने वादों को समाप्त करने के लिए न्यायालय में उपस्थित हों।

## सीआइटी में भारतीय वायु सेना का करियर पब्लिसिटी प्रोग्राम कल




**नामकुम (आजाद सिपाही)।** कैंब्रिज इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (सीआईटी) में सोमवार को भारतीय वायु सेना के तत्वाधान में एक दिवसीय करियर पब्लिसिटी प्रोग्राम का आयोजन होगा। जिसमें सीआईटी के अलावे आस-पास के उच्च तकनिकी संस्थानों के विद्यार्थी भी भाग लेंगे। इसके लिये वेन्यू के रूप में सीआईटी को केंद्र बनाया गया है। इस दौरान इंडियन एयरफोर्स की ओर से कार्यक्रम स्थल पर इंडक्शन व्हीकल एग्जिवीशन का भी आयोजन किया गया है। संस्थान के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग के प्रो इंचार्ज डॉ कैलाशपति दत्ता ने बताया कि इस महत्वकांक्षी प्रोग्राम में भारतीय वायु सेना के आगंतुक अधिकारीयों द्वारा विद्यार्थियों को भारतीय वायु सेना में जॉइनिंग के लिए करियर कॉउंसलिंग, एक्सपर्ट टॉक आदि का आयोजन भी होगा। बता दें कि कार्यक्रम में इंजीनिरिंग के सभी ब्रांच के विद्यार्थी भाग लेंगे।

### आरोप : लोगों की साठगांठ से दवाइयों पर दलाली का चल रहा खेल

# सीआइपी परिसर में मारपीट चाकूबाजी, दो युवक घायल

**दवा दुकानों की दलाली को लेकर घटित हुई घटना**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**कांके।** केंद्रीय मनः चिकित्सा संस्थान (सीआइपी) परिसर में दवा दुकानों की दलाली को लेकर शनिवार की सुबह मारपीट की दो घटनाएं घटित हुई हैं। दो अलग-अलग समय में हुई घटनाओं में दो युवक घायल हुए हैं। इसमें सेमर टोली रिंकू (35) के सिर में चोट लगी है। जबकि दूसरी घटना में चाकूबाजी में इमरोज नमक युवक का बाया हाथ कट गया हैं। घायल इमरोज प्राथमिक उपचार के बाद ठीक है। जबकि रिंकू का रिम्स अस्पताल में इलाज चल रहा है। दोनों घटनाओं को लेकर कांके थाना में पीड़ित युवकों ने प्राथमिक की दर्ज करने को लेकर आवेदन दिया है। अस्पताल सूत्रों के अनुसार दोनों घटनाएं सीआईपी प्रबंधन की घोर लापरवाही का नतीजा है। क्योंकि सीआईपी संस्थान से एक किलोमीटर की दूरी पर दर्जनों दवा की दुकानें हैं। जिसमें से दो दुकानों को छोड़कर कई दुकानों ने सीआईपी परिसर और ओपीडी में अपने दलाल छोड़ रखे हैं। यही दलाल अस्पताल में बाहर से इलाज कराने आए मरीजों व इनके अभिभावकों को जबरन या गुमराह कर दवा दुकानों में छूट दिए जाने का प्रलोभन देकर पहुंचाते हैं। मरीज और अभिभावकों द्वारा दवा खरीदारी के बाद इन एजेंटों को कमीशन के तौर पर अच्छी खासी रकम मिलती है। इस कार्य में कई टेंपो चालक भी शामिल हैं। अस्पताल सूत्रों की मानें तो राज मेडिकल चूड़ी टोला, ज्योति मेडिकल हॉल न्यू मार्केट कांके द्वारा ओपीडी परिसर में एजेंट रखे जाने की बात बताई जा रही है। इस मामले में ज्योति मेडिकल हॉल के संचालक ने कहा कि उनकी ओर से कोई भी एजेंट यहां नहीं रखा गया हैं। जबकि अस्पताल में कार्यरत कर्मचारियों का कहना है कि सुबह में जब अभिभावक रजिस्ट्रेशन के लिए लाइन लगाते हैं। इस समय दवा दुकानों के एजेंट द्वारा इन्हें दवा दुकानों की विजिटिंग कार्ड थमा दिया जाता है। दवा दुकानों तक साथ में चलने का भी वादा और आकर्षक छूट का लाभ दिलाने का भी प्रलोभन दिया जाता है। इस मामले पर संस्थान के प्रशासनिक अधिकारी और निदेशक से स्थानीय लोगों और कार्यरत कर्मचारियों ने कई बार शिकायत की है। लेकिन सीआईपी प्रबंधन इस पर ध्यान ही नहीं देता है। सूत्रों ने बताया कि इसमें अस्पताल के चार से पांच कर्मचारियों सहित एक से दो ओपीडी में बैठने वाले चिकित्सक भी दवा दुकानों से साठगांठ रखते हैं। बतातें चले कि अस्पताल में झारखंड, बिहार, महाराष्ट्र, अगरतल्ला, ओडिशा और पश्चिम बंगाल सहित अन्य राज्यों के मानसिक रोगी यहां बेहतर इलाज के लिए आते हैं। सूत्रों का कहना है कि अपने-अपने दवा दुकानों में मरीजों और इनके अभिभावकों को दवा खरीदारी को लेकर ले जाने को लेकर हुए कई दिनों से चल रहे विवाद में यह घटना घटी है। कांके पुलिस और अस्पताल प्रबंधन शीघ्र संज्ञान लेकर त्वरित कार्रवाई नहीं करता है तो बड़ी घटना से भी इनकार नहीं किया जा सकता है।

## पूजा स्थल से झंडा उखाड़ने का विरोध

**खलारी (आजाद सिपाही)।** रैयत विस्थापित मोर्चा की बैठक शनिवार को अंबेडकर पार्क में हुई। जिसकी अध्यक्षता इंदिरा तुरी एवं संचालन राजेश तुरी ने की। बैठक में तुरी समाज के पूजा स्थल को क्षतिग्रस्त करने एवं पूजा स्थल बांसपति स्थल में गड़े सरना झंडा उखाड़ फेंकने की घटना पर कड़ा विरोध किया गया। मोर्चा के एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता ने कहा कि खदान खुलने से रैयत विस्थापित की जमीन ही नहीं यहां के सरना, मसना, देवी मंडप, संस्कृति व धरोहर का अस्तित्व भी समाप्त होते जा रहा है।

## बढ़ती महंगाई से जनता परेशान : रामदेव

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**नामकुम।** रांची जिला ग्रामीण सोशल मीडिया कोऑर्डिनेटर रामदेव सिंह ने शनिवार को आजाद सिपाही से बात करते हुए भाजपा पर निशाना साधा। कहा कि भाजपा नेता कह रहे हैं कि रसोई गैस की कीमतों में 200 रुपये की कमी हुई है। पर यह नहीं बता रहे हैं कि एक-एक कर 10 बार में 800 रुपए बढ़ा दिये। आज 200 रुपए घटा दिये तो ढोल पीट रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनता बेतहाशा महंगाई से परेशान है। साधारण चावल की कीमत 2014 में प्रति किलोग्राम 20 से 25 तक मिलती थी। पर आज चावल की कीमत 50 रुपये प्रति किलोग्राम बिक रही है। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके मंत्रियों को महंगाई से कोई लेना देना नहीं है। वे सिर्फ अडानी-अंबानी के लिये काम करते है। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन कहती है कि मैं लहसुन प्याज नहीं खाती हूं तो क्या पूरे भारत के लोग भी प्याज लहसुन खाना छोड़ दें। कहा कि देश व प्रदेश में बेरोजगारी बढ़ती जा रही और केंद्र की भाजपा सरकार इस पर लगाम लगाने में विफल साबित हुई है।

## राजस्थान के रजलीला में दिखी झारखंड की लोक कला व संस्कृति

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बेड़ो।** जयपुर आकाशवाणी की ओर से भारत की अगुवाई में जी-20 की अध्यक्षता के उत्सव स्वरूप देश के विभिन्न प्रदेशों के ख्याती प्राप्त लोक कलाकारों ने रवींद्र मंच पर आयोजित रजलीला कार्यक्रम में प्रस्तुति दी। इस कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि जयपुर के सांसद रामचरण बोहरा थे। जहां जयपुर आकाशवाणी के कार्यक्रम प्रमुख और जी-20 की प्रभारी डॉ अर्चना सिन्हा ने उसकी महत्ता और रजलीला कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए सभी अतिथियों व कलाकारों का स्वागत किया। कार्यक्रम में रांची के बेड़ो बारीडीह के प्रसिद्ध नागपुरी लेखक व साहित्यकार क्षितिज कुमार राय की अगुवाई में 16 सदस्यीय कलाकारों ने अपनी नागपुरी लोक गीत, संगीत व नृत्य की शानदार प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मन मोह लिया। सांसद ने झारखंड के कलाकारों में नृत्य करने वाली युवतियों, वादकों व क्षितिज कुमार राय के शानदार गीत के लिए बधाई दी। सभी कलाकारों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। दल में बांसुरी वादक मनरखन बड़ाइक, मांदर वादक सुदामा सिंह, रंजीत कुमार राय, आनंद नायक, राम उरांव, अरुण महली, रमेश महली, फरजु नायक, दुर्गा बड़ाइक, मयंती उरांव, जुली कश्यप, सुनीता केर-केट्टा, सुशांति कुमारी और संध्या मिंज शामिल थे।

## मैकलुस्कीगंज में सांप काटने से युवक की मौत

**मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)।** थाना अंतर्गत लपरा पंचायत के हेसालोंग बकुलियाटांड निवासी गोविंद गंझू (32) की जहरीले सांप के काटने से मौत हो गयी। समाज सेवी हेमलाल गंझू ने बताया कि गोविंद अपने बकुलिया टांड स्थित निवास स्थान में शुक्रवार की रात सोया हुआ था। शनिवार की तड़के चार बजे उसके बाये कान में किसी जहरीला सांप ने काट लिया। परिजन उसे हॉस्पिटल ना ले जाकर ओझा के चक्कर में चार घंटे गुजार दिए। जब स्थिति में कोई सुधार नहीं हुई तो युवक को अस्पताल ले गए लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। गोविंद की पत्नी व बच्चे का रो रो कर बूरा हाल है।

## पिपरवार में हुई ऑल इंडिया एससी/एसटी/बीसी इंप्लाई काउंसिल की बैठक

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** बचरा पंचवटी सभागार में शनिवार को ऑल इंडिया एससी/एसटी बीसी इम्प्लॉय कोऑर्डिनेशन काउंसिल की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रभारी मिथिलेश पासवान और संचालन सीसीएल उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन ने किया। बैठक में काउंसिल के सीसीएल महामंत्री बृजकिशोर पासवान भी उपस्थित थे। बैठक में 11 सितंबर को सीसीएल एनके एरिया के डकरा वीआईपी सभागार में होनेवाले ऑल इंडिया एससी/एसटी/ओबीसी इम्पलाईज को-ऑर्डिनेशन काउंसिल की सीसीएल स्तरीय बैठक सह सम्मेलन को सफल बनाने और इसमे अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का निर्णय लिया गया। बैठक में रतन लाल, रामचंद्र उरांव, मिथिलेश पासवान, सरजू सिंह, रमेश भोगता आदि थे।

### बहुग्रामीण जलापूर्ति योजना से सफल संचालन को लेकर समिति, प्लांट कर्मियों की बैठक

# निगरानी समिति बनाने का निर्णय




**खलारी (आजाद सिपाही)।** बहुग्रामीण जलापूर्ति योजना के संचालन समिति और प्लांट के कर्मचारियों के साथ शनिवार को खलारी प्रखंड सभागार में पीएचडी कनीय अभियंता दीपांकर कुमार की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें पेयजल आपूर्ति संचालन में हो रही परेशानी को लेकर चर्चा की गई। वहीं कर्मचारियों को निर्देश दिया गया कि पेयजल जैसी आवश्यक सेवा को हर हाल में सुचारू रूप से चलाने में सभी अपना सहयोग दें। बिना पूर्व सूचना के हड़ताल पर ना जाये। किसी भी तरह की समस्या होने पर इसकी सूचना संचालन समिति को दे। इसके साथ ही जल शुल्क की समय से वसुली, अवैध कनेक्शन, वाटर कनेक्शन में गलत तरीके से मोटर लगाने के साथ ही जगह-जगह पेयजल की पानी की बर्बदी को रोकने के लिये निगरानी समिति बनाने का भी निर्णय लिया गया। जो समय-समय पर क्षेत्र में घुमकर जांच करने करेगी। कहा गया कि अवैध कनेक्शन व अवैध तरीके से मोटर लगाने वालों पर खलारी थाना में निगरानी समिति द्वारा केस भी दर्ज कराया जायेगा। अंत में जेई दीपांकर ने कामगारों व संचालन समिति द्वारा आपसी ताल मेल कर जलापूर्ति योजना को सुचारु रूप से चलाने को कहते हुए किसी भी हालत मे जलापूर्ति को बाधित नहीं करने का निर्देश दिया। बैठक में प्रखंड कोऑर्डिनेटर प्रमोद कुमार, बुकबुका मुखिया पारसनाथ उरांव, खलारी मुखिया तेजी किस्पोट्टा, चुरी दक्षिणी मुखिया मलका मुंडा, हुटाप मुखिया शिवरथ मुंडा, जलसहिया मंजू उरांव आदि थे।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## सदर अस्पताल में इलाज के दौरान वृद्ध मरीज की मौत, स्वजनों ने किया हंगामा

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** सदर अस्पताल में शनिवार की दोपहर 12 बजे इलाज के दौरान नकुल मांझी नामक 70 वर्षीय वृद्ध की मौत हो गई। इससे नाराज स्वजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। हालांकि स्वजनों ने अस्पताल में मौजूद चिकित्सकों एवं कर्मियों के साथ कोई दुर्व्यवहार या बदतमीजी नहीं की, लेकिन पुरुष वार्ड में लगे दरवाजे के शीशे तोड़ दिये। कुछ देर तक हंगामा के बाद स्वजन नकुल मांझी के शव को लेकर अपने गांव तोरपा के कसमार चले गए। इधर, अस्पताल में हंगामा की सूचना मिलते ही खूंटी पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। घटना के दौरान अस्पताल में मौजूद चिकित्सक डॉ रघुनंदन भगत ने बताया कि शुक्रवार की देर रात 12 बजे नकुल मांझी को बेहोशी की अवस्था में उसके स्वजन इलाज के लिए सदर अस्पताल लेकर आए थे। नकुल मांझी को सांस लेने में तकलीफ हो रही थी। उसका ऑक्सीजन लेवल कम था और शुगर भी बढ़ा हुआ था। चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए रात में ही उसे रांची रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया, लेकिन साथ आए स्वजन मरीज को रांची ले जाने में असमर्थता जताते हुए सदर अस्पताल में ही उसका इलाज करने की गुजारिश की। इस संबंध में मरीज के पुत्र पुरुषोत्तम मांझी ने लिखित में अपनी सहमति भी दी। बताया गया कि शनिवार को जब मरीज की हालत बिगड़ने लगी तो उसके स्वजन उसे रांची ले जाने की बात कहकर तुरंत एंबुलेंस की मांग करने लगे, लेकिन उस समय अस्पताल में कोई एंबुलेंस नहीं था। इस पर दूसरे मरीज को लेकर गए 108 एंबुलेंस के चालक से संपर्क कर उससे जल्द अस्पताल पहुंचने को कहा गया, लेकिन महज कुछ ही देर में मरीज की मृत्यु हो गई और स्वजन लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा करने लगे।

## आजसू कार्यकर्ताओं ने श्राद्धकर्म में किया आर्थिक सहयोग



**सिकिदिरी (आजाद सिपाह)।** सिल्ली विधायक सुदेश महतो के निर्देश पर प्रस्तावित जोन्हा प्रखंड के सुरसू पंचायत के सिंगारी निवासी स्व बाबूराम बेदिया एवं बरवादाग पंचायत के जीरकी निवासी चंद्रमोहन बेदिया की पत्नी के निधन के बाद श्राद्धकर्म में उपस्थित होकर पार्टी कार्यकर्ताओं ने आर्थिक सहयोग किया। आजसू के जिला सचिव शंकर बेदिया ने कहा कि क्षेत्र के हर जरूरतमंद परिवार के सहयोग के लिए कार्यकर्ता हमेशा तैयार रहते हैं। हमारा लक्ष्य ही है, पढ़ाई, दवाई एवं न्याय। इस मौके पर प्रखंड उपाध्यक्ष सत्यनारायण मुंडा, प्रेमलाल मुंडा, गुलाम रसूल, ग्राम प्रभारी दीनदयाल बेदिया, भोलानाथ बेदिया, मधुसूदन बेदिया, नरेश बेदिया, फागू रजवार, मलजू बेदिया, कपिल लोहरा, महिराम बेदिया, राधिका देवी आदि उपस्थित थे।

## उच्च शिक्षा एनइपी-2020 के संदर्भ में विजन मुद्दे कार्य पर दो दिवसीय कार्यशाला संपन्न



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** वाईबीएन विश्वविद्यालय में उच्च शिक्षा एनईपी-2020 के संदर्भ में विजन मुद्दे कार्य पर आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला का शनिवार को समापन हुआ। कार्यशाला में मुख्य अतिथि प्रो डॉ एसपी सिंह, मुख्य वक्ता पूर्व कुलपति वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय (बिहार) के रूप में मौजूद थे। उन्होंने अपने अनुभवो को साझा किया। आयोजन का उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 ने भारतीय शिक्षा प्रणाली में एक नये युग की शुरूआत की है। उच्च शिक्षा के लिये अपनी महत्वाकांक्षी दृष्टि के साथ, इसका उद्देश्य परिदृश्य को ऐसे तरीकों से बदलना है जो रोमांचक और चुनौतीपूर्ण दोनों हों। यह कार्यक्रम एनईपी-2020 में उल्लिखित दृष्टिकोण को साकार करने के लिये आगे आने वाले महत्वपूर्ण मुद्दों और कार्यों पर चर्चा और विचार-विमर्श करने के लिये शिक्षकों, शोधकताओं, नीति निमार्ताओं और विचारकों को एक साथ लाने का प्रयास करता है। कार्यशाला में वाईबीएन विश्वविद्यालय के एनईपी निदेशक डॉ ब्रजेश कुमार सिंह का अहम योगदान रहा।

## 350 लोगों की हुई जांच, दी गयी नि:शुल्क दवा



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** केंद्र सरकार की ओर से संचलित पावर ग्रिड कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड द्वारा प्रखंड के जरिया गांव स्थित राजकीय कृत मध्य विद्यालय परिसर में शनिवार को नि:शुल्क स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया। जिसका उद्घाटन पावरग्रिड के उप महाप्रबंधक श्रीकुमार अभिषेक, मुख्य प्रबंधक साइमन सोरेन, रोहित कुमार श्रीवास्तव व मुखिया कुंवारी खलखो ने स्वास्थ्य जांच के साथ किया गया। शिविर में 350 लोगों के स्वास्थ्य व नेत्र की जांच की गई। मरीजों की जांच आर्किड मेडिकल हॉस्पिटल और आइरिस सुपरस्पेशलिटी आई हॉस्पिटल के चिकित्सकों द्वारा किया गया। वहीं डॉ आकांक्षा व डॉ राहुल, तकनिकी राजकुमार और रितिका के साथ ही सहायक अभिषेक, सांतनु, उमर फारूक खान, जहांगीर अंसारी, मनीष कुमार, हर्ष कुमार एएनएम खुशबू कुमारी व पूजा कुमारी ने रक्तचाप, शुगर, नेत्र जांच और ईसीजी सहित स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की जांच करने के बाद जरूरी परामर्श दिए गए। स्वास्थ्य शिविर में माणिक मंडल, विश्वजीत खलखो, रुपेश कच्छप आदि उपस्थित थे।

## कुएं में लगे दो अलग-अलग लोगों के सोलर पंप सेट की चोरी



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के हुलसु बड़का टोली में दो अलग-अलग लोगों के कुएं में लगे सोलर पंप सेट व समर सेबल की चोरी हो गई है। जानकारी के अनुसार जुलयानी होरो नामक व्यक्ति घर के सामने ही के कुएं में लगे समर सेबल व अनिल कुमार साहु के कुएं में लगे पंप सेट की चोरी शुक्रवार की रात हुई है। दोनों भुक्तभोगी ने लापुंग थाना में आवेदन दिया है। बतातें चलें कि छह माह पहले भी हुलसू, फतेहपुर व चलंगी में भी बोरिंग व कुआ से मोटरपंप की चोरी हुई थी। पर चोर अब तक पुलिस की पकड़ से दूर है।

**चेतावनी :** सांसद ने कहा- दो साल से पलामू और गढ़वा झेल रहे सुखाड़ का दंश

# झारखंड में व्यवस्था नहीं सुधरी तो करेंगे आंदोलन: विष्णुदयाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झारखंड की महागठबंधन सरकार गरीबों को राहत पहुंचाने में नाकाम रही है। विगत चार वर्षों से कई कल्याकारी योजनाओं को लटका रखा है। सुखाड़ का दंश झेल रही जनता को अनाज भी नहीं मिल रहा है। अगर व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो सड़क पर उतर कर आंदोलन करूंगा। विगत दो वर्षों से पलामू संसदीय क्षेत्र के दोनों जिले पलामू एवं गढ़वा सुखाड़ का दंश झेल रहा हैं। बावजूद इसके अगस्त महीने का राशन कार्ड धारियों को कई प्रखंडों में नहीं मिल पाया है। कई प्रखंडों के राशन कार्डधारियों ने इस आशय की शिकायत मुझसे की है। खासकर कांडी प्रखंड एवं सदर प्रखंड के राशन कार्ड धारियों द्वारा स्थिति की जानकारी लेने पर यह पता चला है कि भारत सरकार द्वारा पलामू जिला के लिए लगभग 3200 मैट्रिक टन खाद्यान की कटौती की गयी है। कटौती से लगभग आठ लाख लाभुक अगस्त महीने के राशन से वंचित हो जायेंगे। भारत सरकार द्वारा अगस्त माह में खाद्यान में कटौती का कारण यह है कि सितंबर से दिसंबर 2022 तक प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत संपूर्ण खाद्यान का वितरण नहीं हुआ था। स्टाक में उतना खाद्यान होना चाहिए था। राज्य सरकार को चाहिए था कि बचे हुए खाद्यान का समायोजन जनवरी, फरवरी 2023 तक कर लेती। उक्त अवधि के खाद्यान का समायोजन 8 माह बाद अगस्त महीने में करने का क्या औचित्य है। खद्यान वितरण में राज्य सरकार एवं जिला के आपूर्ति विभाग के द्वारा की गयी अनियमितता एवं लापरवाही का द्योतक है। सितंबर से दिसंबर 2022 तक प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के अंतर्गत संपूर्ण राशन का वितरण क्यों नहीं हुआ। बचा हुआ राशन वर्तमान में कहां है। अगस्त माह का खाद्यान्न बचे हुए लाभुकों को शीघ्र उपलब्ध कराया जाय। केंद्र सरकार राहत आपदा कोष से 500 करोड़ रुपये देने की स्वीकृति प्रदान कर दी है। साथ ही राज्य के सुखाड़ प्रभावित जिलों में राहत योजना चलाने के लिए 100 करोड़ रुपये शीघ्र उपलब्ध कराएगी। उन नौ जिलों में पलामू एवं गढ़वा शामिल हैं। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य विभाकर नारायण पांडेय, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य अविनाश वर्मा, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य रविंद्र सिंह, जिला सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, जिला मीडिया प्रभारी सोमेश सिंह, सांसद निजी सचिव अलख दूबे, भाजपा नेता ईश्वरी पांडेय और मनोरंजन दूबे उपस्थित थे।



संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते सांसद विष्णुदयाल राम व अन्य।

## जादू विज्ञान आधारित जादूगर के हाथ की सफाई का है खेल : अविनाश देव

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सावन का महीना कई मायने में महत्वपूर्ण है। सावन में अक्सर झूलन मेला लगता है जिसमें जी बहलाने, मनोरंजन करने के लिए तरह-तरह की चीजें सजी होती है। इन सभी के बीच बच्चों को जादू का खेल सबसे ज्यादा आकर्षक करता है। जादूगर लोगों की कल्पनाओं से परे अपनी हाथ की सफाई को दर्शकों के बीच परोसता है। कभी सुर्ख सुरमई शाम को रूहानी शाम बनाता है तो कभी पौ फटते चहचहाती सबेरा को भूतों का डेरा बनाता है। कभी हैट से कबूतर तो धूल से मिठाई बनाता है। कागज के फूल तो दलदल से दवाई बनाता है, तो कभी खाली लोटा से पानी गिराता है जो बच्चों को दिल से भाता है। इसीलिए संत मरियम विद्यालय के निदेशक अविनाश देव ने बच्चों को स्थानीय नगर भवन में चल रहे आर सरकार के जादूगर शो को शाम में बुक कराया और सभी को दिखाया। जादूगर आर सरकार मंच पर बुला अपने जादू से फूलमाला बना कर बच्चों के बीच स्वागत के साथ शो की शुरूआत की। बच्चों को संबोधित करते अविनाश देव ने कहा कि जादू का खेल पूरा विज्ञान पर आधारित है जिसमें हाथ की सफाई की अहम भूमिका होती है।

मनोवैज्ञानिक रूप से हम बंध जाते हैं जो हम सब को बड़ा ही रोमांटिक लगता है। आप सभी साइंस को पढ़िए और विज्ञान के जादू से वह सब कीजिए जो एक जादूगर नहीं कर पाता है। आपने देखा लोहा को हमारे वैज्ञानिकों ने कैसे चांद पर पहुंचाया ये है विज्ञान के करामात जो किसी जादू से कम नहीं है। आप संत मरियम विद्यालय के सभी बच्चे किसी जादूगर से कम नहीं हैं। कोयल नदी के बालू को आलू, हाथी को भालू बना सकते हैं। जरूरत है बड़े ही करीने से विज्ञान के सूक्ष्म मर्म को समझना। वह दिन दूर नहीं जब आप हवा में तैरता हुआ महल बनायेगें और युवा पीढ़ी उसमें हनीमून मनाएगा।



## मारूति मंगल फुटबॉल प्रतियोगिता 17 सितंबर से

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** रातू प्रखंड के तिगरा टिकारा टोली के खेल मैदान में मारुति मंगल परिवार के तत्वाधान में आगामी 17 सितंबर से प्राइज मनी फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन होगा। जिसमें 16 टीमें भाग ले सकती है। जिसका प्रवेश शुल्क 11 हजार रुपये रखा गया है। विजेता टीम को एक लाख 11 हजार 111 रुपये, उपविजेता टीम को 77 हजार 777 रुपये, तृतीय पुरस्कार 33 हजार 333 रुपये और चतुर्थ पुरस्कार 11 हजार 111 रुपये रखा गया है। उक्त जानकारी प्रतियोगिता के अध्यक्ष सुमेश कुमार, सचिव निरंजन गोप आदि ने दी।

## भंडार पंचायत के विकास योजनाओं में बरती जा रही घोर अनियमितता

**ग्रामीणों ने डीसी और डीडीसी दिया आवेदन, कार्रवाई की मांग**

### मुखिया ने देवर को बनाया लाभुक समिति का अध्यक्ष और जेठानी को बनाया मनरेगा का मेठ

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** विश्रामपुर प्रखंड अंतर्गत भंडार पंचायत के विकास योजनाओं में घोर अनियमितता बरती जा रही है। इस पंचायत में 15 वें वित्त व मनरेगा के कार्यों में बड़े पैमाने पर लूट खसोट मची है। भ्रष्टाचार का जनक मुखिया आरती देवी को बताया जा रहा है। इसकी लिखित शिकायत पंचायत के पूर्व वार्ड सदस्य सुनैना देवी सहित कई ग्रामीणों ने डीसी और डीडीसी से की है। डीसी को दिए आवेदन में सुनैना देवी ने आरोप लगाया कि 15 वें वित मद से कराए जाने वाले कार्यों में भंडार की मुखिया आरती देवी ने अपने देवर अनुज पासवान को लाभुक समिति का अध्यक्ष बना दिया है। लाभुक समिति के द्वारा कुआं मरम्मती का कार्य कराया जा रहा है। यही नहीं, मरम्मत कराया जा रहा कुआं भी मुखिया का ही है। इस कूप मरम्मती के नाम पर पैसों की निकासी भी कर ली गई है। इसी तरह मनरेगा द्वारा भंडार अखाड़ा भवन से शिवनंदन ठाकुर के घर तक कराए गए पथ निर्माण कार्य में मुखिया की जेठानी पूनम देवी को मेठ बनाकर राशि की निकासी कर ली गई है। जबकि उक्त पथ का पूर्व में एनआरईपी द्वारा ग्रेड वन का कार्य कराया जा चूका है। अवशेष भाग नंदकिशोर ठाकुर के घर से द्वारपार तक मनरेगा से ही मिट्टी मोरम का कार्य कराया पूर्व में भी कराया गया था। इस योजना में वार्ड सदस्य की बहू को मेठ बनाया गया। ग्रामीणों की मानें तो उक्त तीन योजना तो बानगी मात्र है। पंचायत में संचालित सभी विकास योजनाओं का कमोबेश यही स्थिति है। सुनैना और ग्रामीणों ने पलामू डीसी से जांचोपरांत कार्रवाई की मांग की है।

#### अनियमितता बर्दास्त नहीं: विक्रम आनंद

**विश्रामपुर के प्रभारी बीडीओ विक्रम आनंद ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है। विकास योजनाओं में अनियमितता बर्दास्त नहीं की जायेगी। जांच के बाद दोषियों पर जरूर कार्रवाई की जाएगी।**

## डुमरी उप चुनाव में बाबूलाल मरांडी के साथ भाजपा नेता डॉक्टर ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने किया मंच साझा

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** झारखंड के डुमरी विधानसभा में होने वाले उपचुनाव को लेकर प्रचार प्रसार तेज हो गया है। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह अखिल भारतीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी भी एनडीए प्रत्यासी के पक्ष में चुनाव प्रचार कर रहे हैं। इस दौरान चंद्रवंशी ने पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह और आदित्य साहू सहित कई दिग्गज नेताओं के साथ मंच साझा किया। उन्होंने डुमरी विधानसभा में कई नुक्कड़ सभा को भी संबोधित किया। इसके अलावा चंद्रवंशी समाज के लोगों के बीच जाकर एनडीए प्रत्यासी यशोदा देवी को वोट देने की अपील की। दावा किया कि डुमरी विधानसभा से एनडीए प्रत्यासी यशोदा देवी प्रचंड जीत हासिल करेंगी। चंद्रवंशी के साथ विश्रामपुर के कई और भाजपा कार्यकर्ता भी गए हैं।



कार्यकर्ताओं-समर्थकों को संबोधित करते भाजपा नेता डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी।

## बाबूलाल मरांडी के पांकी आगमन को लेकर विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**पांकी/पलामू।** नीलांबर-पीतांबरपुर स्थित मौर्या फॉर्म हाउस में झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के संकल्प यात्रा के तहत पांकी विधानसभा क्षेत्र में आगमन और आयोजित कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता के नेतृत्व में शनिवार को बैठक की गई। जिसमें जिला अध्यक्ष विजयानन्द पाठक, पांकी विधानसभा क्षेत्र के सभी मंडल अध्यक्ष, सभी मोर्चा के पदाधिकारी गण सभी कार्यकर्ता उपस्थित हुए। इस दौरान कई निर्णय लिए गए और नेताओं-कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियों सौंपी गई। ताकि 13 सितंबर को पांकी विधानसभा क्षेत्र में आयोजित बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाया जा सके।



## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर रेहला योगी वीर देव स्थल पर होगा भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**छह सितंबर को आयोजित कार्यक्रम में वाराणसी, प्रयागराज व बंगाल के कलाकार लेंगे भाग**

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के पावन मौके पर आगामी छह सितंबर को विश्रामपुर नगर परिषद के मुख्य कस्बा रेहला सिद्ध पीठ योगीवीर देव स्थल पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होगा। जिसकी जानकारी युवा समाजसेवी ज्वाला गुप्ता ने शनिवार को पत्रकारों को दी। उन्होंने बताया कि कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर सिद्ध पीठ योगी वीर देव स्थल कमिटी के तत्वाधान में भव्य भक्ति जागरण व झांकी का आयोजन किया जायेगा। जिसमें बनारस की सुप्रसिद्ध गायिका नंदनी स्वराज व इलाहाबाद की लोकप्रिय गायिका जुली सिंह भाग लेंगी। जबकि कोलकाता के प्रसिद्ध झांकी बंटी एडं ग्रुप की ओर से सुंदर प्रस्तुति दी जायेगी। तैयारी जोर शोर से जारी है। आयोजन को सफल बनाने में देव स्थल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्याम चंद्रवंशी, पिंटू केशरी, विनोद सिंह, संरक्षक मंडली के सदस्य साइमन मैथ्यू एसले, स्टेशन प्रबंधक सतीश कुमार, राजमोहन पाल, डॉक्टर अनिल सिंह, रंजीत सिंह, राजू सिंह, संजू सिंह, कृपा शंकर सिंह, नीरज सिंह, धीरज सिंह, रामनाथ कश्यप, दिनेश गुप्ता, प्रधान संरक्षक आदर्श सिंह राजपूत, राजेश प्रसाद, बिट्टू गुप्ता, प्रीतम भगत, राकेश चौबे, संतोष चौबे, शंकर गुप्ता, पारस नाथ पाल, विजय शंकर, हरकेशवर प्रसाद आदि अहम भूमिका निभा रहे हैं।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## बिजली चोरी के आरोप में दो उपभोक्ता पर प्राथमिकी दर्ज, 35 हजार का लगा जुर्माना

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के अभियंताओं ने विशेष छापामारी अभियान के तहत दो लोगों को अवैध तरीके से बिजली का उपयोग करते रंगेहाथ पकड़ा है। इन पर बिजली मीटर लगाने के बाद भी अलग से अवैध उपयोग करने का आरोप है। इनके विरुद्ध हुसैनाबाद थाना में विद्युत अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। उक्त दो लोगों पर 35 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। जेपी चौक के समीप रहने वाले आनंद कुमार सिंह पर 10 हजार रुपए और राजीव कुमार पर 25 हजार रुपये का जुर्माना लगा है। इस अभियान में सहायक विद्युत अभियंता संजय कुमार, मानव दिवसकर्मी जितेंद्र ठाकुर, बबन कुमार और सुपरवाइजर प्रिंस लाल शामिल थे। उन्होंने बताया कि आगे भी छापामारी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि पांच हजार रुपए से अधिक बकाएदारों के खिलाफ भी कार्रवाई जारी रहेगी। बकाएदारों को बिल का भुगतान करने की हिदायत भी दी है। उन्होंने कहा कि एक मुश्त या पांच किस्तों में भी अपने बकाए राशि का भुगतान कर सकते हैं।

## बसपा नेता प्रमोद कुमार रवि के प्रयास से सतगांवा में लगा 200 केवीए का ट्रांसफॉर्मर



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** हरिहरगंज नगर पंचायत क्षेत्र के सतगांवा में शनिवार को बसपा के पूर्व प्रदेश सचिव सह पच्छमी पूर्व जिला परिषद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार रवि के प्रयास से 200 केवीए का ट्रांसफॉर्मर लगाया गया। इस संबंध में प्रमोद कुमार रवि ने बताया कि सतगांवा में पूर्व में 100 केवीए का ट्रांसफार्मर लगा था। पर क्षमता से अधिक कनेक्सन रहने के कारण लोड नहीं ले रहा था। जिससे उपभोक्ता काफी परेशान थे। इसकी जानकारी मुझे दी गई और तत्काल बिजली विभाग के अधिकारियों से मिलकर सतगांवा के उपभोक्ताओं की समस्या को हल कराते हुए 200 केवीए का ट्रांसफार्मर लगवाया। इस कार्य के लिए बिजली उपभोक्ता राजीव कुमार शर्मा, गौतम कुमार, मोहम्मद इसरार आलम, सुशील कुमार रवि, संतोष कुमार, गोविंदराम, गयासुद्दीन अंसारी, जगजीवन राम, आवास अंसारी, अरुंजय कुमार, भीम कुमार, पंकज कुमार, जनेश्वर पासवान, मोहम्मद कलाम अंसारी, मोदी लाल, रमेश ठाकुर, पिंटू कुमार, नीतीश कुमार, जावेद अंसारी, अजय कुमार और राजेश कुमार आदि ने आभार प्रकट किया है।

# स्पोर्ट्स



संत जेवियर्स को ट्राइ ब्रेकर में 302 गोल से हराकर अगले राउंड में पहुंचा लोयो

**शदीद एतवा उरांव फुटबॉल टूर्नामेंट-2023:** अगले राउंड में पहुंची गोरे व टांगरबसली की टीम

## मुड़मा व गुड़गुड़जाड़ी के बीच मुकाबला आज

**पहले ही सेमीफाइनल में पहुंच चुकी है एमएफए की टीम**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** शहीद एतवा उरांव स्मारक न्यास और युवा विकास क्लब, बुढ़ाखुखरा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित रांची जिला अंतर्गत मांडर प्रखंड के बुढ़ाखुखरा स्थित खेल मैदान में शनिवार को खेले गए शहीद एतवा उरांव फुटबॉल टूर्नामेंट-2023 के दूसरे दिन का पहला मैच एलकेटी करमटोली लोयो और संत जेवियर्स इंटर कॉलेज मांडर के बीच खेला गया। लोयो ने रोमांचक मुकाबले में संत जेवियर्स को ट्राइब्रेकर में 3-2 गोल से हराकर अगले राउंड में प्रवेश किया। वहीं अन्य मैचों में खान ब्रदर्श गोरे, मांडर ने एककफा मुकाबले में स्टेप अप इंस्टीच्यूट जाम टोली रोड, बेड़ो को 4-0, यूनाइटेड एफसी बीजुलिया पंचायत, रातू ने आदर्श युवा विकास क्लब, महुआजाड़ी को 3-2, एसएस कॉलोनी चांदनीचौक इमरोज टीम, टांगरबसली ने खलखो ब्रदर्श कंजिया को 4-0 गोल से हराकर अगले राउंड में प्रवेश किया। जबकि खान ब्रदर्श गोरे ने 3-0 करमटोली और टांगरबसली ने 4-0 गोल से बीजुलिया पंचायत को हराकर अगले राउंड में प्रवेश किया। समय नहीं रहने के कारण गोरे व टांगरबसली के बीच का मुकाबला अब पांच सितंबर को होगा। एमएफए हतिया गोंदा कांके की एक सितंबर को ही सेमीफाइल में अपनी जगह बना ली है। तीन सितंबर का उद्घाटन मैच डीजे बैंड मुड़मा व सरना नवयुवक संघ गुड़गुड़जाड़ी, मांडर के बीच खेला जाएगा। टूर्नामेंट के सफल संचालन में आयोजन समिति के अध्यक्ष मो शकिब (छोटू), पितरुस खलखो, खेल प्रभारी फ्रांसिस जेवियर खलखो, वाजिद खान (गोरे), संदीप कुजूर, मो. रकीब, मो. अबदुल, नंदलाल केवट, मोहन खलखो, झुमनू उरांव, तारुफ उरांव सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।



फुटबॉल टूर्नामेंट में एक-दूसरे से भिड़ती टीम।

## अल्काराज और मेदवेदेव तीसरे दौर में

**इस्नर ने दूसरे दौर में हार के साथ लिया संन्यास**

एजेंसी

**न्यूयार्क।** शीर्ष वरीय कार्लोस अल्काराज ने लॉयड हैरिस को 6-3, 6-1, 7-6 (4) से हराकर यूएस ओपन टेनिस के तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया। रूस के डेनिएल मेदवेदेव भी दूसरे दौर का अपना मैच जीतने में सफल रहे। इसके अलावा 38 साल के स्विट्जरलैंड के स्टेन वावरिंका ने भी दूसरे दौर का अपना मैच जीत लिया। वावरिंका ने 2016 में यूएस ओपन जीता था। उन्होंने अर्जेंटीना के थामस मार्टिन को तीन घंटे 39 मिनट चले मुकाबले में 7-6(6), 6-7(7), 6-3, 6-2 से पराजित किया। मेदवेवदेव ने दूसरे दौर में ऑस्ट्रेलिया के क्रिस्टोफर ओ कोनोल को 6-2, 6-2, 6-7(6), 6-2 से हराया। मेदवेदेव ने यहां 2021 में खिताब जीता था। गत चैंपियन अल्काराज ने दक्षिण अफ्रीका के 26 साल के प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ मैच में अच्छी लय हासिल की। पहले दौर के मैच में तो उनके प्रतिद्वंद्वी डोमिनिक चोट के कारण दूसरे सेट में मैच से हट गए थे। यूएस ओपन के इतिहास में सबसे युवा शीर्ष वरीय अल्काराज ने 10 में 9 ब्रेक प्वाइंट बचाए। हैरिस ने अल्काराज को अच्छी टक्कर दी। तीसरे सेट में हैरिस एक समय 4-2 से आगे थे लेकिन विंबलडन चैंपियन ने सही समय पर संयम दिखाते हुए ब्रेक प्वाइंट लिया और टाईब्रेक में मैच जीत लिया। अल्काराज का लक्ष्य सीजन का सातवां और तीसरा ग्रैंडस्लैम जीतने का है। अभी तक तीसरे दौर में प्रवेश तक उन्होंने कोई सेट नहीं गंवाया है। टूर्नामेंट में अभी तक कई उलटफेर देखने को मिले हैं। दुनिया के नंबर चार होल्गर रुने, नंबर-पांच कैस्पर रुड और नंबर-7 स्टेफनोस सितसिपास उलटफेर का शिकार हो चुके हैं। सर्बिया के दूसरी वरीय नोवाक जोकोविच निचले हाफ में हैं। अल्काराज का कहना है कि मेरे लिए इससे फर्क नहीं पड़ता कि कौन सा खिलाड़ी ड्रॉ के निचले हाफ या ऊपरी हाफ में है। मेरी हर नतीजे पर नजर है। निचले हाफ में अब नौवीं वरीय टेलर फ्रिटज और नंबर दस फ्रांसिस टियाफोई की चुनौती शेष है।

### अखिल भारतीय पिछड़ा संघ के बैनर तले ग्रामीण बासदेवपुर कोल डंप के पास धरने पर बैठे

# ग्रामीणों का विरोध देख बासदेवपुर में बिना डंपिंग किये कचरा वाहनों के साथ लौटे

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लोयाबाद।** एकड़ा के ग्रामीणों के विरोध के कारण निगम का कचरा शनिवार को बासदेवपुर में नहीं डंपिंग किया जा सका। ग्रामीणों के कड़े विरोध के कारण कतरास अंचल के जोनल इंचार्ज उजैफा अंसारी और कचरा वाहनों को वापस लौट जाना पड़ा। पांच कचरा वाहन पुल के पास खड़ा है। विधि व्यवस्था बनाये रखने लिए मौके पर पुलिस मौजूद है। ग्रामीण महिला पुरुष धरना पर बैठे हुए हैं। समाचार लिखे जाने तक कोई प्रशासनिक अधिकारी नहीं पहुंचा है। पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत दिन के करीब दस बजे अखिल भारतीय पिछड़ा संघ के बैनर तले ग्रामीण बासदेवपुर कोल डंप के पास पहुंचे। ग्रामीणों ने निगम के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। करीब साढ़े दस बजे कचरा गिराने के लिए वाहनों के साथ कतरास अंचल के जोनल इंचार्ज कोल डंप के पास पहुंचे। ग्रामीणों ने विरोध करना शुरू कर दिया तथा वाहनों को रोक दिया गया। ग्रामीणों का उग्र तेवर देख जोनल इंचार्ज वाहनों के साथ वहां से लौट जाने में ही अपनी भलाई समझी। आंदोलन का अगुवाई कर रही लीलू देवी और अजय रवानी ने कहा कि नगर निगम को यहां पर कचरा डंपिंग करने के लिए बीसीसीएल प्रबंधन द्वारा नो ओबजेक्शन पत्र दिया गया है तो दिखाए। कहा कि किसी भी कीमत पर कचरा डंप यहां नहीं करने देंगे। जहां पर कचरा डंप किया जा रहा है उससे पहले ही रास्ते में काली मंदिर है, छठ घाट, श्मशानघाट और एकड़ा जोरिया नदी है। कचरा डंपिंग के बाद वहां पर इस कदर बदबू फैल रही है कि लोगों को उधर से गुजरना मुश्किल हो गया है। लीलू देवी ने लोयाबाद थाना प्रभारी पर पक्षपातपूर्ण कारवाई करने का आरोप लगाया। कहा निगम के अधिकारी की शिकायत पर पुलिस उनलोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। लेकिन उनकी लिखित शिकायत पर रैमकी कंपनी के अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज नही किया गया। कहा यदि रंगदारी मांगने या गाड़ी का शिशा तोड़ने का साक्ष्य है तो दिखाए। धरना मे अजय रवानी, केदार पासवान, रूपा देवी, सुजीत केवट, गोविंद पासवान, चिंटू रवानी, मनोज पासवान, सुरेश केवट, रंजीत पासवान, पोलाई सिंह आदि लोग बैठे हुए हैं। मालूम हो कि 25 अगस्त को कचरा गिराने का विरोध करने वाले ग्रामीणों पर पुलिस द्वारा लाठीचार्ज किया गया था। पुलिस ने सिटी मैनेजर सब्बीर आलम की लिखित शिकायत पर रुपा देवी, लीलू देवी व संतोष कुमार सहित अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। इस संबंध में जानकारी लेने के लिए उप नगर आयुक्त प्रकाश कुमार को फोन किया गया लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।





# मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत भाजपा कार्यालय में हुई बैठक

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद।** मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार को भाजपा जिला कार्यालय में जिला महानगर अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुआ। बैठक को संबोधित करते हुए झारखंड प्रदेश पूर्व प्रशिक्षण प्रमुख गणेश मिश्रा ने कहा की प्रधानमंत्री ने मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के माध्यम से भुला दिए गए स्वतंत्रता सेनानियों को याद करने की एक नई दृष्टि दी है। आप सभी को विकसित भारत बनाने के लिए योगदान देना होगा। यह कार्यक्रम अमृत काल में देश को एक सूत्र में पिरोकर विकसित भारत की संकल्प पथ पर अग्रसर करने और राष्ट्र के लिए समर्पण की भावना को प्रकार बनाने का प्रभावी माध्यम बना है। महानगर अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह ने कहा की मेरी माटी मेरा देश अभियान कार्यक्रम को लेकर पूरा समाज भावनात्मक रूप से खड़ा है। देश के वीर सपूतों की स्मृति में निर्मित होने वाले अमृत वाटिका के लिए एक चुटकी मिट्टी घर-घर से लेना है। हमें ऐसे शहीद के परिवारों के बीच जाकर उन्हें बताना है कि वह अकेले नहीं है पूरा देश उनके साथ खड़ा है। इस कार्यक्रम के संयोजक तथा जिला महामंत्री श्रवण राय ने कहा कि मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम को लेकर आज जिला स्तरीय बैठक हुई और पांच सितंबर तक मंडल स्तरीय बैठक भी संपन्न होगी। बैठक में जिला उपाध्यक्ष संजय झा, धनेश्वर महतो, मानस प्रसून, वीरेंद्र हंसदा, उमेश यादव, महेश पासवान, कन्हैया पांडे, कंचन चौरसिया, सुमन अग्रवाल, मिल्टन पार्थ सारथी, अमलेश सिंह, अनिल सिन्हा, शैलेश चंद्रवंशी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।



### बाबूलाल मरांडी ने विभिन्न नुक्कड़ सभाओं को किया संबोधित

# बेखौफ होकर भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रही राज्य सरकार : बाबूलाल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नावाडीह(बेरमो)।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी शनिवार को डुमरी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नावाडीह प्रखंड के किमोजोरिया, बोदरो, भेंडरा एवम दहयारी में एनडीए प्रत्याशी यशोदा देवी का प्रचार करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने लोगो से यशोदा देवी को समर्थन में वोट देने की अपील की। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने पूरे प्रदेश में लूट मचा रखी है। वर्तमान सरकार में बेखौप होकर भ्रष्टाचार हो रही है। उन्होंने कहा, भाजपा की सरकार में केवल विकास हुआ है। पहले हाट-बाजार जाने के लिए सड़कें नहीं थीं। लोगो को काफी परेशानी होती थी। केंद्र में जब अटल बिहारी वाजपेयी व नरेन्द्र मोदी की सरकार आई तब गांव-गांव में सड़कों का जाल बिछाया गया है। वर्तमान सरकार के विरुद्ध आवाज उठाने वाले पर केस कर प्रताड़ित किया जाता है। झारखंड सरकार पुलिस व प्रशासन को वसूली में लगाए है। ऐसी सरकार को उखाड़ फेंकना है और ऐसे लुटेरो से झारखंड को बचाना है। भानु प्रताप शाही ने अपने संबोधन में कहा कि विश्वकर्मा समाज के लिए प्रधानमंत्री ने विश्वकर्मा योजना लाए, जिससे लाखो कामगारों को इसकी लाभ होगी। भाजपा की सरकार किसान से लेकर मजदूरी करने वाले श्रमिको के हित में कार्य करते हैं। जबकि वर्तमान की सरकार भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने में लगी है। मौके पर पूर्व सांसद रवींद्र कुमार पांडेय, पूर्व जिला अध्यक्ष रोहितलाल सिंह, जगरनाथ राम, निर्मल महतो, दशरथ महतो, गोबिंद महतो, रणविजय सिंह, मुखिया बाराडीह प्रदीप वर्मा, फुलचंद किस्कू, योधि महतो, अर्चना सिंह, मिथलेश विश्वकर्मा, गोपाल विश्वकर्मा, देवदीप वर्मा, अभिशक वर्मा, संजय आदि उपस्थित रहे।



# 5-एस सिस्टम ऑफ वर्कप्लेस मैनेजमेंट पर कार्यशाला का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बोकारो।** झारखंड में पहली बार क्वालिटी सर्किल फोरम ऑफ इंडिया, बोकारो चैप्टर द्वारा बोकारो प्राइवेट आई टी आई में क्वालिटी सर्किल एवं 5-एस सिस्टम ऑफ वर्कप्लेस मैनेजमेंट पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन महाप्रबंधक (सीएसआर) एवं सचिव बोकारो प्राइवेट आई टी आई सीआर के सुधांशु द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक (विजिलेंस-एसआरयू) एवं अवैतनिक सचिव (क्वालिटी सर्किल फोरम ऑफ इंडिया, बोकारो चैप्टर) एमके दूबे, सहायक महाप्रबंधक (बीपीएससीएल) संजय सिन्हा, सहायक प्रबंधक(सी ओ एवं सी सी) एलवी सिंह, पूर्व उप महाप्रबंधक(बोकारो स्टील प्लांट) सुदामा प्रसाद, प्रिंसिपल (बोकारो प्राइवेट आई टी आई) एसबी पांडेय, वाइस प्रिंसिपल(बोकारो प्राइवेट आई टी आई) श्री वी प्रसाद, बोकारो प्राइवेट आई टी आई के अन्य इंस्ट्रक्टर तथा लगभग 40 प्रतिभागी उपस्थित थे। कार्यशाला के आरम्भ में एसबी पांडेय ने सभी का स्वागत करते हुए कार्यशाला के उद्देश्यों के बारे में बताया। इस अवसर पर प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए श्री सी आर के सुधांशु ने इंडस्ट्री में क्वालिटी सर्किल एवं 5-एस सिस्टम ऑफ वर्कप्लेस मैनेजमेंट की महत्ता पर प्रकाश डाला। श्री सुधांशु ने कहा कि क्वालिटी सर्किल एक ऐसी विधा है जिसके माध्यम से व्यक्ति का सर्वांगीण विकास तो होता ही है।



# अभिलेखागार के प्रधान लिपिक को चार हजार रिश्वत लेते एसीबी ने किया गिरफ्तार

**धनबाद।** शनिवार को धनबाद एसीबी की टीम ने उपायुक्त कार्यालय में दबिश दी। एसीबी की दबिश पड़ते ही उपायुक्त कार्यलाय में हड़कंप मच गया। टुंडी प्रखंड के मनियाडिह थाना क्षेत्र के रहने वाले उमेश सिंह ने धनबाद एसीबी से शिकायत की थी। शिकायत के आलोक में कारवाई करते हुए एसीबी की टीम ने जिला अभिलेखागार के पद पर कार्यरत प्रधान लिपिक कृष्णेन्दु चौधरी को चार हजार रूपए रिश्वत लेते धर दबोचा। एसीबी ने गिरफ्तार करने के बाद मजिस्ट्रेट के साथ अधिकारी कृष्णेन्दु के मास्टरपाड़ा हीरापुर स्थित आवास लेकर पहुंचे हैं और छानबीन की लेकिन वहा कुछ भी नहीं मिला। इस संबंध में एसीबी डीएसपी जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया की सर्वे अभियान की कॉपी के लिए कृष्णेन्दु द्वारा शिकायतकर्ता से 6 हजार रुपये रिश्वत का डिमांड किया गया था। बाद में 4 हजार का डिमांड किया गया। टीम गठित कर कारवाई की गई जिसमे 4 हजार रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया गया।



### स्वच्छ रखने, सौंदर्यीकरण करने, यातायात को सुदृढ़ करने के लिए उपायुक्त ने की बैठक

# तालाबों के किनारे से हटाये जायेंगे अतिक्रमण : उपायुक्त

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद।** उपायुक्त वरुण रंजन ने शनिवार को अपने कार्यालय कक्ष में जिले को स्वच्छ रखने, शहर के सौंदर्यीकरण, यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने, पेयजल, बिजली सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं को लेकर धनबाद नगर निगम, झमाडा, नगर परिषद चिरकुंडा सहित अन्य विभागों के साथ बैठक की। बैठक में उपायुक्त ने पूर्व में हुए बैठक में दिए गए निर्देश के अनुपालन एवं प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उपायुक्त द्वारा नगर आयुक्त से जिले को स्वच्छ, सुंदर एवं व्यवस्थित बनाने हेतु नगर निगम के द्वारा तैयार किए गए एक्शन प्लान के बारे में जानकारी प्राप्त किया गया। नगर आयुक्त सत्येंद्र कुमार ने तोपचांची झील को पर्यटक स्थल बनाने, गोल्फ ग्राउंड को फेज-2 में स्टेडियम निर्माण, फ्लड लाइट लगाकर सौंदर्यीकरण करने, तालाब के किनारो से अतिक्रमण हटाने, बिरसा उद्यान पार्क को और भी सुंदर बनाने, वर्टिकल गार्डन बनाने, सड़क किनारे साजसज्जा, वॉल पेंटिंग समेत धनबाद शहर के एंट्री पॉइंट में को सौंदर्यीकरण करने के प्रस्ताव को उपायुक्त के समक्ष रखा। उपायुक्त द्वारा नगर आयुक्त को सड़क, पानी, बिजली, सौंदरीकरण, नाली, साफ-सफाई, लाइट आदि की समुचित व्यवस्था करने को निर्देशित किया। उन्होंने कहा की सभी कार्य का एक डाटा तैयार कर ले और नागरिक सुविधा के तहत हो रहे कार्य की लगातार मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें। अगर कहीं लाइट लग रहे हैं तो इसकी समुचित जानकारी हो कि कितने लाइट कार्य कर रहे हैं और कितने बंद हैं। उसी प्रकार से पब्लिक शौचालयों की भी रिपोर्ट तैयार करके रखें, जलापूर्ति की भी प्रतिदिन रिपोर्ट रखें कि कहां कितनी जलापूर्ति की गई।शहर की सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए प्रमुख चौक चौराहा अन्य क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरा की समीक्षा करते हुए उपायुक्त द्वारा नगर आयुक्त को शहर में लगे सीसीटीवी कैमरा की स्थिति की रिपोर्ट देने को कहा गया। उन्होंने कार्य कर रहे सीसीटीवी कैमरा एवं खराब पड़े सीसीटीवी कैमरा की जानकारी प्राप्त कर सभी कैमरा को दुरुस्त कर सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद करने हेतु निर्देशित किया। साथ ही उन्होंने शहरी क्षेत्र में तालाब किनारे अतिक्रमण हटाने हेतु संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि शहर को साफ सुथरा रखने, यातायात की ज्वलंत समस्या को सुदृढ़ करने, जिलेवासियों को बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने व वैसी समस्याएं जो बारंबार सामने आ रही है, उसका चरणबद्ध तरीके से समाधान करने के लिए जिला प्रशासन कृत संकल्पित है।



## सिंदरी में गणेश पूजा मेला का होगा आयोजन

**सिंदरी।** सिंदरी के वार्ड 55 स्थित रांगामाटी टीओपी मैदान में विगत कई वर्षों से होते आ रहें गणेश पूजा मेला का आयोजन इस वर्ष भी धूमधाम से किया जायेगा उक्त बातें गणेश पूजा मेला समिति के संस्थापक अश्विनी मिश्रा उर्फ मिंटू मिश्रा ने कही। श्री मिश्रा ने बताया की काल्पनिक पंडाल का निर्माण किया जायेगा जिसमें गणेश भगवान की विशाल मूर्ति स्थापित की जायेगी। पंडाल के निर्माण नदिया पश्चिम बंगाल के कलाकारों द्वारा किया जायेगा। पंडाल के निर्माण में करीब दो लाख रुपए की लागत आयेगी। पूजा मेला को लेकर मैदान की सफाई कराई जा रही है।

## सिजुआ साइडिंग और सीएचपी का ट्रांसपोर्टिंग कार्य रहा चार घंटा बाधित

**कतरास।** सिजुआ ग्रामीण एकता के बैनर तले शनिवार को स्थानीय ग्रामीणों ने बीसीसीएल के ट्रांसपोर्टिंग का कार्य को रोक दिया, ट्रांसपोर्टिंग का कार्य रुक जाने से सीएचपी सहित साइडिंग के आसपास वाहनों की लम्बी कतार लग गयी। कोयला लोडिंग अनलोडिंग का कार्य भी पूरी तरह ठप पड़ गया। ग्रामीणों का आरोप था कि बीसीसीएल कतरास क्षेत्र 4 के वेस्ट मोदीडीह कोलियरी और प्रोजेक्ट से जो कोयला ट्रांसपोर्टि कि जाट है उसमें घोर अनियमितता बरती जाती है। ग्रामीणों के प्रतिनिधित्व कर रहे सनी सिंह ने बताया कि ट्रांसपोर्टिंग करने वाले माल वाहक वाहन ओवरलोड कोयला लेकर मुख्य मार्ग से गुजरती है। इस दौरान ओवरलोड ट्रक पर तिरपाल नहीं ढका रहता हैं सड़क से गुजरने वाले लोगों पर हर वक़्त खतरा बना रहता है। खुला कोयला लोड ट्रक से बढ़ रहे प्रदूषण से पूरा जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। आज सैकड़ो गरीब परिवार टीवी, दमा एवं कई जानलेवा बीमारी के शिकार हो रहे हैं.।इसलिए जब तक प्रबंधन सुधार नही लाती है तब तक हमलोग चक्का जाम करेंगे।



## खो-खो खेल प्रतियोगिता में दयानंद और श्रद्धानंद को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ

**बोकारो।** डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर-6 में अंतर सदानीय जूनीयर वर्ग खो-खो प्रतियोगिता में श्रद्धानंद सदन व दयानन्द सदन के विद्यार्थियों ने अच्छा प्रदर्शन किया। चारों सदनों के विद्यार्थियों ने खो-खो खेल में भाग लिया। 250 से अधिक विद्यार्थी कार्यक्रम में उपस्थित थे। बालिका वर्ग में श्रद्धानंद व दयानंद सदन को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। जिसमें वाणी सिंह, भूमिका, सना परवीन, काजल कुमारी, अंजली कुमारी, शालिनी कुमारी, खुशी कुमारी, अनुप्रिया, भाग्यश्री व दीपिका कुमारी ने पूर्ण उत्साह पूर्वक खेला। इसी प्रकार बालक वर्ग में विवेकानंद सदन को प्रथम स्थान मिला जिसमें सत्यम कुमार, आयूस आनंद, आयुष कुमार, मयंक राज, शिवम कुमार, अमित, पुनीत, आर्यन ईशान, विप्लव ठाकुर, केशव, दिव्यांश आदि विद्यार्थियों का सहयोग मिला। बालक वर्ग में दयानंद सदन को द्वितीय स्थान मिला तथा हंसराज सदन को तृतीय स्थान मिला। कक्षा तीसरी से पांचवी तक के लिए खो-खो प्रतियोगिता बालिका वर्ग व बालक वर्ग में आयोजित किया गया। विद्यार्थियों में असीम उत्साह देखा गया। बच्चों ने खेल को आनंद के साथ खेला विद्यालय के प्राचार्य बृजमोहन लाल दास ने कहा कि खेल से बच्चों में शारीरिक विकास व निर्णय क्षमता का गुण प्राप्त होता है। विद्यार्थी स्वस्थ रहते हैं। अतः निश्चित रूप से कोई ना कोई खेल अवश्य खेलना चाहिए। खेल शिक्षक प्रशांत कुमार के दिशा निर्देशन में खो-खो मैच खेला गया। कार्यक्रम में किरण सिंह, ममता कुमारी, रूबी कुमारी, आभा कुमारी, नेहा कुमारी, और श्याम भूषण श्रीवास्तव उपस्थित थे।



## झरिया-धनबाद मुख्य मार्ग की सफाई के लिए भेजे जाने का कर्मियों ने किया विरोध

**धनसार।** बीसीसीएल प्रबंधन द्वारा भगतडीह के समीप झरिया-धनबाद मुख्य मार्ग की सफाई के लिए भेजे जाने पर कर्मियों ने शनिवार को हंगामा किया। कर्मियों ने हंगामा करना उस वक्त शुरू कर दिया जब सड़क सफाई करने से इंकार करने पर प्रबंधक आरकेपी सिंह ने सस्पेंड करने की धमकी दी। सूचना पाकर जनता श्रमिक संघ के नेता अमर सिंह, रघूनंदन सिंह, संजय राय और अर्जुन रविदास पहुंचे। इनलोगों ने प्रबंधक को कहा की जबरन सड़क सफाई बीसीसीएल कर्मी नहीं करेंगे उनके भेजे जाने का विरोध किया। इसके बाद प्रबंधन ने मजदूरों को नहीं भेजा।कर्मियों का कहना है कि भगतडीह मे मुख्य सड़क की सफाई करने भेजा जाता है जो काफी जोखिम भरा है।इस मार्ग पर बेखौफ हाइवा चलते है।बड़े बड़े वाहन भी चलते है। सड़क सफाई के दौरान सांसे अटकी रहती है। कर्मियों के इंकार करने के बाद प्रबंधन ने मशीन भेजकर सफाई कराई। बता दे कि शुक्रवार को इसी मार्ग की सफाई करने को लेकर जनता मजदूर संघ (बच्चा गुट) ने राजापुर का ट्रांसपोर्टिंग कार्य रोक दिया था। जिसके बाद बस्ताकोला महाप्रबंधक जीसी राय और विधायक पुर्णिमा सिंह के बीच सड़क सफाई को लेकर वार्ता हुई थी। प्रबंधन ने सड़क की सफाई कराने की बात कही थी।


**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची।**



नाम–राम प्रधान उम्र–30 वर्ष,
रंग–साँवला ऊँचाई – 5 फीट, 6 ईंच,
पहचान चिह्न–मानसिक स्थिति ठीक नही है।

**सर्वसाधारण के लिए सूचना।**

उपरोक्त लापता पुरूष राम प्रधान पे0–स्व0 अनिल प्रधान सा0–गणेश मुहल्ला थाना–धुर्वा (तुपुदाना), जिला–राँची जो दिनांक–23.05.2023 को घर से बिना बताए कहीं चले गए जो आज तक अपने घर वापस नही आए जिसके संबंध में धुर्वा (तुपुदाना) थाना सनहा सं0–11/23, दिनांक–12.07.23 दर्ज कर खोजबिन की जा रही है। इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना की सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता पुरूष कहीं मिलतें/दिखते हैं तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक हटिया, राँची। –94317 06143
थाना प्रभारी तुपुदाना, राँची। –94317 06167

वरीय पुलिस अधीक्षक,
राँची।

PR 306080 (Police) 23-24 (D)



**झारखण्ड सरकार**
**कार्यालय, जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गुमला**
**SP आवास के पास, करमटोली रोड, गुमला–7209721521**
**Email Id- fisheriesgumla2018@gmail.com**

**"अति अल्पकालीन ईच्छा की अभिव्यक्ति"**

राज्यादेश संख्या 12 रा0(वि0) दिनांक 06.07.2023 के आलोक में एतद् द्वारा गुमला जिले के सभी मत्स्य बीज उत्पादकों को सूचित किया जाता है कि समेकित मात्स्यिकी को बढ़ावा देने हेतु तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजनान्तर्गत गुमला जिले के विभिन्न जलाशयों में मत्स्य अंगुलिकाओं के संचयन हेतु भारतीय मेजरकॉर्प (रोहु, कतला, मृगल) एवं ग्रास कार्प के मत्स्य अंगुलिकाओं की आवश्यकता है ।

इच्छुक मत्स्य बीज उत्पादकों से मत्स्य अंगुलिकाओं की आपूर्ति हेतु "इच्छा की अभिव्यक्ति" का आमत्रंण की जाती है । "इच्छा की अभिव्यक्ति" तकनीकी एवं वित्तीय प्रस्ताव के साथ दिनांक 09.09.2023 तक कार्यालय अवधि में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा किया जा सकता है। बाद में प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा ।

विदित हो कि मेजर कार्प मत्स्य अंगुलिकाओं के क्रय का सरकारी दर मो0 750.00 (सात सौ पचास) रू0 प्रति हजार परिवहन व्यय सहित तथा ग्रास कार्प मत्स्य अंगुलिकाओं का दर मो0 1500.00 (एक हजार पाँच सौ) रू0 प्रति हजार परिवहन सहित की दर से निर्धारित है ।

• मत्स्य अंगुलिकाओं के आपूर्ति से संबंधित शर्ते निम्नवत् होंगें :–

1. आपूर्तिकर्त्ता (मत्स्य बीज उत्पादक) को जलाशयों तक मत्स्य अंगुलिकाओं को अपने खर्च पर जीवित तथा स्वस्थ अवस्था में पहुँचाना होगा ।
2. आपूर्तिकर्त्ता (मत्स्य बीज उत्पादक) के द्वारा जिस तालाब में मत्स्य अंगुलिकाओं को तैयार किया जा रहा है, उस तालाब का पूर्ण विवरण/मत्स्य बीज उपलब्धता एवं पूर्ण पता से कार्यालय को अवगत करना अनिवार्य होगा, जिससे संचयन के पूर्व उनकी जाँच/सत्यापन कराई जा सके । विवरण प्रस्तुत करने हेतु विहित प्रपत्र कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है ।
3. जिन मत्स्य बीज उत्पादकों को अधोहस्ताक्षरी के स्तर से मत्स्य अंड बीज आपूर्ति की गई है उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी ।
4. आपूर्तिकर्त्ता (मत्स्य बीज उत्पादक) के प्रस्ताव/निविदा अथवा उनके द्वारा प्रदत्त मत्स्य अंगुलिकाओं को रद्द अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा ।
5. जलाशय में संचयन हेतु एक मत्स्य बीज उत्पादक से न्युनतम 50 हजार तथा अधिकतम 02 लाख मत्स्य बीज (मेजर कार्प अंगुलिकाएँ) ही क्रय किये जायेंगें ।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गुमला।

PR.NO.306053 Fish(23-24):D

## न्यूज रील्स

### राजस्थान में गांव वालों के सामने पत्नी को निर्वस्त्र घुमाया

प्रतापगढ़। राजस्थान के प्रतापगढ़ जिले के धरियावद में एक महिला को निर्वस्त्र कर घुमाने का मामला सामने आया है। पीड़िता के पति ने ही गांव वालों के सामने महिला को 1 किमी तक दौड़ाया। घटना 31 अगस्त की है। वीडियो वायरल होनेके बाद मामले का खुलासा हुआ। धरियावद (प्रतापगढ़) गेस्ट हाउस में सीएम अशोक गहलोत ने पीड़िता से करीब 20 मिनट तक बातचीत की। इस दौरान पीड़िता के माता-पिता भी साथ थे। सीएम ने पीड़िता को सरकारी नौकरी और 10 लाख रुपए मुआवजा देने की घोषणा की। उदर, पुलिस ने 10 नामजद अभियुक्तों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। अब तक सात लोगों को गिरफ्तार किया है।

### केंद्रीय कर्मियों के डीए में होगी चार फीसदी की बढ़ोतरी

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार में लगभग एक करोड़ से ज्यादा कर्मचारियों और पेंशनरों के लिए राहत की खबर है। पहली जुलाई से महंगाई भत्ता (डीए) और महंगाई राहत (डीआर) में चार फीसदी की वृद्धि होना लगभग तय है। जी20 शिखर सम्मेलन के बाद होने वाली केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में इस बढ़ोतरी को मंजूरी मिल सकती है। इस वृद्धि से केंद्रीय कर्मियों का डीए 42 से 46 प्रतिशत पर पहुंच जायेगा।

# बालासोर रेल हादसा में सीबीआइ की चार्जशीट में 3 अफसरों के नाम

- गैर-इरादतन हत्या और सबूत मिटाने के आरोप में सीनियर सेक्शन इंजीनियर अरुण कुमार मोहंता, सेक्शन इंजीनियर मोहम्मद आमिर खान और टेक्नीशियन पप्पू कुमार की 7 जुलाई को हुई थी गिरफ्तारी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** ओड़िशा के बालासोर में 2 जून को हुए रेल हादसे में सीबीआइ की चार्जशीट में तीन रेलवे अफसरों के नाम हैं। तीनों पर गैर-इरादतन हत्या और सबूत मिटाने के आरोप हैं। इनमें सीनियर सेक्शन इंजीनियर अरुण कुमार मोहंता, सेक्शन इंजीनियर मोहम्मद आमिर खान और टेक्नीशियन पप्पू कुमार शामिल हैं। 7 जुलाई को सीबीआइने तीनों आरोपियों को अरेस्ट किया था। 11 जुलाई को कोर्ट ने इन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। बता दें कि रेल हादसे में 293 से ज्यादा लोगों की मौत हुई थी और 1200 से ज्यादा लोग घायल हुए थे।

### तीनों जानते थे कि उनकी लापरवाही से हादसा हो सकता है

सीबीआइ ने जुलाई में कहा था कि इन तीनों की लापरवाही के कारण ही हादसा हुआ था। जांच एजेंसी ने यह भी दावा किया था कि तीनों आरोपी जानते थे कि उनकी लापरवाही से बड़ा हादसा हो सकता है। दुर्घटना की जांच कर रहे रेलवे सुरक्षा आयुक्त ने जुलाई के शुरूआती हफ्ते में हादसे के लिए सिग्नलिंग विभाग के कर्मचारियों की मानवीय भूल को जिम्मेदार ठहराया था।

**बालासोर हादसे की वजह बिना अप्रूवल पटरी रिपेयरिंग :** सीबीआइ ने भुवनेश्वर की स्पेशल कोर्ट में 24 अगस्त को अपनी रिपोर्ट पेश की। इसमें जांच एजेंसी ने बताया कि पटरी पर बिना अप्रूवल हो रहे मरम्मत कार्य की वजह से ट्रेन हादसा हुआ था। इससे पहले बहनागा बाजार स्टेशन के लेवल क्रॉसिंग गेट नंबर 94 पर बिना मंजूरी के मरम्मत का काम किया गया था। उइकने कहा कि सीनियर डिविजनल सिग्नल और टेलिकॉम इंजीनियर की मंजूरी के बिना ही वहां रिपेयरिंग वर्क हुआ था। इसके लिए सर्किट डायग्राम भी पास नहीं कराया गया था।

**ऐसे हुआ था हादसा :** 2 जून की शाम को चेन्नई जा रही कोरोमंडल एक्सप्रेस मेन लाइन के बजाय लूप लाइन में घुस गई, जहां मालगाड़ी खड़ी थी। ट्रेन मालगाड़ी से टकरा गयी। कोरोमंडल और मालगाड़ी की कुछ बोगियां बगल के ट्रैक पर बिखर गयीं। इसके थोड़ी देर बाद ही ट्रैक पर बिखरे डिब्बों से हावड़ा-बेंगलुरु एक्सप्रेस टकरा गयी। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, हादसे में 293 से ज्यादा लोगों की मौत हुई और 1100 से ज्यादा लोग घायल हुए।

**सीआरएस का दावा- हादसे की वजह सिग्नलिंग सिस्टम में खराबी :** हादसे की जांच सीबीआइ के अलावा रेलवे बोर्ड की ओर से कमिश्नर ऑफ रेलवे सेफ्टी (सीआरएस) ने भी की है। 3 जुलाई को उफ्र ने 40 पेज की रिपोर्ट बोर्ड को सौंपी थी। इसके मुताबिक, लेवल-क्रॉसिंग लोकेशन बॉक्स के अंदर तारों की गलत लेबलिंग की वजह से ऑटोमेटेड सिग्नलिंग सिस्टम में गड़बड़ी हुई, जो हादसे का कारण बनी। क्रॉसिंग लोकेशन बॉक्स में तारों की गलत लेबलिंग के बारे में सालों तक मालूम ही नहीं चला। मेंटेनेंस के दौरान भी इसमें गड़बड़ी हुई।

# एमसीएल ने कौशल प्रशिक्षण देने के लिए सीपेट के साथ किया समझौता




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**संबलपुर।** महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) ने कौशल प्रशिक्षण विकास परियोजनाओं के लिए सीआइपीइटी, भुवनेश्वर के साथ दो समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये। इन परियोजनाओं के तहत ओड़िशा के 1000 युवाओं को मशीन ऑपरेटर पाठ्यक्रम तथा 40 युवाओं को आइटीआइ पाठ्यक्रम में कौशल प्रशिक्षण प्रदान किये जायेंगे। यह सभी पाठ्यक्रम आवासीय हैं, जो सीआइपीइटी, भुवनेश्वर के कौशल प्रशिक्षण संस्थानों में प्रदान किये जायेंगे। महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड अपनी सीएसआर पहल के अंतर्गत 'कोविडा-2' के तहत इन परियोजनाओं के लिए 11.70 करोड़ रुपये प्रदान करेगी। एमसीएल द्वारा ओड़िशा राज्य में युवाओं के लिए स्थायी जीविका पैदा करने के लिए शुरू की गयी बहुत से विकासात्मक परियोजनाओं में से यह एक है। एमसीएल की ओर से सीएसआर के महाप्रबंधक रजनीकांत पाणिग्रही ने बीपी पात्रो, निदेशक एवं प्रमुख, सिपेट (भुवनेश्वर) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये।

# एनडीए प्रत्याशी यशोदा देवी के समर्थन में जगह-जगह नुक्कड़ सभा आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



प्रत्याशी यशोदा देवी का प्रचार करते केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, लक्ष्मण प्रसाद सिंह और अन्य।

**गिरिडीह।** गिरिडीह के डुमरी विधानसभा में उपचुनाव को लेकर निमियाघाट रेलवे स्टेशन के पास, ठाकुर पंचायत, रोसना टुंडा, अन्य जगहों पर नुक्कड़ सभा आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्र सरकार के आदिवासी कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा, पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह, बोकारो विधायक बिरंची नारायण, हटिया विधायक नवीन जायसवाल, विनय शर्मा, उदय सिंह आदि शामिल थे। सभी ने एनडीए प्रत्याशी यशोदा देवी के लिए जनता से भारी से भारी मतों से विजय बनाने की अपील की गयी।








# एक देश एक चुनाव पर बनी कमिटी में शाह, अधीर समेत आठ सदस्य नामित

- इनमें चार गैर राजनीतिक विशेषज्ञ



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** 'एक देश-एक चुनाव' पर केंद्र सरकार ने आठ सदस्यीय समिति का गठन कर दिया है। कानून मंत्रालय ने इसे लेकर एक अधिसूचना भी जारी की है। इसमें कहा गया है कि राष्ट्रीय हित में देश में एक साथ चुनाव कराना वांछनीय है। ऐसे में भारत सरकार एक साथ चुनाव कराने के मुद्दे की जांच करने के लिए उच्च स्तरीय समिति का गठन कर सकती है।

**आठ सदस्यीय समिति में कौन-कौन शामिल :** कानून मंत्रालय के मुताबिक, इस समिति का नेतृत्व पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद करेंगे। समिति में गृहमंत्री अमित शाह, कांग्रेस नेता अहीर रंजन चौधरी, राज्यसभा में विपक्ष के पूर्व नेता गुलाम नबी आजाद, वित्त आयोग के पूर्व अध्यक्ष एनके सिंह, लोकसभा के पूर्व महासचिव सुभाष सी कश्यप, वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे और पूर्व मुख्य सतर्कता आयुक्त संजय कोठारी शामिल हैं।

**विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में भाग लेंगे मेघवाल :** एक सरकारी अधिसूचना में कहा गया है कि कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में उच्च स्तरीय समिति की बैठकों में भाग लेंगे। समिति का गठन पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों से कुछ महीने पहले और अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले किया गया है। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने शुक्रवार को समिति के गठन की जानकारी दी थी।

**'संसद के विशेष सत्र में करूंगा एजेंडे पर चर्चा' :** उन्होंने कहा, 'अभी एक समिति का गठन किया गया है। समिति की एक रिपोर्ट सामने आएगी जिस पर चर्चा की जाएगी। संसद परिपक्व है, और चर्चा होगी, घबराने की कोई जरूरत नहीं है। भारत को लोकतंत्र की जननी कहा जाता है, यहां हमेशा विकास होता है। मैं संसद के विशेष सत्र के एजेंडे पर चर्चा करूंगा।'

# प्राण प्रतिष्ठा के बाद में रामलला के दर्शन का अभियान चलायेगा ट्रस्ट

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**अयोध्या।** रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। राममंदिर का करीब 70 फीसदी काम पूरा हो चुका है। वहीं, श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट रामलला के दर्शन का अभियान चलाने की योजना बना रहा है। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद देश के सभी राज्यों के रामभक्तों को अलग-अलग तिथियों पर अयोध्या आमंत्रित किया जायेगा। यहां आने पर उन्हें रामलला का दर्शन कराने के साथ प्रसाद भी भेंट किया जाएगा। यह अभियान मकर संक्रांति के बाद शुरू होगा।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट, विश्व हिंदू परिषद व राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ संयुक्त रूप से देशभर में रामलला दर्शन अभियान चलाए जाने की योजना तैयार कर रहे हैं। सभी 27 राज्यों को 40 इकाइयों ( प्रांतों ) में बांट कर अलग-अलग तिथियों पर राम भक्तों को रामलला का दर्शन कराया जायेगा। श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि रामलला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर तमाम सुझाव आ रहे हैं, उन पर विचार भी किया जा रहा है।

**मंदिर के दरवाजे व खिड़कियों का काम तेज :** राममंदिर का भूतल बनकर तैयार हो चुका है। अब केवल दरवाजे, खिड़की व फर्श का काम बाकी है। ट्रस्ट की रामसेवकपुरम व रामघाट स्थित कार्यशाला में मंदिर के दरवाजों व खिड़कियों की नक्काशी की जा रही है। दरवाजों पर गदा, चक्र, शंकर, गणेश, हाथी सहित अन्य धार्मिक चित्रों को उकेरा जा रहा है। महाराष्ट्र के सागौन की लकड़ी से मंदिर के दरवाजों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।






















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**